You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-61 | शनिवार, 30 मार्च 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

मुख्तार अंसारी की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। ऐसे में उनके परिवार का दु:खी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।
मायावती

ईडी ने खिचड़ी घोटाला में शिवसेना यूबीटी नेता अमोल कीर्तिकर को दूसरा समन जारी किया 11

खत्म हुआ मोजाम्बिक और तंजानिया की नौसेनाओं के साथ भारत का अभ्यास 12

सपा-बसपा के लिये परिवार और मोदी के लिये राष्ट्र सर्वोपरि : योगी

एजेंसी

❐ अमरोहा लोकसभा प्रबुद्ध सम्मेलन के दौरान भारतीय जनता पार्टी भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में

अमरोहा । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा बसपा और कंग्रेस के लिए परिवार पहले है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्रीय राजमार्ग 09 से सटे गांव निपनिया क्षेत्र स्थित शिक्षण संस्थान के मैदान में अमरोहा लोकसभा प्रबुद्ध सम्मेलन के दौरान भारतीय जनता पार्टी भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में श्री योगी ने कहा कि एक वोट देश की तक़दीर बदल सकता है। क्योंकि एक वोट से ही भारत वर्ष बन सकता है आर्थिक शक्तिए एक वोट से भारत माता का विरोध करने वाले को पहुंचाया था। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को हराकर जो गलती पिछली बार की थी इस बार सचेत रहने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा पांच सौ वर्षों के बाद वोट की ताकत ने ही राम मंदिर की आस्था का सम्मान दिलाया है। अपने वोट की कीमत पहचानिए। एक वोट की कीमत समाज को बतानी होगी। देश को दुनिया की महाशक्ति बनाने के लिए आंधी तूफान गर्मी की परवाह किए बगैर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक-एक वोट की कीमत है। सभी प्रबुद्ध वर्ग लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। समाजवादी पार्टी सपा बहुजन समाज पार्टी बसपा और कंग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की जबकि नरेंद्र मोदी की सरकार संतुष्टि की राजनीति करती है। देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परिवार है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश में ● शेष पेज 11 पर

सपा, बसपा और कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका: ब्रजेश पाठक

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कंग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलपाल कौर (लखीमपुर), पंजाबी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी (लखीमपुर), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुनीतपाल मोंटी अहलूवालिया (लखीमपुर) व सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हरपाल सिंह राना (लखीमपुर) शामिल रहे। इसके अलावा समाजसेवी राजिंदर सिंह नीटा (कानपुर), जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह (फतेहपुर), कंग्रेस के प्रदेश सचिव व डुमरियागंज विधानसभा से कंग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय (सिद्धार्थनगर), सपा प्रवक्ता जेबा याशमीन (लखनऊ), वरिष्ठ सर्जन डॉ. कौशल वर्मा (लखीमपुर), पूर्व चेयरमेन कल्पना बाजपेयी (लखीमपुर) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए लिया है। इस संकल्प की पूर्ति तभी हो सकेगी जब प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा की झोली में आएं। आप सभी को अपने क्षेत्रों में भाजपा को मजबूत करने के लिए जुट जाना है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है। पाठक ने कहा कि पूरे देश में जनता का गठबंधन ● शेष पेज 11 पर

भारत को कानून के शासन पर किसी देश से सबक लेने की जरूरत नहीं : उपराष्ट्रपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि भारत मजबूत न्यायिक प्रणाली वाला एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है जिससे कोई भी व्यक्ति या कोई समूह समझौता नहीं कर सकता है। भारतीय लोकतंत्र को अद्वितीय बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत को कानून के शासन पर किसी देश से सबक लेने की जरूरत नहीं है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के 70वें स्थापना दिवस समारोह को नई दिल्ली में संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि भारत में आज कानून के समक्ष समानता एक नया मानदंड है और कानून उन लोगों को जवाबदेह ठहरा रहा है जो खुद को कानून से परे मानते थे। धनखड़ ने कहा, ल्लेकिन हम क्या देखते हैं? जैसे ही कानून अपना काम करता है, वे सड़कों पर उतर आते हैं, ऊंची आवाज में बहस करते हैं और मानवाधिकारों के जरिए सबसे खराब प्रकृति के दोषी को छिपाते हैं। यह हमारी नाक के नीचे हो रहा है। भारतीय न्यायिक प्रणाली को मजबूत, जन-समर्थक और स्वतंत्र बताते हुए उन्होंने सवाल किया, ल्जब कानून लागू हो जाता है तो किसी व्यक्ति या संस्था या संगठन के लिए सड़कों पर उतरने का क्या औचित्य है? इस मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श का आह्वान करते हुए धनखड़ ने सवाल किया, ल्क्या लोग शिकायत मोड में काम कर सकते हैं, जो कानून के शासन से दूर जाने की एक खतरनाक प्रवृत्ति है? कानून के उल्लंघन में शामिल कोई व्यक्ति पीड़ित कार्ड कैसे खेल सकता है? उपराष्ट्रपति ने कहा कि भ्रष्टाचार अब अवसर, रोजगार या अनुबंध का मार्ग नहीं है। यह जेल जाने का रास्ता है। सिस्टम इसे सुरक्षित कर रहा है। उन्होंने इस तर्क पर भी ● शेष पेज 11 पर

राजूपाल हत्याकांड के छह दोषियों को उम्रकैद, एक को चार साल की सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड के सभी सात आरोपितों को लखनऊ के स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी करार दिया। कोर्ट ने छह दोषियों को उम्रकैद और एक को चार साल की सजा सुनाई है। पुलिस हिरासत में मारे गए अतीक अहमद और अशरफ भी राजू पाल हत्याकांड में नामजद थे। जिंदा बचे सात आरोपितों- आबिद, फरहान, जावेद, अब्दुल कवी, गुल हसन, इसरार और रंजीत पाल को दोषी करार दिया गया है। इनमें से आबिद, जावेद, अब्दुल कवी, गुल हसन, इसरार और रंजीत पाल को आजीवन कारावास और 50-50हजार रुपये की सजा सुनाई गई है। वहीं फरहान को अवैध हथियार रखने का दोषी माना गया है। उसे चार साल की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा हुई है। उल्लेखनीय है कि 25 जनवरी 2005 को तत्कालीन बसपा विधायक ● शेष पेज 11 पर

राष्ट्रीय सैन्य उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सशस्त्र बलों में एकजुटता महत्वपूर्ण : नौसेना प्रमुख

नयी दिल्ली । नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने राष्ट्रीय सैन्य उद्देश्यों को हासिल करने के लिए सशस्त्र बलों में एकजुटता और एकीकरण के महत्व पर बल दिया है। नौसेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि एडमिरल कुमार ने गुरुवार को स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन का दौरा किया और 79 वें स्टाफ कोर्स में भाग ले रहे सशस्त्र बलों के शीर्ष अधिकारियों को संबोधित किया। नौसेना प्रमुख ने भारत की समुद्री विरासत और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्रीय विशिष्टता स्थापित करने में देश के भूगोल के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने आत्मनिर्भरता के सिद्धांतों को लागू करते हुए भारतीय नौसेना के युद्ध के लिए तत्परए विश्वसनीयए एकजुट और भविष्य के लिए ● शेष पेज 11 पर

संक्षेप

आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व श्रमायुक्त को दो साल के जेल की सजा

नई दिल्ली। हैदराबाद स्थित सीबीआई के स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में तत्कालीन सहायक श्रम आयुक्त को दो वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। हैदराबाद के तत्कालीन सहायक श्रम आयुक्त थोडी रमेश के विरुद्ध सीबीआई ने 01 दिसंबर 2006 को आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था।

सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ीं

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जेल में 10 करोड़ रुपये की उगाही के मामले की अब सीबीआई जांच होगी। सरकारी सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय ने इसके लिए शुक्रवार को मंजूरी दे दी। सत्येंद्र जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मई 2022 में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन दिनों महाठग सुकेश चन्द्रशेखर तिहाड़ जेल में बंद था। सुकेश चन्द्रशेखर ने सरंक्षण देने के एवज में सत्येंद्र जैन पर कथित तौर पर 10 करोड़ रुपये लेने का आरोप लगाया था।
इस मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसी वर्ष फरवरी माह के दौरान इसकी सीबीआई जांच कराने के लिए गृह मंत्रालय से अनुरोध किया था। उप-राज्यपाल ने पीओसी अधिनियम की धारा 17ए के तहत जैन पर मुकदमा चलाने व सीबीआई जांच करने की मंजूरी देने के लिए गृह मंत्रालय को एक प्रस्ताव भी भेजा था। इसे गृह मंत्रालय ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी।

मुंचिंग-पुट साजिश मामले में एनआईए ने आठवें आरोपित के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को नक्सली विचारधारा के प्रति युवाओं को कट्टरपंथी बनाने मामले में आठवें आरोपित के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया। विशाखापट्टनम में एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष दायर अपने पहले पूरक आरोपपत्र में एजेंसी द्वारा रामक्कागिरी चंद्रा पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी: अनुराग ठाकुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ खुद को क़ानून से ऊपर समझते हैं कांग्रेसी नेता

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कंग्रेस के पास पैसे ना होने वाले राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए आज यहां कहा कि कंग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। इसके नेता ख़ुद को देश के क़ानून से ऊपर समझते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश का पहला रक्षा घोटाला 1947 में जीप घोटाला कंग्रेस के कार्यकाल में हुआ। इन्हीं की सरकार के समय बोफोर्स घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला समेत अन्य कई घोटाले हुए। इतने सारे पैसे कहां गए? राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे पर इनकम टैक्स नहीं लगता परन्तु सभी दलों को इनकम टैक्स रिटर्न भरना होता है। क्या कंग्रेस इतनी व्यस्त थी कि वह इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भर पाई? क्या इनके लिए हम नए कानून बना दें ताकि यह भ्रष्टाचार करें और इनके ऊपर कार्रवाई ना हो? यह इनकम टैक्स रिटर्न ना भरें और इनसे कोई पूछे भी ना? देश के कानून, नियम और संस्थाएं देश के संविधान के नियम से चलती हैं। अगर देश के अन्य सभी राजनीतिक दल अपना इनकम टैक्स रिटर्न भर सकते हैं तो राहुल गांधी की पार्टी क्यों नहीं भर सकती? अनुराग ठाकुर ने कहा कि इंदिरा जी का समय देखेंगे तो आपातकाल के समय मीडिया को दबाया गया, आम लोगों को भी दबाया गया और पॉलीटिकल पार्टी को भी दबाया गया। आज मोदी के नेतृत्व वाले भारत में आम लोगों के साथ-साथ ● शेष पेज 11 पर

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गहरी खाई में गिरा वाहन, 10 लोगों की मौत

जम्मू। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के पास पहाड़ी रामबन जिले में गुरुवार देर रात एक वाहन के गहरी खाई में गिरने के कारण 10 लोगों की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना गुरुवार देर रात 1.30-2.00 बजे के बीच हुई जब जम्मू की ओर से श्रीनगर की ओर जा रही टवेरा (यात्री कैब) गहरी खाई में जा गिरी। बचावकर्मियों ने अब तक दुर्घटनाग्रस्त वाहन से 10 शव बरामद कर लिए हैं। मृतकों में वाहन चालक जम्मू के अंब घ्रोथा के बलवान सिंह (47) और बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपिन मुखिया भैरगंग शामिल हैं। मृतक मजदूर प्रतीत होते हैं जो काम के लिए श्रीनगर जा रहे थे। फिलहाल अभी तक यात्रियों की सटीक संख्या का पता नहीं चला है। अभी तक गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं मिल पाया है। बरामद शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत पाए गए। एएसपी रामबन गौरव महाजन ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रामबन और थाना प्रभारी रामबन की देखरेख में पुलिस दल बचाव कार्य कर रहे हैं। अब तक 10 क्षत-विक्षत शव बरामद ● शेष पेज 11 पर

मुख्तार अंसारी की मौत मामले की न्यायिक जांच के आदेश

एजेंसी

बांदा। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बांदा जेल में रहते हुए जेल प्रशासन और शासन पर तरह-तरह के आरोप लगते रहे हैं। अब जब मुख्तार अंसारी की मौत हो गई तो इस मामले में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज भी सवालों के घेरे में आ गया है। इलाज के लिए भर्ती कराए गए मुख्तार अंसारी को 14 घंटे बाद स्वस्वस्थ बताकर मेडिकल कॉलेज से हटाकर जेल में शिफ्ट करना और इसके एक दिन बाद हार्ट अटैक से मौत होना, मामले को संदेहास्पद बना रहा है। हालांकि इस मामले में सीजेएम ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। मुख्तार अंसारी के वकील ने 19 मार्च को बाराबंकी कोर्ट में मुख्तार को खाने में जहर दिए जाने का आरोप लगाया था। इसके बाद 25 मार्च को रात में अचानक मुख्तार अंसारी की जेल में तबीयत बिगड़ी। इसे 26 मार्च को तड़के चार बजे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मेडिकल कॉलेज द्वारा जारी की गई बुलेटिन में उसे साधारण कब्ज की बीमारी से पीड़ित बताया गया। 14 घंटे बाद उसे स्वस्थ बताते हुए पुनः शाम को लगभग 6.15 बजे मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज कर दिया गया।

मेडिकल कॉलेज से मुख्तार को लाकर उसे जेल के अस्पताल में रखने के बजाय तन्हाई वाले बैरक में शिफ्ट किया गया। 27 मार्च को डॉक्टरों की टीम ने जेल में पहुंचकर मुख्तार की जांच की और उसकी हालत में सुधार बताया। इसके बाद 28 मार्च को अचानक मुख्तार अंसारी की तबीयत फिर बिगड़ गयी। बीमारी की जानकारी ● शेष पेज 11 पर

बांदा जेल घटना के बाद पूरे राज्य में शांति व्यवस्था कायम : अमिताभ यश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने शुक्रवार को यहां कहा कि बांदा जेल में घटित घटना के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम है। किसी प्रकार की कोई घटना अभी तक नहीं हुई है। अमिताभ यश ने पत्रकारों ● शेष पेज 11 पर

मुख्तार अंसारी की जेल में हुई मौत मामले की उच्च स्तरीय जांच हो : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मुख्तार अंसारी की जेल में हुई मौत मामले की उच्च-स्तरीय जांच की मांग सरकार से की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मुख़्तार अंसारी की जेल में हुई मौत को लेकर ● शेष पेज 11 पर

भाजपा तमिलनाडु में बाजी पलटने वाली है : मोदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमाम राजनीतिक विश्लेषकों के हवाले से दावा किया कि भाजपा तमिलनाडु में बाजी पलटने वाली है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ गुस्सा चुनाव के दौरान निकलेगा।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को नमो ऐप के माध्यम से तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में नौ पार्टियां एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं। ये 'नौ रत्न' एक साथ आए हैं और इनमें बहुत बड़ी ताकत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एनडीए के सभी सदस्य हर बूथ पर मिलकर काम करेंगे। मोदी ने कहा कि भाजपा आज महिला नेतृत्व वाले विकास के मॉडल पर काम कर रही है। हमारी प्रतिबद्धता भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की है और महिलाएं इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके और उसके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, नशा और परिवारवाद को लेकर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इनके सत्ता में आने के बाद से राज्य में शासन की हालत खराब है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसे सभी मुद्दों को ● शेष पेज 11 पर

भारत की आध्यात्मिक चेतना के अग्रदूत स्वामी स्मरणानंद का निधन एक व्यक्तिगत क्षति है : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन एवं मठ के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व स्वामी स्मरणानंद का समाधिस्थ होना व्यक्तिगत क्षति जैसा है। प्रधानमंत्री ने अपने एक भावपूर्ण लेख में कहा कि लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान ● शेष पेज 11 पर

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जम्मू के रामबन हादसे पर जताया दुख, मुआवजे की घोषणा की

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में एक कार के खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजनों के लिए दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन क्षेत्र में एक गाड़ी के खाई में गिरने से अनेक लोगों के हताहत ● शेष पेज 11 पर

रक्षा सचिव ने भारतीय तटरक्षक सुविधा केंद्रों का किया दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ ओखा में होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन

❐ राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा करने में आईसीजी की भूमिका को सराहा

नई दिल्ली । रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने उत्तर पश्चिम क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक सुविधा केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ओखा में होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई (एचएमयू) के लिए बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया। उनकी पत्नी गायत्री अरमाने ने शुक्रवार को इनज विलेज वेरावल में तटरक्षक आवासीय क्षेत्र के आवासों का उद्घाटन किया। रक्षा सचिव ने राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा करने में आईसीजी की भूमिका को सराहा। गुजरात के तट, कच्छ की खाड़ी, अधिकार क्षेत्र में आने वाले 50 द्वीपों के उथले पानी और आर्द्रभूमि की निगरानी के लिए ओखा और जखाऊ में होवरक्राफ्ट तैनात किए गए हैं। एचएमयू समय-समय पर तकनीकी सहायता, रखरखाव और मरम्मत की सुविधा देकर किसी भी परिचालन आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमेशा तैयार स्थिति में रहेगी। इस एचएमयू में तकनीकी सहायता के लिए पार्किंग, कार्यालय भवन, कार्यशाला और रखरखाव क्षेत्र शामिल हैं। उद्घाटन किए गए इनज विलेज वेरावल में तटरक्षक आवासीय क्षेत्र में 60 आवास, सभी मौसम में कार्यरत एक हेलीपैड, अधीनस्थ अधिकारियों और नाविकों के लिए आवास, एक परेड ग्राउंड और एक भोजनालय शामिल हैं। वेरावल में हेलीपैड होने से विभिन्न कार्यों के लिए रणनीतिक फायदा मिलेगा। इसमें समुद्री आपात स्थिति, ● शेष पेज 11 पर

मुख्तार के अंत से मऊ समेत पूर्वांचल की राजनीति से माफियावाद भी हुआ खत्म

एजेंसी

मऊ । सदर के पूर्व विधायक और माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर शाम हार्ट अटैक से मौत हो गई। फिलहाल वह बांदा जेल में बंद थे और काफी बीमार चल रहे थे। हाल ही में उनको बांदा के मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी हालत स्थिर होने पर फिर से उन्हें मंडल कारागार बांदा भेज दिया गया था। मुख्तार अंसारी मऊ से रिकॉर्ड पांच बार विधायक रहे और कई मामलों में सलाखों के पीछे चल रहे थे। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल को माफिया मुख्तार का गढ़ मना जाता रहा है। माफिया से राजनेता बने मुख्तार अंसारी के ऊपर भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या से लेकर दंगे तक के लगभग 61 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से कई मुकदमों में उसे सजा भी हो चुकी थी।

1996 से शुरू हुई सक्रिय राजनीति का 2022 में अंत

90 के दशक में गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी और जौनपुर में सरकारी ठेकों को लेकर गैंगवार शुरू हो गए थे। इस दौर में इन जिलों में सबसे चर्चित नाम रहा मुख्तार अंसारी का। मुख्तार अंसारी 1996 में पहली बार बसपा से मऊ सदर से विधायक बना और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुख्तार ने मऊ को अपना गढ़ बनाया और यहां से लगातार पांच बार 2022 तक विधायक रहा। मुख्तार अंसारी ने 2002 में बसपा से टिकट न मिलने पर निर्दल मऊ सदर से चुनाव लड़ने का फैसला किया और जीत हासिल की। उसके बाद उसने अपनी खुद की पार्टी का गठन किया और कौमी एकता दल के नाम से चुनाव मैदान में उतर गया और लगातार दो बार जीत हासिल की। 2017 के विधानसभा चुनाव में मुख्तार ने एक बार फिर बसपा का दामन थामा और अपनी पार्टी कौमी एकता दल का बसपा में विलय कर लिया और जीत हासिल की। 2022 में विधान सभा चुनाव में किन्ही कारणों से उसने चुनाव लड़ने से मना कर दिया और इस सीट पर अपने बेटे अब्बास अंसारी को मैदान में उतारा और मुख्तार की विरासत मऊ सदर पर अब्बास ने जीत हासिल कर ली। 30 जून 1963 को गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद में सुबहानउल्लाह अंसारी और बेगम राबिया के घर जन्में मुख्तार अंसारी तीन भाईयों में सबसे छोटे थे। मुख्तार की पत्नी अफशां अंसारी से मुख्तार के दो बेटे अब्बास अंसारी व उमर अंसारी हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के लगभग दो दर्जन लोकसभा और 120 विधानसभा सीटों पर माफिया मुख्तार अंसारी का सीधा या आंशिक प्रभाव माना जाता रहा है।

मुख्तार की मौत को अखिलेश ने बताया सरकारी अराजकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्तार अंसारी की मौत को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकारी अराजकता करार दिया है और इसे यूपी में कानून व्यवस्था का शून्य काल बताया है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा है कि इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। वहीं स्वामी प्रसाद मौर्या ने एक्स पर लिखा कि स्वाभाविक हत्या नहीं, यह साजिश प्रतीत होता है। अखिलेश यादव ने अपने 'एक्स' पर लिखा,' हर हाल में और हर स्थान पर किसी के जीवन की रक्षा करना सरकार का सबसे पहला दायित्व और कर्तव्य होता है। सरकारों पर निम्नलिखित हालातों में से किसी भी हालात में, किसी बंधक या क़ैदी की मृत्यु होना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा।' उन्होंने आगे लिखा,' बीमार होने पर - न्यायालय ले जाते समय - अस्पताल ले जाते समय - अस्पताल में इलाज के दौरान - झूठी मुठभेड़ दिखाकर - झूठी आत्महत्या दिखाकर - किसी दुर्घटना में हताहत दिखाकर ऐसे सभी संदिग्ध मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जाँच होनी चाहिए। सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वह पूरी तरह ग़ैर क़ानूनी है। जो हुकूमत जिंदगी की हिफ़ाज़त न कर पाये उसे सत्ता में - थाने में बंद रहने के दौरान - जेल के अंदर आपसी झगड़े में - जेल के अंदर बने रहने का कोई हक़ नहीं। उप्र 'सरकारी अराजकता' के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। ये यूपी में 'क़ानून-व्यवस्था का शून्यकाल है।

वहीं स्वामी प्रसाद मौर्य ने लिखा, ह्लस्वामी यह स्वाभाविक मौत नहीं हत्या की साजिश प्रतीत होती है, पहले डाक्टरों के पैनल ने अस्पताल से डिस्चार्ज किया और कुछ घंटो बाद ही उनकी मौत, पारिवारिजनों द्वारा लगाए गये हत्या की साजिश की पुष्टि करती है। अतः पूरे घटना क्रम की जांच मा. उच्च न्यायालय की देखरेख में होना चाहिए यहाँ तक कि पोस्टमार्टम भी मा. उच्च न्यायालय के किसी जज के अभिरक्षण में ही किया जाना चाहिए, जिससे कि न्याय का गला घोटने वालों का चेहरा बेनक़ाब हो सके तथा थानो, जेलों, पुलिस अभिरक्षण में साजिशन किये जा रहे इस प्रकार के हत्याओं के फैशन पर विराम लग सके।

योगी सरकार में मुख्तार को एक साल छह माह के अंदर आठ मुकदमों में सुनाई गई थी सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अन्तर-जनपदीय गैंग (आईएस-191) के गैंग लीडर माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की गुरुवार की रात बांदा के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टर मौत की वजह हार्ट अटैक बता रहे हैं। इधर, रात में ही पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर शव उनके पैतृक गांव गाजीपुर ले जाने की योजना बना रही है। पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। मुख्तार अंसारी के आपराधिक रिकॉर्ड की बात करें तो नई दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश के कई जिलों में करीब 65 आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। इन 65 मामलों में 21 अभियोगों का विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं। ऑपरेशन कॉन्विक्शन के तहत अभियुक्त मुख्तार के मुकदमों की जा रही पैरवी के चलते बीते एक साल छह माह के अंदर आठ मुकदमों में न्यायालय की ओर से सजा सुनाई जा चुकी हैं। वर्ष 2020 से पुलिस मुख्यालय स्तर पर मुख्तार अंसारी गैंग के 297 सदस्य और सहयोगियों को चिन्हित करते हुए 161 अभियोग दर्ज किए गए। 175 लाइसेंसी शस्त्र धारकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। गैंग से संबंधित पांच माफिया और सहअपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। 164 अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगस्टर अधिनियम एवं छह अभियुक्तों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के कार्रवाई करते हुए 608 करोड़ रुपये से अधिक की सम्पत्ति जब्त या तो धवस्त की गई है। माफिया के 215 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अवैध व्यवसाय भी बंद कराए गये।

लौकी और कद्दू के पूरे रेट पा रहे किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ में सीतापुर रोड स्थित नवीन मंडी में लौकी और कद्दू की जोरदार मांग है।किसान अपने पैदावार लौकी और कद्दू के पूरे रेट पा रहे है। मंडी में लौकी का रेट 12 सौ रुपये प्रति कुंटल है तो कद्दू के रेट में भी ज्यादा फर्क नहीं है। कद्दू का रेट 1250 रुपये प्रति कुंटल प्रत्येक किसान को मिल रहा है। बाराबंकी से नवीन मंडी पहुंचें किसान संतोष वर्मा और उनके साथी ने कहा कि सामूहिक प्रयास से लौकी और कद्दू उगाया जा रहा है। बहुतायत में उगने वाली यह सब्जियां उपयोग में लाने के बाद मंडी में बेच दी जाती हैं। मेहनत लागत के अलावा भाड़ा जोड़कर जो रेट मंडी में मिल रहा है, उससे वह संतुष्ट है। उन्होंने कद्दू को मंडी में 12 सौ रुपये के रेट से बेचा है, जबकि कुछ घंटे के बाद पचास रुपये रेट अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि किसान को उसके पैदावार को पूरा रेट मिलने पर बेहद खुशी होती है। कद्दू की मांग गर्मी के मौसम में पूरे समय बनी रहती है। वैसे भी कद्दू और लौकी की खपत शहरी क्षेत्र में ज्यादा होती है। लखनऊ तो लौकी और कद्दू का बहुत बड़ा बाजार है। जिससे आसपास के जनपदों के किसानों को बड़ी राहत रहती है। नवीन मंडी से होलसेल रेट पर सब्जियां खरीदकर फुटकर में बेचने वाले नौशाद ने बताया कि लखनऊ शहर में लोगों को लौकी बेहद पसंद है। पूरे वर्ष लौकी की मांग बनी ही रहती है। गर्मियों के मौसम में मांग बढ़ जाती है। उन्होंने मंडी से 14 सौ रुपये कुंटल के रेट से कद्दू खरीदा है, जिसे फुटकर में 20 रुपये प्रति किलो की दर से वह बेचने वाला है। उन्होंने बताया कि दो सौ रुपये मंडी का टैक्स देना पड़ता है। किसान से पैदावार खरीदने वाले मंडी दुकानदार अपना दो सौ रुपये प्रति कुंटल रखकर ही हमें सब्जी बेचने को देते हैं। इस कारण किसान से मंडी आने वाले सब्जी दो सौ रुपये ज्यादा मूल्य पर उन्हें मिलती है। इसके बाद छह सौ रुपये प्रति कुंटल की कमाई वे नहीं करेंगे तो उनका परिवार कैसे चलेगा। वैवाहिक लॉन में बिजली की सजावट और कैटरिंग का कार्य करने वाले आशीष ने बताया कि शादी के मौसम में कोफ्ता और रायता बनाने के लिए लौकी खरीदी ही जाती है। कद्दू को तो विशेष रुप से बनाते है। काबली चना के साथ कद्दू, कद्दू का हलवा वैवाहिक कार्यक्रमों में देखा जाता है। लौकी और कद्दू तो भोज भंडारा में सबसे पहले बनता ही रहा है।

कानपुर न्यायालय पेशी के दौरान फरार गैंगस्टर चौबीस घंटे में गिरफ्तार

कानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। न्यायालय में पेशी के दौरान गुरुवार को फरार गैंगस्टर को पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने पच्चीस हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस उपायुक्त पूर्वी एसके सिंह ने शुक्रवार को बताया कि कोर्ट में पेशी के दौरान गैंगस्टर का अभियुक्त सोनू सिंह फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पच्चीस हजार का इनाम घोषित करते हुए पांच टीमें लगायी गई थी। परिणाम स्वरूप ऑपरेशन त्रिनेत्र में लगे कैमरों की मदद से इनामी को 24 घण्टे के अन्दर ही कोतवाली पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

उप्र में लोकसभा चुनाव के दौरान 1479 लाख नकदी, 3527 लाख की ड्रग जब्त

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को एक जारी बयान में बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने एक मार्च से 28 मार्च तक 1479.20 लाख रुपये नकद धनराशि, 2242.06 लाख रुपये कीमत की 632245.35 लीटर शराब, 3527.60 लाख रुपये कीमत की 4499949.66 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 1.43 लाख रुपये के 298 मुफ्त उपहार एवं 112.34 लाख रुपये कीमत की 896.21 अन्य सामग्री जब्त की गयी। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभी तक कुल 9140.81 लाख रुपये कीमत की ड्रग, नकदी, मुफ्त उपहार, शराब, बहुमूल्य धातुएं व अन्य सामग्री जब्त किया है। 28 मार्च को निर्वाचन टीमों की सक्रियता के कारण जनपद गाजीपुर की गाजीपुर विधानसभा क्षेत्र में दो करोड़ रुपये अनुमानित कीमत की एक किलोग्राम ड्रग को पकड़ कर जब्त किया गया है। नवदीव रिणवा ने बताया कि जनपदों में निर्वाचन की टीमों की कार्रवाईयों में जनपद बहराइच की नानपारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 74 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 7.4 किलोग्राम ड्रग तथा जनपद गाजियाबाद की गाजियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.54 लाख रुपये नकद धनराशि पकड़ी गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियां प्रत्येक संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखकर जब्त की कार्रवाई कर रही है।

निर्धारित अवधि के अंदर बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चित्रकूट । माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरी तरह समाप्त हो चुका है। उपनियंत्रक रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि इस वर्ष मूल्यांकन केन्द्र हाईस्कूल एवं इण्टर की परीक्षा की 1,13,662 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने उप नियंत्रक सहित सभी परीक्षको को निर्धारित समय के भीतर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा करने के लिए बधाई दी।

इस वर्ष हाई स्कूल में 63453 और इण्टर में 50209 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी गई थी। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल में 25 और इण्टर में 40 टोली लगाई गई थी। सभी विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। अब सभी विषयों के अवार्ड ब्लैंक (अंक सूची) परिषद कार्यालय को भेज दिए गए हैं। जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का उप प्रधान परीक्षकों की देखरेख में अंकेक्षण भी कराया जा रहा है। मूल्यांकन कार्य को व्यवस्थित ढंग से सम्पादित कराने में परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला, सतीश रैकवार, डॉ रमेश सिंह चंदेल, फूलचंद चंद्रवंशी, डॉ आलोक शुक्ला, रामगोपाल दुबे, लालमन, प्रवीण त्रिपाठी, शिवाधार पांडेय, जयप्रकाश यादव, पवन कुमार, अमित द्विवेदी, रामबचन सिंह, विनय त्रिपाठी, राकेश, अजीत सोनकर, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, तीरथ प्रसाद कुशवाहा, गौरीश कुमार तिवारी, जयप्रकाश, मनोज पांडेय, ललक यादव, प्रदीप शुक्ला, वीरेंद्र गर्ग आदि मौजूद रहे। उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चैहान ने सभी उप प्रधान परीक्षकों व सहायक परीक्षको से मूल्यांकन के पारिश्रमिक भुगतान के लिए पावना पत्र परीक्षा कार्यालय को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है।

कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह के टिकट को लेकर असमंजस में भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के लोकसभा टिकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी असमंजस में है। लोकसभा के दूसरे चरण का नामांकन शुरू हो गया है लेकिन अभी तक कैसरगंज से भाजपा अपना उम्मीदवार घोषित नहीं कर पाई है। वहीं सपा व बसपा ने भी बृजभूषण के इंतजार में यहां से अभी तक अपने प्रत्याशी नहीं उतारे हैं। महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोपों में घिरे बृजभूषण का टिकट कटना तय माना जा रहा है। क्योंकि उत्तर प्रदेश से मात्र दर्जन भर सीटों पर ही भाजपा प्रत्याशी घोषित होने बाकी हैं। इनमें कैसरगंज लोकसभा सीट भी शामिल है। जिन सीटों पर भाजपा ने अभी तक प्रत्याशियों के नामों का एलान नहीं किया है उनमें से अधिकांश मौजूदा सांसदों के टिकट कटने की आशंका है। ऐसे में यदि बृजभूषण सिंह का टिकट भाजपा काटती है तो निश्चित ही वह सपा या बसपा की ओर रूख कर सकते हैं। इसलिए कैसरगंज से सपा व बसपा ने अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। बृजभूषण सिंह 2009 में समाजवादी पार्टी से सांसद रह भी चुके हैं। भाजपा इसबार कैसरगंज से बृजभूषण सिंह के बेटे या उनकी पत्नी को टिकट दे सकती है। क्योंकि भाजपा के पास वहां पर कोई मजबूत दावेदार नहीं है। हलांकि तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय व करनैलगंज विधायक अजय सिंह और कटराबाजार विधायक बावन सिंह का नाम विकल्प के तौर पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व के पास भेजा गया है। हालांकि इस बारे में अभी तक मौजूदा सांसद बृजभूषण सिंह का बयान सामने नहीं आया है। स्थानीय पत्रकार संजीव श्रीवास्तव का कहना है कि यह माना जा रहा है कि भाजपा बृजभूषण सिंह के परिवार के ही किसी सदस्य को टिकट देगी। अगर उनके परिवार के बाहर किसी को टिकट दिया गया तो सपा व बसपा में उनके लिए दरवाजे खुले हैं।

मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक जांच हो : माले

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाकपा (माले) ने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की बांदा में मौत की न्यायिक जांच की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि अंसारी की मौत हत्या भी हो सकती है, इसलिए सच्चाई को सामने लाने के लिए न्यायिक जांच जरुरी है। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि मौत से पहले पूर्व विधायक ने अदालत में एक बार कहा था कि उन्हें मारने के लिए खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है, जिससे वे अस्वस्थ हो गए थे। पिछले दिनों जब इलाज के लिए उन्हें बांदा के मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया था, तब उनके बड़े भाई व सांसद अफजाल अंसारी ने उनसे मिलने के बाद कहा था कि मुख्तार को जहर देकर मारने की कोशिश की जा रही है। ताकि वे माफिया ब्रजेश सिंह के खिलाफ गवाही न दे सकें, क्योंकि मुख्तार की गवाही होने पर ब्रजेश को सजा हो सकती है। सांसद ने आरोप लगाया था कि मुख्तार को मारने की साजिश में जेलकर्मी, अफसर व सरकार की संलिप्तता है। इसी बीच मुख्तार की मौत और घटना में परिस्थिति जन्य साक्ष्य से उनकी हत्या की आशंका प्रबल हो जाती है। इसलिए मामले में न्याय करने के लिए निष्पक्ष और उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो। सरकार द्वारा घोषित मजिस्ट्रेटी जांच अपर्याप्त है।

मुख्तार के चार दशकों के माफियाराज पर योगी सरकार ने कसी नकेल, साल 2022 में पहली बार हुई सजा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुख्यात माफिया या यू कहें बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को 40 सालों तक कोई अदालत, कोई कानून उसे सजा नहीं दे पाया और उस पर कुल 65 मामले दर्ज रहे। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी बीते चार दशकों तक अपराध की दुनिया का बड़ा नाम रहा और राज करता रहा। लेकिन उसे पहली सजा सितम्बर 2022 में तब हुई जब प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार दुबारा बनी। आंकड़ों की बात करें तो मुख्तार पर ही 65 मामले दर्ज हैं। वहीं, उसकी पत्नी अफसा अंसारी पर 11 मुकदमे दर्ज हैं। मुख्तार के बेटे अब्बास पर आठ और छोटे बेटे उमर पर छह केस दर्ज हैं। मुख्तार की बहू निखत पर भी एक मुकदमा दर्ज है। इतना ही नहीं मुख्तार के भाइयों अफजाल पर सात मामले तो सिगबतुल्लाह अंसारी पर तीन केस चल रहे हैं।

सेना के जवान की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात। झींझक थाना क्षेत्र के किशनपुर में संदिग्ध हालात में आग से झुलसे सेना के जवान का शव गुरुवार की सुबह गांव पहुंचा। मृतक जवान की मां ने बहू के खिलाफ बेटे पर मिट्टी का तेल डालकर जला देने का आरोप लगाकर तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, सेना के जवानों ने सलामी देकर पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कराया।गुरुवार सुबह 10 बजे जवान चरन सिंह (35) का पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचने में कोहराम मच गया। बेटी रानी, बेटा कृष्णा व बूढ़ी मां रामकली बिलखती रहीं। सीओ डेरापुर शिव ठाकुर की मौजूदगी में सेना के जवानों ने चरन सिंह को सलामी दी। बेटे कृष्णा ने पार्थिव शरीर को इधर मुखाग्नि दी। जवान की मां रामकली ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसका बेटा वर्ष 2009 में सेना में भर्ती हुआ था। वह जम्मू में पंजाब रेजीमेंट के सूबेदार के पद पर तैनात था। कुछ दिन पहले होली मनाने छुट्टी लेकर घर आया था। 26 मार्च की दोपहर को बेटा कमरे में सो रहा था तभी बहू ने उस पर मिट्टी का तेल डाल आग लगा दी। इसके बाद बहू कागजात व अन्य सामान लेकर घर से भाग गई। बुधवार सुबह लखनऊ के कमांडो अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। निरीक्षक देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि पत्नी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ हो रही है। पंजाब रेजीमेंट से आए एसएस रावत ने पुलिस से घटना के बारे में जानकारी ली। तहरीर को भी पढ़ा। इसके बाद पुलिस कार्रवाई की बात कही। इधर पुलिस ने मृतक जवान के बेटे कृष्णा से पूछताछ की। बेटे ने पुलिस को वताया कि 26 मार्च को मम्मी-पापा में बहस हुई थी। इसके कुछ देर बाद पापा जल गए। पुलिस ने पीड़ित परिवार व बच्चों को ढांढस बंधाया।

जिलाधिकारी ने की जिला समन्वय समिति की बैठक, दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात । जिलाधिकारी आलोक सिंह के अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के जनपदीय टास्क फोर्स/ अंतर विभागीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद में 01अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा, जिसके दृष्टिगत विभिन्न ब्लॉको पर ब्लाक स्तरीय अंतर समन्वय समिति की बैठक कर ली गई है तथा विभागों से माइक्रोप्लान प्राप्त हो चुके हैं। जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मुख्य रूप से सार्वजनिक भवनों, धार्मिक स्थलों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों, सीएचसी, पीएचसी, ऑनगाबड़ी केन्द्र, विद्यालय आदि के आसपास नालियों की सफाई, झाड़ियां की कटाई, एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग आदि से संबंधित गतिविधियों पर विशेष जोर दिए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ व अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देश दिये कि संचारी रोग अभियान के दौरान शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा वर्तमान समय में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है ऐसे में अभियान चलाकर एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग से संबंधित गतिविधि प्रत्येक कस्बों व गांवो में संचालित कराई जाए, इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता ना बरती जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पूरे अभियान की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को सूअर बाड़ो, अन्य पशु बाड़ो के आसपास सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थान पर जलभराव न होने पाए, जहां पर भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो वहां एंटीलार्वा का छिड़काव किया जाए, संचारी रोग से संबंधित समस्त गतिविधियों के लिए एक ग्रुप बनाकर उसमें दिन प्रतिदिन होने वाले क्रियाकलापों की फोटोग्राफ्स डाली जाए, सभी क्षेत्रों में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की मॉनिटरिंग हेतु नोडल अधिकारी तैनात किए जाने के भी निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

गैंगस्टर एक्ट में दोषी को दो साल की सजा

कानपुर देहात। सजेती थाना क्षेत्र के 33 साल पुराने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में आरोपी ने अदालत के सामने अपराध स्वीकार किया था। अदालत ने दोषसिद्ध करते हुए उसे दो साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि सजेती पुलिस ने वर्ष 1991 में क्षेत्र के निवासी दिनेश सचान उर्फ कल्लू के खिलाफ थाने में दर्ज आपराधिक मामलों के आधार पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। साथ ही मामले की विवेचना कर आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई माननीय अपर जिलाजज पंचम / स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट श्री दुर्गेश की अदालत में चल रही थी। बुधवार को जेल से आए आरोपी ने अदालत में अपने अपराध को स्वीकार करने का प्रार्थनापत्र पेश किया था। अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए उसे दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

अधिशासी अधिकारी व नगर पंचायत अध्यक्ष की मिली भगत से संपन्न हो रहे हैं अवैध निर्माण

कार्य बोर्ड के प्रस्ताव में की गई ओवर राइटिंग, स्थानीय जनता व सभासदों ने किया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। क्षेत्र की नगर पंचायत अमेठी में अधिशाषी अधिकारी व नगर पंचायत अध्यक्ष की मिलीभगत भगत से बोर्ड के प्रस्ताव में ओवररइटिंग कर अवैध रूप से कराये जा निर्माण कार्य को स्थानीय जनता व पार्षद के विरोध पर रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अमेंठी के शहजादपुर वार्ड में स्थित ईदगाह के पास तक लोगों के आने जाने के लिए पूर्व में नगर पंचायत के द्वारा ही खडंजा लगवाकर सड़क बनवाई गई थी।जिसे कुछ लोगों द्वारा तोड़कर उसकी जमीन पर आरसीसी ढालकर चबूतरा बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था।इसकी जानकारी जब स्थानीय भाजपा पार्षद को हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत अधिशाषी अधिकारी अरविन्द मिश्रा से की तो अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि यह कार्य नगर पंचायत के द्वारा ही कराया जा रहा है।जिसपर पार्षद ने इस कार्य के प्रस्ताव की जानकारी माँगी तो उन्होंने बताया कि इस कार्य का प्रस्ताव पूर्व में ही बोर्ड द्वारा पारित किया गया था।इस पर पार्षद ने प्रस्ताव की कॉपी माँगी तो अधिशाषी अधिकारी टाल मटोल करने लगे।पार्षद का आरोप है कि अधिशाषी अधिकारी ने यह कहते हुए उन्हें धमकाया भी कि यह कार्य हो तो होकर रहेगा अगर तुम इसमें कोई हस्तक्षेप करोगे तो आचार संहिता चल रही तुम्हें जेल भिजवा देंगे।इसकी जानकारी होते ही वार्ड की जनता में आक्रोश फैल गया और लोग कार्य कराने का विरोध करते हुए प्रस्ताव दिखाने की माँग पर अड़ गए।इस पर अधिशाषी अधिकारी ने पार्षद को कार्यालय पर बुलाकर प्रस्ताव की कॉपी उपलब्ध कराई।प्रस्ताव की कॉपी देखते ही पार्षद के होश उड़ गए क्योंकि वह पिछली पंच वर्षीय का प्रस्ताव था जिसमें इस कार्य का कोई जिक्र नही था किन्तु इन जिम्मरदारों की मिलीभगत से एक दूसरे कार्य के प्रस्ताव में कूटरचित तरीके से इस कार्य के प्रस्ताव को बढ़ाया गया था। सपा के नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा की जा रही मनमानी शाहजादपुर वार्ड से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर पार्षद बने विनोद कुमार का आरोप है कि इस नगर पंचायत में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर अध्यक्ष बनी शहनाज बानो कभी नगर पंचायत कार्यालय तक नही आती है।उनके स्थान पर उनका कार्य देखने वाले उनके भतीजे व निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष मो वहीद के द्वारा पूरे नगर पंचायत में मनमाने तरीके से भेदभाव पूर्ण रवैये के साथ कार्य किये जा रहे हैं जिसमें अधिशाषी अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा की पूरी संलिप्तता रहती है।

क्या बोले अधिशाषी अधिकारी इस सम्बंध में जब अधिशाषी अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त प्रस्ताव 2020 का है जिसमें मेरे कार्यकाल में कोई हेरफ़ेर नही किया गया है।यह कार्ययोजना मेरे द्वारा पूर्व के बोर्ड के सदस्यों से बात कर के भेजी गई थी।किन्तु अब विवाद होने के चलते यह कार्य रुकवा दिया गया है।जब तक सभी पक्षों के बीच लिखापढ़ी में कोई सहमति नही बनेगी तब तक यह कार्य नही करवाया जाएगा।

नव अंशिका सर्वश्री सम्मान से सम्मानित हुई विभूतियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के अंतर्गत नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला माह की अंतिम कड़ी में शुक्रवार को निराला नगर स्थित जेसी गेस्ट हाउस परिसर में नव अंशिका सर्वश्री सम्मान वितरित किया गया। जिसमें इस मौके पर भाजपा नेत्री अपर्णा यादव, वरिष्ठ समाज सेविका नम्रता पाठक व भातखंडे विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ पूर्णिमा पाण्डेय मौजूद रही।

इस मौके पर जौनपुर स्वास्थ्य विभाग की आशा संगिनी सरिता पाण्डेय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रीना पाण्डेय मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ रुचि खरे, रेलवे की राजपत्रित अधिकारी मंजू चक्रवर्ती, किंग कन्स्ट्रक्शन की संजना सिंह, चंचला सचदेवा, अंजू व रेखा शर्मा को नव अंशिका सर्वश्री सम्मान से नवाजा गया।

मऊ में प्लाटिंग कम्पनी ने दोबारा सुरक्षित सरकारी जमींन पर कब्जा कर बनाया रास्ता

तहसील व नगर पंचायत के जिम्मेदार अफसरो ने साथी चुप्पी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीनो को कब्जा करने से निजी प्लाटिंग कम्पनिया बाज नही आ रही है ओर शिकायतो के बाद लापरवाह बने तहसील प्रशासन के अफसर कार्यवाही की बजाय चुप्पी साधे हुये है.मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ गांव मे जिस सुरक्षित सरकारी जमीन से कुछ माह पहले प्राइवेट प्लाटिंग कम्पनी का कब्जा हटाया उसी प्लाटिंग कम्पनी ने तहसील अफसरो के आदेशो को ताक पर रखकर दोबारा सुरक्षित सरकारी जमीन पर ईट व मलबा डालकर कब्जा कर रातो रात प्लाटिंग के लिये रास्ता बना लिया।सरकारी जमीन पर प्लाटिंग कम्पनी के द्वारा दोबारा अवैध कब्जा करने से नाराज ग्रामीणो ने सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल किया।जिसके बाद भी तहसील अफसरो ने अवैध कब्जा हटाने की जहमत तक नही उठायी।मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ गांव के ग्रामीणो ने बताया उनके गांव में गांटा स01732 सरकारी अभिलेखो में सुरक्षित बंजर भूमि दर्ज है उक्त भूमि पर कुछ माह पहले कलश इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मालिको ने कब्जा कर प्लाटिंग के लिये रास्ता बना दिया था.शिकायत के बाद तत्कालीन तहसील अफसरो ने अवैध कब्जा हटा दिया था ओर दोबारा कब्जा करने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी थी,जिसके बाद भी प्लाटिंग कम्पनी के मनबढ मालिको ने अफसरो के आदेश को ताक पर रखकर दोबारा उक्त सुरक्षित सरकारी जमीन पर कई ट्रक ईट व मलबा डालकर प्लाटिंग कम्पनी के लिये रातो रात रास्ता बना लिया।ग्रामीणो ने उक्त प्लाटिंग कम्पनी पर तालाब की सुरक्षित भूमि गांटा स0-1735पर के आशिंक भाग पर कब्जा करने का आरोप लगाया हैं।

सजग ग्रामीणो मे सरकारी जमीन पर प्लाटिंग कम्पनी द्वारा दोबारा अवैध कब्जा करने का वीडियों बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर कार्यवाही की मांग भी की।जिसके बाद तहसील व नगर पंचायत के लापरवाह अफसरो ने सुरक्षित जमीन से प्लाटिंग कम्पनी का अवैध कब्जा हटाकर कड़ी कार्यवाही करने की बजाय चुप्पी साध गये।ग्रामीणो? ने पूरे मामले की सीएम जनसुनवाई पोर्टल समेत जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की हैं।

मऊ गांव में सुरक्षित सरकारी जमीन पर रोकने के बाद भी निजी प्लाटिंग कम्पनी द्वारा दोबारा कब्जा कर रास्ता बनाने का मामला संज्ञान में आया है राजस्व व नगर पंचायत की संयुक्त टीम गठित कर जल्द ही सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराकर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

बृजेश कुमार वर्मा

उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज

जय प्रताप सिंह फिर बने उत्तर प्रदेश तैराकी एसोसिएशन के अध्यक्ष

लखनऊ। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री जयप्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश तैराकी एसोसिएशन की शुक्रवार को हुई वार्षिक आम सभा की बैठक में पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। गोमतीनगर एल्डिको ग्रीन स्थित एफिल क्लब में आयोजित बैठक में शिवम कपूर को सचिव और शिवशंकर दत्ता को कोषाध्यक्ष के पद पर चुना गया। केंद्र सरकार के स्पोर्ट्स कोड के अनुसार हुए ये चुनाव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक एसके तिवारी (ओएसडी), उत्तर प्रदेश खेल विभाग के पर्यवेक्षक अजय कुमार सेठी (क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ) एवं भारतीय तैराकी संघ के पर्यवेक्षक राज कुमार की मौजूदगी में हुए। इन चुनावों में कोई अतिरिक्त नामांकन न होने के चलते सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव के बाद रिटर्निंग आफिसर सुधीर शर्मा (पूर्व डिप्टी एसपी) ने परिणाम घोषित किए। नवनिर्वाचित सचिव शिवम कपूर ने बताया कि उत्तर प्रदेश तैराकी चैंपियनशिप का आयोजन सिद्धार्थनगर में किया जाएगा जिसकी तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। राज्य चैंपियनशिप के माध्यम से आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की। कौशल किशोर ने सभी को पटका पहनाकर भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया। इसमें पिपरसंड निवासी अजय यादव, अजीतन खेड़ा निवासी मुन्नी लाल यादव, अजीत यादव, आदित्य निषाद, विवेक यादव, निखिल यादव, डिगिया निवासी सचिन यादव, जीशान खान, मौंदा निवासी आदर्श दुब, आकाश राजपूत, आकाश यादव, आदित्य दुबे, कालिया खेड़ा निवासी अंकित यादव, ऋषभ यादव, शेखर शुक्ला, परसादी खेड़ा निवासी प्रणव मिश्रा, सरोसा निवासी आशीष यादव, राज पांडे, सकरा निवासी अभय प्रताप सिंह, विशाल यादव, टेढ़ेमऊ निवासी मनोज कुमार, पंडित खेड़ा निवासी रवि दुबे, कालिया खेड़ा निवासी इस्माइल खान, भरोसा निवासी राजशेखर एवं हर्षित यादव, रायपुर निवासी बृजेश यादव परसादी खेड़ा निवासी विवेक यादव, कालिया खेड़ा निवासी रजत त्रिवेदी, भरोसा निवासी प्रिया शुक्ला, परसादी खेड़ा निवासी गौरव यादव, भरोसा निवासी संदीप यादव, मेहंदी नगर निवासी रामकृपाल यादव, विनय यादव व सुरेंद्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

प्लांट के नाम पर लाखों रुपए की ठगी के मामले में दो सगे भाइयों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ, एच के इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड रियल एस्टेट कंपनी द्वारा लाखो रूपए लेने के बावजूद क्रेता को प्लाट न देने व धमकी देने के मामले मे प्लाटिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक व इसके सगे भाई के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक बासडीह बलिया के रहने वाले प्रमोद कुमार उपाध्याय एचके इन्फ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक है। प्रबंध निदेशक ने अपने भाई बिनोद कुमार उपाध्याय को प्लाट बेचने के लिए अधिकृत किया है। कंपनी मोहनलालगंज कस्बे के पास कान्हा उपवन वैली के नाम से प्लाटिंग साईट चलाती है। करनपुर रायबरेली के पवन कुमार मिश्रा का आरोप है कि उसने कान्हा उपवन मे कंपनी से 2021 मे एक प्लाट दस लाख की कीमत का खरीदा था लेकिन दो साल बीत जाने के बावजूद उन्हे प्लाट नही दिया गया जब उसने प्लाट पर कब्जा देने की बात कही तो दोनो भाईयो ने जान से मारने की धमकी दे डाली।

क्रेता को न प्लाट मिला न ही रूपये वापस हुए इसकी शिकायत क्रेता ने डीसीपी दक्षिण से की थी जिसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वही दूसरी ओर गंगाखेडा के बृजेश यादव ने सुन्दरलाल, अमरावती, अरविंद, राघवेन्द्र, सत्येंद्र व रविन्द्र पर आरोप लगाया कि इन लोगो ने दहियर गाँव मे प्लाट देने के एवज मे एक लाख रूपये लेकर एग्रीमेंट किया था लेकिन प्लाट दूसरे को बेच दिया। पुलिस ने आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

सपा नेताओं ने थामा भाजपा का दामन, ग्रहण की सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं मोहनलालगंज लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के दुबग्गा लखनऊ आवास पर युवा सपा नेता अजय यादव और राजू रावत के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की हर वर्ग हर समाज को बिना भेदभाव के सशक्त करने की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर सपा नेताओं और उनके साथियों ने समाजवादी पार्टी छोड़कर

उप्र में लोकसभा चुनाव के दौरान 1479 लाख नकदी, 3527 लाख की ड्रग जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को एक जारी बयान में बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने एक मार्च से 28 मार्च तक 1479.20 लाख रुपये नकद धनराशि, 2242.06 लाख रुपये कीमत की 632245.35 लीटर शराब, 3527.60 लाख रुपये कीमत की 4499949.66 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 1.43 लाख रुपये के 298 मुफ्त उपहार एवं 112.34 लाख रुपये कीमत की 896.21 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभी तक कुल 9140.81 लाख रुपये कीमत की ड्रग, नकदी, मुफ्त उपहार, शराब, बहुमूल्य धातुएं व अन्य सामग्री जब्त किया है। 28 मार्च को निर्वाचन टीमों की सक्रियता के कारण जनपद गाजीपुर की गाजीपुर विधानसभा क्षेत्र में दो करोड़ रुपये अनुमानित कीमत की एक किलोग्राम ड्रग को पकड़ कर जब्त किया गया है।

नवदीव रिणवा ने बताया कि जनपदों में निर्वाचन की टीमों की कार्रवाईयों में जनपद बहराइच की नानपारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 74 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 7.4 किलोग्राम ड्रग तथा जनपद गाजियाबाद की गाजियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.54 लाख रुपये नकद धनराशि पकड़ी गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियां प्रत्येक संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखकर जब्त की कार्रवाई कर रही है।

लोकसभा चुनाव में सक्रिय कार्यकर्ताओं को अखिलेश ने बांटे पद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में सक्रिय पार्टी कार्यकर्ताओं को शुक्रवार को पद बांटे और मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर राशिद अली को सह प्रभारी बना दिया।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश ने नोएडा के मनोज चौहान और भरत यादव को प्रदेश सचिव बनाया तो ओमपाल राणा को राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया। समाजवादी छात्र सभा में भी लोकसभा चुनाव के दौरान पदाधिकारी बनाये गये, जिसमें आजमगढ़ लोकसभा सीट से चन्द्रशेखर यादव, अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट से धन्नजय यादव, अमरोहा लोकसभा सीट से शुभनीत कुमार को छात्र सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया।

लोकसभा चुनाव के दौरान चर्चा में आये जनपद मऊ के सिधाहिलासपुर सतीश यादव को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाया गया है। लोकसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभा रहे कार्यकर्ताओं के साथ समाजवादी पार्टी अपने संगठन विस्तार में भी लगी हुई है।

हर बच्चा देश के लिए अनमोल है, अपेक्षाओं का दवाब न बनाएं अभिभावक: डा. राजेश्वर सिंह

राजेश्वर सिंह ने बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृति को निराशजनक और खतरनाक ट्रेंड बताया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजस्थान के कोटा शहर में मेडिकल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही गोसाईंगज की रहने वाली छात्रा सौम्या ने आत्महत्या कर ली। यह खबर पढ़कर सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह स्तब्ध रह गए। डॉ सिंह ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रऽछात्राओं के बीच आत्महत्या की बढ़ती प्रवृति को निराशजनक और खतरनाक ट्रेंड बताया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि समस्या चाहे छोटी हो या बड़ी, उसके ऊपर पार पाया जा सकता है। हताश होकर आत्महत्या के रास्ते को चुन लेना, कभी भी कोई निर्णय या समाधान नहीं हो सकता है। युवाओं की आत्महत्या का समाचार मन को हमेशा व्यथित कर देता हैं। उन्हों ने पिछ ले कुछ वर्षों में परीक्षार्थियों के आत्महत्या के आंकड़ों को साझा भी किया। आकंड़ों के माध्यम से उन्होंने इस विषय की गंभीरता का उल्लेख करते हुए कहा कि 2019 में 10,335 बच्चों ने आत्महत्या की, 2020 में 12,526 और 2021 में 13,089 बच्चों ने देश भर में आत्महत्याएं की, यह चिंताजनक है। डॉ सिंह ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी अपने मन को मजबूत रखें, परिजनों व मित्रों से परिस्थिति पर चर्चा करें व समय के बीत जाने का इंतजार करें। निश्चित ही बुरा दौर बीत जाएगा और अच्छा समय लौटकर आएगा। उस समय को देखने के लिए आपका जीवित रहना बहुत ज़रूरी है।

साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी कहा कि माता पिता को अपने बच्चों से अपेक्षाएं रहती हैं, पर अपेक्षाएं इतनी ना बढ़ जाएं कि बच्चा अवसादग्रस्त हो जाये। कॉम्पीटीशन के इस दौर में बच्चे बहुत दबाव में रहते हैं। इस दबाव को माता, पिता और शिक्षक बातचीत और काउंसिलिंग से दूर कर सकते हैं।राजेश्वर सिंह के मुताबिक हर बच्चा देश के लिए अनमोल है। उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि ईश्वर ने हर प्राणी को किसी ख़ास उद्देश्य से बनाया है। वही हमारी मंजिल तय करता है। उस मंजिल तक पहुंचने के लिए यदि वह एक मार्ग बंद करता है तो अनेक दूसरे मार्ग खोलता है। आपको बस ईश्वर पर भरोसा कर अपने कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ते जाना है।

प्रॉपर्टी डीलरों ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे कॉलेज के कर्मचारी की जमीन दूसरे बेची

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रॉपर्टी डीलरों न कूटरचित दस्तावेजो के सहारे कालेज के कर्मचारी की जगह दूसरे को खडाकर लाखो रूपए कीमत जमीन बेच डाली। कर्मचारी को फर्जीवाडे की जानकारी होने पर प्रापर्टी डीलर से विरोध जताया तो कर्मचारी को जान से मारने की धमकी दी। वही पुलिस से लिखित शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक इण्टर कालेज के कर्मचारी लव सिंह की जैतीखेडा मे जमीन स्थित है। कर्मचारी का आरोप है कि प्रापर्टी डीलरो ने उनकी जगह दूसरे को खडाकर दो महिलाओ को उनकी जमीन बेच दी। कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने मोहित कुमार, धीरज सिंह, राजकुमार, दीपिका, आदित्य कुमार, अभिषेक यादव व प्रीती शर्मा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

लोकमत का प्रशिक्षण व परिष्कार आवश्यक

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रेम कुमार ने कहा कि लोकमत का प्रशिक्षण व परिष्कार आवश्यक है। जैसी प्रजा होगी वैसा ही राजा होगा। जाति, मत व मजहब से ऊपर उठकर मतदान करें। मतदाता जागरूक हुआ है लेकिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने की आवश्यकता है।प्रेम कुमार ने शुक्रवार को संस्कृति भवन स्थित राष्ट्रधर्म पत्रिका के कार्यालय में लोकतंत्र व नागरिक कर्तव्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कहा कि आज देश में साधन संपन्नता बढ़ी है, फिर भी प्रांत, भाषा, जाति, गांव व परिवार को देखकर लोग वोट करते हैं।संघ के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोज कांत ने कहा कि लोकमत ही लोकतंत्र को संरक्षित करता है। सामाजिक संगठनों की लोकमत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लोकमत का परिष्कार दीर्घकालिक प्रक्रिया है। समाज बदलने की प्रक्रिया ही मूल प्रक्रिया है। प्रकृति, संस्कृति व परम्परा के प्रकाश में जो शिक्षा मिलती है वह नागरिकों को कर्तव्य का बोध कराती है।राष्ट्रधर्म पत्रिका के निदेशक सर्वेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि नागरिकों से लोक व्यवस्था चलती है। लोकमत को जाग्रत करने के लिए कर्तव्य के प्रति नागरिकों को जागरूक करना होगा। संविधान को हमें जानना चाहिए, मानना चाहिए और उसके हिसाब से काम करना चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वेश कुमार सिंह ने की। सिंह ने कहा कि जैसा लोक होगा वैसा ही लोकमत होगा। श्रीराम ने लोकमत का सम्मान किया था। भारत की जनता मन, वचन व कर्म से लोकतांत्रिक है। संगोष्ठी का संचालन लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. सौरभ मालवीय ने किया। गोष्ठी को स्वामी मुरारी दास, कुंवर आजम खान, राजीव कुमार, मनोज चंदेल और श्रवण कुमार ने भी संबोधित किया।

कस्बे में डाक कर्मी की खड़ी बाइक चोर ले उड़े पुलिस जांच में जुटी

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ ,मोहनलालगंज कस्बा स्थित अपने रिश्तेदार के यहा गये डाककर्मी की बाईक अज्ञात चोर ले उडे। कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सिसेण्डी के दीप कुमार मिश्रा गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित डाक घर से काम निपटाने के बाद कोतवाली मोहनलालगंज से कुछ दूरी पर स्थित अपने रिश्तेदार के यहा पल्शर बाईक से गये थे। बाईक खडी कर दीप कुमार घरके अंदर गये हुए थे तभी बाईक को चोर लेकर फरार हो गया। बाईक गायब देखकर डाककर्मी ने इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने बाईक की तलाश की। बाईक न मिलने पर शुक्रवार को डाककर्मी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रधर्म के पूर्व संपादक आनन्द मिश्र 'अभय' का निधन

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रधर्म पत्रिका के पूर्व संपादक आनन्द मिश्र 'अभय' का गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात बाराबंकी में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को बाराबंकी में ही किया जाएगा। आनन्द मिश्र अभय लगभग 18 वर्षों तक राष्ट्रधर्म के संपादक रहे। राष्ट्रधर्म के निदेशक सर्वेश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रधर्म के संपादक बनने से पहले आनन्द मिश्र सरकारी सेवा में थे। राज्य शासन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाते हुए 31 दिसंबर 1989 को सेवानिवृत्त हुए। लेखन में रुचि होने के कारण सेवानिवृत्ति के बाद वे लखनऊ के विश्व संवाद केंद्र से जुड़े। वर्ष 1997 में उन्हें राष्ट्रधर्म का संपादक बनाया गया। राष्ट्रधर्म के प्रबंधक डॉ. पवन पुत्र बादल ने कहा कि अभय जी हिंदी के श्रेष्ठ विद्वान थे। उन्होंने हमें पत्रकारिता सिखाई। राष्ट्रधर्म परिवार की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

चुनावी लाभ के लिए मुख्तार का हमदर्द बन रहा विपक्ष

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।आतंक का पर्याय रहे मुख्तार अंसारी की मौत के बाद आज सारे समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), कांग्रेसी एक सुर में जेल में जहर देकर हत्या करने की बात कर रहे हैं। जिससे योगी के विरुद्ध माहौल खड़ा कर चुनावी लाभ प्राप्त कर सकें। मगर इससे ज्यादा कहीं उन दबे कुचले, आहत लोगों को खुशी है, जिन्होंने उस आतंक के अध्याय को ना केवल देखा है बल्कि झेला भी है।मुख्तार 2005 से भले ही जेल में बंद रहा, लेकिन उसके आदेश का पालन अंदर रहकर भी चलता था। आज जो भी अपराधी मर रहे हैं या मारे जा रहे हैं, जनता बहुत खुश है और पुनः योगी शासन को स्थापित करना चाहती है। क्योंकि अभी जो बचे-खुचे अपराधी हैं उनका भी नम्बर आ जाये और लोगों को अराजकता से निजात मिल जाएगी। बस अपराध के विरोध करने का हौसला होना जरूरी है।

मुख्तार के जेल में रहने के बावजूद उसके इशारे पर कृष्णानंद राय के शरीर में 400 से ज्यादा गोलियां उतारने के बाद मुन्ना बजरंगी ने कृष्णानंद राय की चोटी काटकर पीसीओ से मुख्तार अंसारी को फोन किया था। यह हत्या एक संदेश था कि मुख्तार के खिलाफ जो खड़ा होगा उसका हश्र क्या होगा ? हत्या तो एक या दो गोली से भी हो सकती थी मगर 400 के पार गोली उतारना एक दुस्साहस था। जिसे मुलायम सिंह यादव की सरपरस्ती में मुख्तार के कहने पर मुन्ना बजरंगी और अतीकुर्रहमान ने अंजाम दिया था, वो भी एके 47 से।मुख्तार का मकसद अपने भाई अफजाल अंसारी की पराजय का प्रतिशोध एक संदेश के रूप में लेने के पीछे वजह यह भी थी कि भविष्य में अब कोई भी राजनीति प्रतिद्वंदी अंसारी परिवार के विरुद्ध सोचने से पूर्व सैकड़ों बार सोचे। फिर यह संदेश चाहे एसपी उदय शंकर को देना हो या एसपी शैलेंद्र सिंह को देना हो। क्योंकि यही वो दोनों अधिकारी थे जिन्होंने मुख्तार के गिरेबान पर हाथ डाला था। मगर मुलायम सिंह ने उल्टा इन्ही दोनों को प्रताड़ित किया था।इसी प्रकार योगी आदित्यनाथ की हत्या के कई प्रयास मुख्तार अंसारी ने मुलायम के साथ मिलकर किए। परंतु बाबा गोरखनाथजी के आशीर्वाद से उनका बाल बांका न हुआ। मुलायम एवं मुख्तार का मंसूबा सफल नहीं हो सका और आज ये सभी माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। और जो बचे हैं उन्हें अतीक और मुख्तार के अंत से सबक लेने की जरूरत है। आतंक के अजगर तो मिट्टी में मिल चुके हैं, बचे सपोले तो तीसरे टर्म के बाद फन उनके भी कुचले जायेंगे।इसी प्रकार 25 जनवरी 2005 दिन मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे शहर पश्चिमी के बसपा विधायक राजू पाल एसआरएन अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस से दो गाड़ियों के काफिले में साथियों संग धूमनगंज के नीवां में घर लौट रहे थे, तभी सुलेमसराय में जीटी रोड पर उनकी गाड़ी को घेरकर गोलियों की बौछार कर दी गई थी।

आदर्श आचार संहिता के दौरान फ़ेक न्यूज तथा पेड न्यूज पर रखी जा रही है कड़ी नजर

एमसीएमसी द्वारा राजनैतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज निगरानी और रिपोर्टिंग तथा मीडिया उल्लंघनों की जा रही है सघन मॉनीटरिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। एम.सी.एम.सी प्रभारी अधिकारी हर्ष मवार ने एम. सी.एम. सी सहायक प्रभारियों व कर्मचारियों संग बैठक कर सभी को आवश्यक निर्देश प्रदान किये कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता के दौरान फ़ेक न्यूज तथा पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखी जा रही है,अतः तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा कोई भी

लापरवाही क्षम्य नही की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान फ़ेक न्यूज तथा पेड न्यूज की पहचान व त्वरित प्रतिक्रिया के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसओपी तैयार की गई है। एम0सी0एम0सी0 द्वारा राजनैतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज निगरानी और रिपोर्टिंग तथा मीडिया उल्लंघनों की सघन मॉनीटरिंग की जा रही है। समस्त विज्ञापन एमसीएमसी द्वारा प्रमाणित किये जाने के बाद ही इलेक्ट्रानिक मीडिया।प्रिंट पर प्रसारित किये जा सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की तारीख से पेड न्यूज संबंधी समाचारों पर कड़ी नजर रखी जायेगी । कोई भी प्रत्याशी राजनीतिक विज्ञापनों को टीवी/केबिल चैनल, रेडियो चैनल, सिनेमा हॉल, ऑडियों-विजुअल डिस्प्ले, प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा अन्य सोशल साइटों पर विज्ञापन प्रसारित करने से पूर्व एम0सी0एम0सी0 कमेटी से मंजूरी अवश्य लें। ऐसे विज्ञापन को प्रकाशित/प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जो धर्म, जाति, भाषा के आधार पर किसी भी समुदाय को आहत करता हो। प्रचार में प्रयोग की जाने वाली प्रचार सामग्री पर प्रिन्टिंग प्रेस व पब्लिशर की पूरी जानकारी होनी जरूरी है, ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

इस दौरान जिला सूचनाधिकारी लाल कमल, अतिरिक्त सूचनाधिकारी प्रशांत अवस्थी, मनोरंजन कर अधिकारी प्रदीप कुमार सहित एम सी एम सी में तैनात कर्मचारी उपस्थित रहे।

गुरुजी गांव-गांव लगाएंगे चुनावी पाठशाला

लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए अभिभावकों को करेंगे प्रेरित शिक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मीरजापुर। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक गांवों में चुनावी पाठशाला लगाएंगे। वे विद्यार्थियों के अभिभावकों को चुनाव में मतदान का महत्व बताएंगे। साथ ही उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इसके लिए विद्यालयवार नोडल बनाते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनपद के 1806 परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दो लाख 71 हजार 607 बच्चों के अभिभावकों तक शिक्षकों की पहुंच से मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी का प्रयास किया जाएगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान का अमूल्य महत्व होता है। लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जनपद के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा चुनावी पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इस बाबत दिशा निर्देश जारी किया गया है।फिलहाल शासन-प्रशासन शतप्रतिशत मतदान कराने को लेकर कटिबद्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में जिले में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग भी बढ़ चढ़कर भागीदारी कर रहा है।

उप्र के झांसी और ललितपुर में चमकेगी आकाशीय बिजली

मेघ गर्जन के साथ चलेंगी तेज हवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश के मौसम में बराबर बदलाव देखा जा रहा है और शुक्रवार को तेज धूप व हवाओं की बदली दिशाओं से तापमान सामान्य से अधिक पहुंचा गया।दिन का पारा अधिक होने से जहां लोगों को तेज गर्मी का एहसास हुआ तो वहीं रात में पंखे फर्राटे भरते रहे। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दिन उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर में मौसम बदला रहेगा। यहां पर मेघ गर्जन के साथ जहां तेज हवाएं चलेंगी तो वहीं आकाशीय बिजली भी गिरने की संभावना है।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि पश्चिमी राजस्थान और इससे सटे पाकिस्तान पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। एक ट्रफ उत्तर-पूर्व बिहार से दक्षिण-पूर्व असम तक बना हुआ है। ट्रफ/हवा का

विच्छेदन दक्षिण आंतरिक कर्नाटक से पूर्वी विदर्भ तक समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में अपनी धुरी 5.8 किमी के साथ अब लगभग 56 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 25 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में चल रहा है। केरल और आसपास के इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है।

29 मार्च से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। इससे उत्तर प्रदेश का मौसम भी प्रभावित होगा और स्थानीय स्तर पर कुछ जनपदों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं झांसी और ललितपुर में मेघ गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने के आसार हैं और करीब 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 36.0 और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 75 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 41 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पूर्व रहीं जिनकी औसत गति 5.1 किमी प्रति घंटा रही।

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कानपुर में अगले पांच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाये रहने के आसार हैं किंतु वर्षा की कोई संभावना नहीं है। हवाओं की गति सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। वहीं तापमान बढ़ने के कारण और आर्द्रता रहने से गर्मी अधिक महसूस होती रहेगी।

गुड फ्राइडे पर मसीही समाज ने उपवास रखकर चर्च में की प्रभु यीशु मसीह की प्रार्थना

प्रार्थना सभा में प्रभु के सात वचनों का मर्म समझाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। प्रभु यीशु मसीह के सलीब पर चढ़ाए जाने की याद में गुड फ्राइडे (पुण्य शुक्रवार) पर मसीही समाज ने उपवास रखकर प्रभु की प्रार्थना की। चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं के दौरान दुःख भोग पाठ के साथ विश्वासियों ने प्रभु के कदम चूमे। क्रूस की उपासना तथा विश्वासियों को परम प्रसाद का वितरण किया गया। चर्च में प्रार्थना सभा में प्रभु के सात वचनों का मर्म समझाया गया। चर्च क्वायर ने गीतों के जरिए प्रभु के सलीब पर चढ़ने के बावजूद संसारियों के लिए पिता (परमेश्वर) से की गई प्रार्थना का गुणगान किया।फिलिप्स मैमोरियल मैथोडिस्ट चर्च पीली कोठी में 'धन्य शुक्रवार' पर दोपहर 12 बजे से शुरू हुई विशेष प्रार्थना सभा अपराह्न तीन बजे तक चली। चर्च क्वायर ने आराधना की पुकार के साथ पास्टर ने प्रार्थना की। गुड फ्राइडे पर 'क्रूस ही के पास जहां खून बहा, दब के गुनाहों से मैं गया, खून से वहां यह दिल साफ हुआ, उसकी तारीफ हो, उसकी तारीफ हो, उसकी तारीफ हो' आदि गीतों के जरिए अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति दी गई। प्रभु के सात वचनों का महत्व पादरी ब्रिजेश मैंसल ने विश्वासियों को समझाया। पादरी अनिल लाल ने प्रार्थना के साथ आशीष वचन दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग विशेष प्रार्थना सभा में शामिल रहे।

सेंट एंथोनी चर्च में विशेष प्रार्थना क्रूस का रास्ता दोपहर दो बजे से शुरू हुई। चर्च फादर ने यीशु के सलीब पर चढ़ाए जाने का स्मरण किया गया। यीशु के दुःखों का पवित्र वचनों से वर्णन किया।

आदर्श आचार संहिता में भी प्रशासन पर दबाव बनाने के लिऐ लेटर पैड पर दिया प्रार्थना पत्र

सीतापुर। लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी हुऐ करीब दस दिन से अधिक बीत चुके है चुनाव आयोग का मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट यानी आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है इसके तहत देशभर व प्रदेशभर में अभियान चलाकर व जिला सीतापुर में भी सियासी दलों की होल्डिंग्स, बैनर,पोस्टर उतरवाऐ जा चुके है। लेकिन सीतापुर नगर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा सीतापुर के लेटर पैड पर स्वयं वेद प्रकाश जायसवाल जिला मंत्री भाजपा पिछड़ामोर्चा निवास- कपड़ा मंडी तामसेनगंज ने कोतवाली नगर में एक प्रार्थना पत्र कार्यवाही करने हेतु आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए वह प्रशासन पर पार्टी का दबाव बनाते हुए विपक्षी गण सौरभ जायसवाल और उसके दो साथियों का नाम देकर परेशान किया जा रहा है सौरभ व उनके परिजनों ने निर्वाचन आयोग व कोतवाली नगर में प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाई ।

साप्ताहिक बाजार से गाड़ियां चुरा कर शहर में बेंच रहे दो युवक गिरफ्तार

बरेली । गांव में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से गाड़ियां चुराकर आरोपी बरेली में अच्छे दामों में लाकर बेंच रहे थे । पुलिस ने दो आरोपियों को चोरी की गाड़ियों के साथ गिरफ्तार किया है।थाना शाही के प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार नैन के मुताबिक पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान रसूलिया जाने वाले मार्ग पर दो आरोपियों को चोरी की बाइक समेत नाजायज तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। इस बीच पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांव और कस्बों में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से वह गाड़ियां चुराते थे। थाना फतेहगंज पश्चिमी के टिटौली निवासी शादाब पुत्र इशताक अली दूसरा आरोपी तौहिद पुत्र मोहम्मद अहमद आसपास के क्षेत्र में दिन में लगने वाली साप्ताहिक बाजार पर नजर रखते थे। बाजार में आने वाले लोग अपनी मोटरसाइकिल एक जगह पर खड़ी करते थे उन सुनसान जगह पर खड़ी मोटरसाइकिलों को उठाकर दोनों युवक गांव कस्बा के बाहर लाकर बरेली शहर में अच्छे दामों पर बेचते थे। फिर उन पैसों को आपस में बांट लिया करते थे।इस बीच भी दोनों नें मोटरसाइकिल चोरी की लेकिन दोनों आरोपी पुलिस की पकड़ में आ गए।

आरोपियों ने बताया कि दोनों के पास कोई रोजगार नहीं था अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए वह चोरी करते थे।पकड़े गए आरोपियों के पास से चार मोटरसाइकिल, दो अदद तमंचे 315 बोर, नाजायज चाकू समेत दो हज़ार छह सौ रुपए भी बरामद किये हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर बनी कैंटीन में बिजली विभाग की छापेमारी

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर कैंटीन में बिजली विभाग ने शुक्रवार को छापेमारी कर लाखों रुपये की विद्युत चोरी का खुलासा किया है। कैंटीन में कटिया डालकर बिजली चोरी करने पर कार्रवाई की है।

एसडीओ हरीश ने शुक्रवार को बताया कि बिजली विभाग की टीम द्वारा बिजली चोरी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर बनी कैंटीन में टीम के साथ छापेमारी की गयी। कैंटीन में सालों से कटिया डालकर बिजली चोरी हो रही थी। विभाग ने कनेक्शन काटकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की है।

सिपाही का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, अधिकारियों ने लिया संज्ञान

औरैया। जनपद के फफूंद थाने में तैनात एक सिपाही का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सिपाही अपनी बुलट गाड़ी पर जाट लिखवाए हुये हैं तथा दूसरे वीडियो में सरकारी गाड़ी के बोनट पर बैठ हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल मामले का संज्ञान आलाधिकारियों ने लिया है और जांच कर विभागीय कार्यवाही की बात कही है।फफूंद थाने में तैनात सिपाही विवेक कुमार के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से शुक्रवार को वायरल हुआ। वायरल वीडियो में सिपाही अपनी बुलट बाइक पर जाट लिखवाए हुये हैं तथा दूसरे वीडियो में वह सरकारी गाड़ी के बोनट पर बैठ कर अपनी हाथों की बॉडी दिखा रहा है। यह वीडियो वायरल होने जनपद पुलिस के आलाधिकारियों ने संज्ञान लिया है।इस सम्बंध में सीओ अजीतमल राम मोहन शर्मा ने बताया कि वीडियो पुराना है। वीडियो में छेड़छाड़ की गई है जिसकी जांच अपर पुलिस अधीक्षक कर रहे हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर सिपाही के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

सबूतों और गवाहों के आधार पर चार को उम्रकैद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालौन। रामपुरा थाना क्षेत्र के सुलतापुरा गांव निवासी दीपराज ने आठ मई 2012 को रामपुरा पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसके पिता सुखवीर सिंह और बाबा शत्रुघ्न सिंह अपने खेत पर थे। तभी गांव के ही मुनेश बालू से भरा ट्रैक्टर ट्राली लेकर निकाल रहा था जिस पर पिता और बाबा ने ट्रैक्टर ट्राली निकलने से मुनेश को मना किया तो मुनेश घर चला गया।

देर शाम को घर पर उसके पिता और बाबा खाना खा रहे थे। तभी गांव के ही मुनेश अपने साथ जितेंद्र, महेश व ज्ञान सिंह को लेकर घर के अंदर घुस आए और पिता और बाबा को बाहर निकाल कर मारपीट कर तमंचा से पिता पर फायर कर दिया। इससे उसके पिता सुखवीर की मौके पर ही मौत हो गई और बाबा पर ज्ञान सिंह ने कुल्हाड़ी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट और हत्या व गैर इरादनत हत्या की

रिपोर्ट दर्ज कर चारों आरोपितों की गिरफ्तारी शुरू कर दी थी।

सर्विलांस और एसओजी टीम और रामपुरा थाना पुलिस ने 28 मई 2012 को चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जब उनसे पुछताछ की गई तो उन्होंने हत्या की बात कही थी। पुलिस ने उनके पास से हत्या में शामिल तमंचा और कुल्हाड़ी बरामद कर जेल भेज दिया था। शासकीय अधिवक्ता हृदेश पांडे ने बताया कि इस मामले की सुनवाई अपर जिला जज अंजू राजपूत की कोर्ट में चल रही थी। जज ने गवाहों व सबूतों के आधार पर मुनेश, जितेंद्र, महेश व ज्ञान सिंह को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई और एक लाख 65 हजार रुपये चारों दोषियों पर अर्थदंड लगाया।

कराटे बेल्ट परीक्षा में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । रायबरेली कराटे संघ द्वारा ओम नगर निकट पीएसी कॉलोनी रायबरेली स्थित रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी में 29 मार्च को कराटे बेल्ट एग्जाम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कराटे मास्टर राकेश कुमार गुप्ता जी अध्यक्ष जिला कराटे संघ रायबरेली व विशिष्ट अतिथि राहुल कुमार पटेल जी महासचिव जिला कराटे संघ रायबरेली, सेंसाई जितेंद्र सिंह, सेंसाई रितिका गुप्ता , सेंपाई युवराज मौर्या उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि कराटे मास्टर राकेश कुमार गुप्ता ने बच्चों को बताया कि सभी प्रतिभागी खिलाड़ी खेल भावना के साथ इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे और अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। सभी खिलाड़ियों को मोबाइल में गेम ना खेलने की सलाह भी दी तथा अभिभावक से गुजारिश भी हैं कि वह अपने बच्चों को 24 घंटे में सिर्फ़ 1 घंटे के लिए ही कराटे मार्शल आर्ट जरूर सिखाएं। वहीं आशीष जायसवाल रायबरेली मार्शल

आर्ट एकेडमी कोच ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कराटे प्राचीन कलाओं में से एक है। यह जीवन जीने की एक बेहतरीन कला है, जिससे विषम परिस्थितियों में अपनी रक्षा की जा सकती है। यह एक आध्यात्मिक कला है। इस कला को बचाने के लिए जिला कराटे संघ रायबरेली का यह आयोजन बहुत ही प्रशंसनीय है। यह कला सभी लोग सीख सकें। कराटे बेल्ट एग्जाम के मुख्य परीक्षक जो कि राहुल कुमार पटेल नेशनल कोच एवं सह प्रशिक्षक सेंपई युवराज मौर्या के द्वारा बेल्ट एग्जाम लिया गया। बेल्ट टेस्ट देने वाले खिलाड़ियों में व्हाइट से येलो बेल्ट में अथर्व शर्मा, प्रानवी शुक्ला, अथर्व मौर्या, श्रेया वही येलो बेल्ट से ऑरेंज बेल्ट में आदित्य प्रताप सिंह, आकृति भूषण, यक्षित भूषण वही ऑरेंज से ग्रीन बेल्ट में अविका, रागी सिंह वहीं ग्रीन से ब्लू बेल्ट में शौर्य पाल, अविरल मौर्या एवं ब्लू से पर्पल बेल्ट में वैभवी केसरी, अनुप्रिया मौर्या , आकृष्टि मौर्या, आराध्या शुक्ला एवं रेड से महरूम बेल्ट में प्रतीक सिंह आदि खिलाड़ियों ने परिक्षा दी। इस मौके पर खिलाड़ियों के अभिभावक मौसम कुमार शुक्ला जी , बृजेश कुमार पाल जी, रमेश शुक्ला जी आदि मौजूद रहे।

अंधेरगर्दी: सात दिन में गोशाला से गायब हो गए सैकड़ों गौवंश

गोशाला में जानवरों के लिए नहीं की जा रही चारे की व्यवस्था, दुधारू गौवंश का बेचा जा रहा दूध

नगर पंचायत की कान्हा गोशाला की पोल खुलने पर चेयरमैन व पशुपालन विभाग आए आमने-सामने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे में संचालित कान्हा गौशाला में एक सप्ताह में 400 गोवंश के अचानक लापता होने सहित अन्य आरोपों को लगाकर पशुपालन विभाग व नगर पंचायत अध्यक्ष शुक्रवार को आमने सामने आ गये हैं। पशुपालन विभाग ने एक सप्ताह से भूसा न होने के कारण गोवंशों के भूखे मरने के आरोप लगाये तो नगर पंचायत अध्यक्ष बचाव में उतरकर गोवंश के मरने का सारा ठीकरा पशुपालन विभाग पर लगा रहे हैं।पशुपालन विभाग के मुताबिक कस्बे के कान्हा गौशाला के अभिलेखों में 670 गोवंश संरक्षित है। लेकिन एक सप्ताह में यह 400 से अधिक लापता हो गया है। पशुपालन विभाग का आरोप है कि गौशाला में संरक्षित गोवंश को नियम विरुद्ध प्रतिदिन बाहर निकाला जाता है। पशुपालन विभाग के अनुसार 22 गोवंश दुधारू हैं। इन गोवंशों का दूध निकालकर बाजार में बेच रहे हैं। जबकि चौकीदार का कहना है कि चेयरमैन के पिता दूध अपने घर ले जाते हैं। जिससे इनके बच्चे दूध न मिलने से भूख से तड़प रहे हैं।

पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अंकुर सचान का कहना है कि कान्हा गौशाला में इस समय महज 250 गोवंश बचे हैं। भूसा एक सप्ताह से गायब है। गोवंश भूख से मर रहे हैं। गुरुवार की रात जब उन्होंने ठेकेदार से वार्ता करके भूसा भेजने का दबाव बनाया, तब कहीं जाकर शुक्रवार को सुबह भूसा आ सका है। उनका कहना है कि कान्हा गौशाला में ढेर सारी अव्यवस्थाएं हैं। इसके खिलाफ जब उन्होंने आवाज उठाई तो उनके ऊपर फर्जी आरोप लगाए जा रहे हैं।नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे का आरोप है कि पशुपालन विभाग की लापरवाही से गौशाला में गोवंश दम तोड़ रहे हैं। सूचना देने के बाद यह उपचार करने नहीं आते हैं। अन्य आरोपों को उन्होंने निराधार बताते हुये कहा है कि भूसा पर्याप्त मात्रा में मौजूद होने की बात कही। साथ ही कहा कि चरवाहे गोवंश को चराने को भी ले जाते हैं।

घायल के बेटे की तहरीर पर 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा

हमीरपुर। सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिरखेरा में फसल काटने को लेकर हुए विवाद में गोली मारने की घटना में घायल के पुत्र ने शुक्रवार को गांव के पांच लोगों को नामजद करते हुए 6 अज्ञात के खिलाफ प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज कराया है।

बिरखेरा गांव के अतरैया हार में गुरुवार शाम फसल काटने के विवाद में बिरखेरा निवासी कृष्ण नारायण पाठक को गांव निवासी वीरेंद्र सिंह, रवि सिंह, भास्कर सिंह, भोलू सिंह, महेश पाल ने आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इस घटना में घायल कृष्ण नारायण पाठक की पुत्री का पुत्र प्रशांत तिवारी निवासी पहरा थाना कबरई जिला महोबा भी घायल हुआ था। घायल कृष्ण नारायण पाठक के पुत्र अमित कुमार पाठक ने फसल विवाद का आरोप लगाकर तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपित भूमिगत हो गए हैं। पुलिस गोली लगने की घटना को अभी संदिग्ध मान रही है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके गहनता के साथ जांच कराई जा रही है।

सनशाइन हॉस्पिटल के एमडी डा. कौशल वर्मा भाजपा में शामिल

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पटका पहनाकर ग्रहण कराई सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्ण नाथ। जनपद लखीमपुर, सीतापुर और पीलीभीत में डॉ कौशल के नाम से प्रख्यात आर्थोपेडिक सर्जन कौशल वर्मा ने क्षेत्र के गणमान्य समर्थकों ब्रजेंद्र वर्मा प्रधान शीतलपुर ग्रांट, विकास वर्मा प्रधान लंदनपुर ग्रंट, मंजीत पटेल, सुशील कुमार, अनिल वर्मा, सुशील पाण्डे, एडवोकेट आनंद अर्कवंशी, एड.अनुज सिंह पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, समाजसेवी ओम बहादुर सिंह, अजीत आदि के साथ प्रदेश कार्यालय लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। डॉ कौशल वर्मा क्षेत्र के लोगों के बीच अपने सामाजिक कार्यों के चलते काफी लोकप्रिय हैं। हाल ही में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टैनी ने उनसे हॉस्पिटल में उनसे मुलाकात की थी। तभी से क्षेत्रीय लोगों के बीच ये अटकलें लगाई जा रही थीं। कौशल वर्मा ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी और योगी आदित्यनाथ की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और उनकी ख्वाहिश है कि वे राजनीति में भी भाजपा सरकार को कुछ अपना योगदान दे सकें। बताते चलें डॉक्टर कौशल वर्मा समाज सेवा में सदैव आगे रहते हैं उन्होंने करोड़ों कल से लेकर अभी तक हजारों लोगों की मदद की है उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर वह गरीबों की सेवा करना चाहते हैं।

नागरिक अपने भवन,भूमि में बिना अनुमति के नहीं चला पाएंगे वाहन स्टैंड

वाराणसी। वाराणसी नगर निगम सीमा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अपने निजी भवन या भूमि में प्राइवेट वाहन स्टैंड नहीं चला पाएंगे। इसके लिए उन्हें नगर निगम से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के प्राइवेट वाहन स्टैंड चलाने वालों के खिलाफ एक अप्रैल से सघन जांच अभियान शुरू होगा।नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के अनुसार यदि कोई व्यक्ति नगर निगम की अनुमति के बिना प्राइवेट वाहन स्टैंड संचालित करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यदि कोई भी नागरिक अपने भवन/भूमि में प्राइवेट वाहन स्टैंड संचालित करता हो या करना चाहता हो तो उसे नगर निगम, वाराणसी के राजस्व विभाग से अनुमति लेना आवश्यक होगा। इसके लिए कोई भी नागरिक जो प्राइवेट रूप से वाहन स्टैंड संचालित करते हों या करने वाले हों, को नगर निगम, वाराणसी के मुख्यालय में भूतल पर कक्ष संख्या-31 में स्थित राजस्व विभाग में सम्बन्धित ठेका लिपिक से सम्पर्क कर निर्धारित प्रारूप पर अनुमति के लिए आवेदन कर सकते है। नगर निगम उक्त भूमि/भवन की जांच कर वाहन स्टैंड संचालित करने के लिए अनुमति देगा। यदि किसी के द्वारा बिना अनुमति के प्राइवेट वाहन स्टैंड संचालित करता हुआ पाया जायेगा तो संचालक एवं भू-स्वामी के विरूद्ध नगर निगम की सुसंगत धाराओं सहित दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संचालक एवं भू-स्वामी की होगी।नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने आगामी 02 अप्रैल को अपराह्न 1:30 बजे नगर निगम सभागार में बैठक बुलाई है। इस बैठक में प्राइवेट वाहन स्टैंड चलाने वाले संचालक उपस्थित होकर अपनी बातों को रख सकते हैं। वाराणसी नगर निगम सीमा में संचालित करने वाले सभी प्राइवेट वाहन स्टैंड संचालक इस बैठक में उपस्थित हो सकते हैं।

फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन की गुणवत्ता पर पोषक तत्व का विशेष महत्वः डॉ. अनिल कुमार

कानपुर । फसलों की उत्पादकता और उत्पाद की गुणवत्ता पर पोषक तत्वों का बहुत महत्व है। इसका संतुलन बनाए रखना बहुत आवश्यक है। यह बात शुक्रवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार ने प्रशिक्षण में आए हुए किसानों से कही।उन्होंने किसानों से पोषक तत्वों की आर्थिक लाभ और मृदा स्वास्थ्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मृदा नमूना लेकर उसकी जांच कराएं और वैज्ञानिकों द्वारा दिए गये सुझाव के मुताबिक खेती करें।सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ.खलील खान ने बताया कि आज ग्राम पंचायत सन्नी में कृषकों को द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों का मृदा स्वास्थ्य में योगदान विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

डीएफओ ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर । विपिन राज कान्वेंट पनी में परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया । विद्यालय के परीक्षाफल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ रामानुज त्रिपाठी एवं जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण रहे । समारोह में विद्यालय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को अंकपत्र, मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर विद्यालय में अनेकों गतिविधियों में रुचि रखने वाले बच्चों में दिव्यांशी सिंह, अथर्व, तमन्ना, प्रिंस केसरवानी, अफ्फानअली, अविका, गगन, अश्मीरा, मुजम्मिल, रुद्र तिवारी, अंशिका अग्रहरि ,अनिका, अवनी सोनी, कार्तिक सोनी, असमीरा नाज,आस्था त्रिपाठी, हर्षित , आयुश को सम्मानित किया गया । वहीं पी जी में संस्कार

गुप्ता, अहद खान प्रथम व अन्हा खान मरियम दूसरे स्थान पर कक्षा एक में दरपिता श्रीवास्तव, अबान प्रथम, कक्षा दो अभय राज शरन, अरीबा उमरा प्रथम, कक्षा तीन में अयान प्रथम, मो साहिर दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा चार में नसरा प्रथम महावीर दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 5 अरिबा , सत्यम प्रथम, सरस्वती दूसरे स्थान पर रही। कक्षा 6 में इफरा प्रथम, दूसरे स्थान परअलिया रही। कक्षा 7 में अनामिका प्रथम, असरा, एंजल राज दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 8 में वैभवी मिश्रा प्रथम, मो कैफ दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 9 में रिषभ यादव प्रथम, शबाना नाज दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 11 में निशू यादव प्रथम , अंजली पांडे दूसरे स्थान पर रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ रामानुज त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी कल का भविष्य है जो छात्र-छात्राएं क्लास में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे हैं उनको बहुत-बहुत बधाई और जो लोग अच्छे अंक लाने में पीछे रह गए हैं वह और मेहनत करके अगले वर्ष इन स्थानों पर आने के लिए प्रयास करें। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया । इस अवसर पर श्रीमती रोलिका शरन, श्रीमती उपासना शरन, श्रीमती लीना श्रीवास्तव, शिवानी श्रीवास्तव , शबनम, बुशरा आलिया, उमा शुक्ला, शीबा परवीन, आशीष मिश्रा, सर्वेश श्रीवास्तव, राजकुमार, रवि कुमार पवन सिंह, अब्दुल कुद्दुश ,अंशुमान सिंह रवि गुप्ता सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

ईसाई धर्म के अनुयायियों ने किया सभा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर । शहर के देवीगंज इलाके में स्थित चर्च में आज गुड फ्राइडे के अवसर ईसाई धर्म के अनुयायियों ने एक सभा का आयोजन किया गया पास्टर डेविड ग्लैडिविन सेक्रेटरी क्रिस्टोफर ट्रैजरार सुनील ने बताया कि बाइबल के अनुसार प्रभु यीशु मसीह की सात वाणी के उपलक्ष में इंडियन प्रेस विटेरियन चर्च में गुड फ्राइडे के दिन बहुत सुंदर एक सभा हुई और बहुत से विश्वासी लोगों ने प्रभु की सात वाणी जो क्रूस पर बोले थे वह सभी

लोग इन वणियो को सुनकर प्रभावित हुए थे सात वाणी पास्टर जौन दास पास्टर डेविड पास्टर जेडी वालिस एवं मध्य प्रदेश उज्जैन से आए हुए उनके द्वारा भी संबोधित किया गया अंत में जलपान की व्यवस्था के साथ सभा का समापन किया गया इस मौके पर ईसाई धर्म को मानने वाले महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे ।

सेवादार को मृत दिखा मठ की जमीन हड़पने की साजिश, मुकदमा दर्ज

मीरजापुर। जिले के मड़िहान तहसील अंतर्गत कसेरुआ गांव स्थित ट्रस्ट के सेवादार को मृत दिखाकर श्रीमूर्ति श्रीठाकुरजी के नाम लगभग 15 सौ बीघे जमीन हड़पने की साजिश में न्यायालय के आदेश पर दो लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा पुलिस ने शुक्रवार को दर्ज कर लिया। श्रीमूर्ति श्रीठाकुरजी के नाम कसेरुआ गांव की खतौनी में 379 हेक्टेयर जमीन अंकित है। महंत केशवदास की मौत के बाद उनका शिष्य नारायनदास जमीन की देखभाल करता था पर अस्वस्थता के कारण उसने सेवादारों को जमीन सौंप दी थी। कुछ लोग नारायनदास को मृत दिखाकर जमीन की हेराफ़ेरी करने लगे। मामला प्रकाश में आया तो नारायनदास ने जिंदा होने का सुबूत न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले में सम्बंधित लेखपाल चन्द्रभूषण शुक्ल व श्यामबिहारी निवासी कोटवा, मोहनपुर थाना पड़री के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश हो गया।

पत्रकार की माता के निधन पर शोक

कसया, कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के लोनिवि विश्राम गृह में शुक्रवार को पत्रकारों की बैठक ग्रापए के तहसील अध्यक्ष कृष्णमोहन पांडेय की अध्यक्षता में संपन हुई। इसमें विशुनपुर मंगुरही निवासी पूर्व प्रवक्ता रामअशीष शुक्ल की पत्नी एवं पत्रकार व शिक्षक राजेश शुक्ल की 80 वर्षीया माता सावित्री देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव, राकेश चंद पांडेय, मनीष यादव, आदित्य शाही, अनिल तिवारी, राजेंद्र शर्मा, अशोक सिंह, बृजबिहारी त्रिपाठी, हृदयानंद शर्मा, संजय तिवारी, सतीश सिंह, अजय मिश्र, दिनेश ओझा, शैलेश सिंह, फैजुल हक, विनोद गुप्ता, सौरभ मणि त्रिपाठी, रमेश जायसवाल, सतीश पांडेय, रजनीश मिश्र, उमेश पांडेय, सतीश पांडेय, ज्ञानचदं गोंड, राजकुमार पांडेय, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, राज पाठक, विजय तिवारी, विरेश राय, नीरज धर द्विवेदी, गोपाल गुप्ता, संदीप त्रिपाठी, अरविंद सिंह, विवेक उपाध्याय, अशोक पांडेय आदि ने शोक व्यक्त किया है।

होली के दिन दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

पड़रौना,कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। होली के दिन रामकोला थाना क्षेत्र के विजयपुर चौराहे पर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। इसमें तीन लोगों को गंभीर चोटें लगी है। एक पक्ष द्वारा डॉक्टरी परीक्षण कराकर थाने तहरीर दिया गया है जिसके आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के फरदहां गांव निवासी नवमी पटेल पुत्र मोती पटेल रामकोला थाने में तहरीर देकर जिक्र किया है कि होली के दिन 25 मार्च को करीब चार बजे शाम को मेरा भाई गोविंद पटेल एवं भतीजा अनुराग पटेल तथा पट्टीदार के संतोष पटेल, विशाल पटेल, किशन पटेल आदि लोग टेकुआटार से खाना खाकर वापस घर आ रहे थे कि विजयपुर चौराहे पर पहले से घात लगाए अरविंद व सूरज पुत्रगण चंद्रिका, विकास पुत्र मुंद्रिका, परमेश्वर पुत्र गंगा वर्मा, गंगा वर्मा पुत्र शारदा वर्मा, राजकुमार पुत्र नाथू, दीपक पुत्र नाथू गुप्ता, विमलेश कुशवाहा पुत्र भोला व चार अज्ञात लोगों में मेरे भाई गोविंद व भतीजा का गाड़ी रोक लिए और गोलबंद होकर गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। इस दौरान गोविंद के सिर में गंभीर चोट लग गई जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। उसके गले का चैन व मोबाइल छीन लिए। तभी दूसरे बाइक पर अन्य लोग आए उन्हें भी लोगों ने दौड़ाकर मारने पीटने लगे। साथ ही इन लोगों द्वारा जान से मारने पीटने की धमकी भी दी जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामकोला विनय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है। दोषी जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होंगे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवती का दाहिना पैर व हाथ का पंजा कटा

कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पडरौना रेलवे स्टेशन के पश्चिम आउटर पर पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवती का दाहिना पैर कट गया साथ ही एक हाथ पंजा भी। इस दौरान युवती अचेता अवस्था में गिर पड़ी। आसऽपास के लोगों ने जीआरपी पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को एंबुलेंस जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पडरौना कोतवाली क्षेत्र के खांव खड्डा निवासी सलीना खातून पुत्री फखरे आलम उम्र 19 वर्ष गुरुवार को अपराह्न 02:40 बजे पडरौना रेलवे स्टेशन के पश्चिम आउटर पर कप्तानगंजऽथावें पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे युवती का दाहिना पैर व दाहिना हाथ का पंजा कट गया। इस दौरान युवती अचेत हो गई। घायल अवस्था में जीआरपी पडरौना द्वारा एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया और इसकी सूचना उसके परिजनों को दिया। युवती का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, मौके पर लड़की के पिता भी मौजुद रहे।

एनडीए प्रत्याशी को चुनाव जिताने को लेकर रालोद ने बनाई रणनीति

कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय लोक दल जिला इकाई की एक आवश्यक बैठक बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित पार्टी के कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिसमें लोकसभा कुशीनगर के एनडीए प्रत्याशी को चुनाव जिताने का निर्णय लेते हुए अग्रिम रणनीति पर चर्चा की गई। शुक्रवार को रालोद जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुँवर ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि रालोद व भाजपा एक साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ रहे है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के लिए गए निर्णय का पार्टी का हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता पालन करेगा। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न चौधरी चरण सिंह व पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह ने हमेशा दबे, कुचले, मजदूर एव किसानों के हक एवं अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ी। इसी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी ने एन. डी. ए. से गठवन्ध किया है ताकि सरकार में सह?भागी रहकर इनका हक एवं अधिकार दिलाया सके। बैठक में रामभवन राव ने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी लोग गठबन्धन प्रत्याशी को जिताने के लिए मनोयोग से लगकर कार्य करें व कुशीनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी को चुनाव जिताने के लिए जन सम्पर्क में जुट जाने के लिए कहा गया।

30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर, के द्वारा में 30 दिवसीय आवासीय ब्यूटीपार्लर मैनेजमेन्ट प्रशिक्षण का शुभारम्भ राकेश गौतम, अग्रणी जिला प्रबंधक के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्री गौतम ने प्रशिक्षार्थियों का मनोबल बढाते हुये बताया की ब्यूटीपार्लर में आज कल सभी महिलाएं जा रही है चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र की हो या शहरी क्षेत्र की। इस क्षेत्र में रोजगार की आपार सम्भावनायें हैं। आप लोग इस क्षेत्र में खुब मन लगाकर काम करीये और अपने आर्थिक स्थिति को सुधारने में सहायोग करीये। साथ ही संस्था के निदेशक शिव चन्द लाल कर्ण ने प्रशिक्षार्थियों को बताया कि आप लोग इस क्षेत्र में अपने कार्य कौशल को दिखलाईये और संस्था के नाम को रोशन किजिए। संस्था के फैकल्टी जयप्रकाश प्रजापति के द्वारा प्रशिक्षार्थियों को ट्रेनिंग में नियमित उपस्थिति बनाये रखने के लिए बताया। इस अवसर पर गुंजा देवी, कविता देवी, सीमा विश्वकर्मा, सुधा वर्मा, दुर्गावती देवी, मंजू भारती, नंदनी, साबिता गुप्ता, कुसुम, रागिनी, रंजना कुमारी, मनोरमा देवी, सरिता, हिमांसी मिश्रा अंशु पाण्डेय, जरीना खातून सविता कुशवाहा, नीलम विश्वकर्मा, निशा शर्मा, ज्योति देवी आदि प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

शार्ट-सर्किट से लगी आग से गेहूं की दो बीघा खड़ी फसल जलकर राख

मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के लूसा गांव में शुक्रवार दोपहर एक किसान के खेत में खड़ी गेहूं की पकी-पकाई फसल में बिजली तारों में हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से आग भड़क उठी। किसान एवं अन्य ग्रामीणों ने मिलकर आग पर जैसे-तैसे काबू पाया। इसके बाद भी किसान की दो बीघा खेत में खड़ी फसल जल गई। लूसा गांव निवासी अशोक सिंह के अनुसार गेहूं की फसल पककर कटाई के लिए तैयार थी। खेत से गुजरे हाई टेंशन बिजली के तार में शार्ट सर्किट होने पर निकली चिंगारी से खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने से उठ रहे धुएं के गुब्बार को देखते ही ग्रामीण भाग कर खेत पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। परंतु हवा के साथ बढ़ रही आग को बुझाने में असफल रहे।

होली मिलन समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। शहर के चौक चौराहे हनुमान मंदिर के सामने सर्राफा एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी और पप्पन के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया उन्होंने बताया कि होली उत्सव एवं सामाजिक एकता सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करता है कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना एवं राधा कृष्ण बरसाने की होली फूलों की होली में पुष्प वर्षा करके होली का आनंद लिया गया एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा करके होली की शुभकामनाएं दी गई इस मौके पर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति खागा विधायक कृष्णा पासवान जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल वीरेंद्र पांडे ए आनंद स्वरूप रस्तोगी हरिओम रस्तोगी मोनू रस्तोगी बृजेश सोनी संजय गुप्ता ज्योति प्रवीण साधना सिंह पूनम श्रीवास्तव अमित मिश्रा नीतू संजय लाल वंदना द्विवेदी राधेश्याम हर सत्य भगवान गुप्ता मनोज मोदनवाल कालका प्रसाद सोनू गुप्ता रंजन गुप्ता सहित सराफा एसोसिएशन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

प्रशासन ने बंद कराया पट रहे तालाब का पटान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खुटार शाहजहांपुर। नगर के मोहल्ला गांधी नगर में सीएचसी अस्पताल के पीछे एक तालाब को ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी डालकर? पाटा जा रहा है।जिसकी जानकारी नगर वासियों ने नगर पंचायत समेत राजस्व विभाग के अधिकारियों को दी लेकिन कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। चर्चा यह भी है कि तालाब को पटवाने में कुछ बड़े बड़े भाजपा नेताओं का हाथ है। जिसके दबाव के चलते अधिकारी कुछ नहीं कर पा रहे हैं।और नेता जी नगर के बीचो बीच की वेश कीमती तालाब की जमीन को कब्जा कर बेचने की फ़िराक में लगे हुए हैं। बताया यह भी जा रहा है कि नेता जी इससे पूर्व में भी कई तालाबों और पुलिया की जमीनों पर भी कब्जा कर चुके हैं। लेकिन सत्ता की पकड़ के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जिससे अब

सबाल यह उठ रहा है। क्या कानून सिर्फ आम जनता के लिए ही बने हैं। संबंध में पुवायां एसडीएम ने बताया की सूचना मिली थी टीम भेज कर काम बंद कराया है अगर फिर से तालाब पठान किया जा रहा है टीम भेज कर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

गाजे-बाजे के साथ 1001 कुंवारी कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगर में स्थित मां दुबौली देवी स्थान पर 9 दिवसीय शतचण्डी महायज्ञ का विशाल कलश यात्रा 1001कन्याओं द्वारा शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ एवं नगर के विभिन्न अखाड़ों के खिलाड़ी अपने करतब दिखलाते हुए निकला।इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष से पूरा नगर भक्ति मय हो गया।

कलश यात्रा मां दुबौली स्थान से वैदिक मंत्रोच्चार के उपरांत कलश यात्रा ग्राम पटखौली,मेहड़ा,पिपरा बौलिया होते हुए चकबंदी चौंक, आजाद चौक शुक्र की बाजार होते हुए राम-जानकी घाट पहुंचा जहां विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के उपरांत कलश में जल भरकर पुनः सुभाष चौक होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचा जहां कलश को स्थापित किया गया। श्री शतचण्डी महायज्ञ के व्यवस्थापक शैलेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह यज्ञ 29 से प्रारम्भ होकर 7अप्रैल को पूर्णाहुति एवं भण्डारा के

साथ संपन्न होगा। साथ ही 30 मार्च से पूर्णाहुति तक सायंकाल 7 बजे से बाल विदुषी कथा वाचिका अनुष्का पाठक का श्री राम कथा होगा।

कलश यात्रा में सम्मिलित मंदिर की पुजारी लक्ष्मी देवी,उदय मद्धेशिया, सुरेश जयसवाल, आनन्द रौनियार,डब्लू बाबा, परमजीत सिंह,रवि तिवारी,विजय कुशवाहा सहित काफी संख्या गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सुरक्षा व्यवस्था के बीच रमजान माह के तीसरे जुमे पर पढ़ी गई जुम्मे की नमाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना कुशीनगर । माह-ए-रमजान के तिसरे जुम्मा के दिन शुक्रवार को मस्जिदों

नगर के छावनी, लाजपत नगर सहित अन्य जगहों पर जुमा की नमाज हुई अदा

में जुमा की नमाज पढ़ी गई। बुजुर्गों, नौजवानों और बच्चों ने नमाज अदा करके अमन और चैन की दुआ मांगी। शुक्रवार को रमजान के तीसरे जुमे को लेकर रोजेदारों में उत्साह देखने को मिला। रोजेदार सुबह से जुमे की नमाज की तैयारी में जुट गए थे। दोपहर 12:30 बजे जुमा की अजान शुरू हुई तो एक-एक कर पडरौना शहर की मस्जिदों में भीड़ जुटनी शुरू हो गई। पडरौना शहर के लाजपत नगर स्थित जामा मस्जिद के साथ छावनी, पोस्ट ऑफिस वाली गली, सिधुआं और बसहियां

बनवीरपुर की मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद दुआओं का सिलसिला शुरू हुआ तो लोगों ने कारोबार में बरकत, बीमारी से शिफा के साथ मुल्क में अमन-चैन कायम रहने की दुआएं मांगीं। इस दौरान कोतवाली पडरौना क्षेत्र के सिधुवा बाजार स्थित मस्जिद मे चौकी प्रभारी सिधुआ धीरेंद्र राय कांस्टेबल विवेक कुमार बसहिया बनवीरपुर मस्जिद के आलावे में बासी चौकी प्रभारी गौरव वर्मा कांस्टेबल हेड सुनील सिंह उपेंद्र सिंह ग्राम सभा गंम्भीरिया स्थित मजीद और बुढन शाह पीर रउजा मजार पर सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे।

जनकल्याणकारी योजनाओं से मोदी-योगी सरकार ने जनता का दिल जीता : अनिल राजभर

एजेंसी

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरंतर अथक परिश्रम करके अपने मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास बनाए रखते हुए देश-प्रदेश में विकास का कीर्तिमान स्थापित किया। जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता का दिल जीता। अब हम सबका प्रयास होना चाहिए कि पिछले चुनाव में भाजपा को मिले मतों में 370 से अधिक मतों को बढ़ाने का प्रयास कर ऐतिहासिक रूप से भाजपा का कमल खिलायें और प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर देने व दिलाने का प्रयास हम सभी बूथ के कार्यकर्ताओं का होना चाहिए। यह बातें शुक्रवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व लोकसभा क्लस्टर प्रभारी अनिल राजभर ने इलाहाबाद लोकसभा के मनकामेश्वर बूथ संख्या 01 अरैल के तपस्वी बाबा आश्रम के प्रांगण में

बूथ के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र के संयोजक व बूथ अध्यक्षों के साथ टिफिन बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा बूथ के कार्यकर्ताओं में हनुमान जैसी शक्ति है। अब पुनः स्मरण करके संगठन के कार्य को पूरा करते हुए चार सौ पार के लक्ष्य को साकार करना है। इलाहाबाद लोकसभा के प्रभारी मनोज जायसवाल ने नारीबारी मंडल के सुरवल बूथ संख्या 273-274 के कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश लेकर आप सभी कार्यकर्ताओं के बीच आया हूं। मोदीजी ने आपसे 100 दिन मांगें थे अब 60 दिन ही शेष बचे हैं। उस समय को बूथों पर देकर प्रत्येक बूथ पर मत प्रतिशत बढ़ाकर हम सबको संकल्प लेकर उसे पूरा करना है। यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने विश्वास दिलाया कि इलाहाबाद लोकसभा सीट हमारे कार्यकर्ताओं के परिश्रम से पांच लाख मतों से जीतकर देंगे।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इलाहाबाद लोकसभा के 1809 बूथों पर टिफिन बैठक आयोजित हुई। कार्यकर्ताओं ने भोजन मंत्र के बाद एक साथ बैठकर सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी भाजपा के समरसता के साथ मिल-बांटकर भोजन करने के बाद ल्एक बार फिर मोदी सरकारल्ल अबकी बार चार सौ पार के संकल्प को दोहराया। बैठक में जयसिंह पटेल, राजेश शुक्ला, रत्नाकर सिंह पटेल, बृजेश पांडेय, सुधाकर पांडेय, अंजनी लाल, नागेश्वर निषाद, सुनील प्रजापति, अशोक सिंह, सुभाष कुमार, विजय बहादुर सिंह, राजकुमार मिश्रा, सुनील प्रजापति, राजकरण कुशवाहा, छेदीलाल, विजय बहादुर सिंह, पृथ्वीराज साहू, ज्ञानेंद्र प्रसाद कुशवाहा, शिवम् मिश्रा आदि के साथ बूथ के कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित रही।

निर्वाचन कार्यों की जिला निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा

बेव कास्टिंग के लिए समय से तैयारी पूर्ण करने के दिये गये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मतदान केन्द्रों का मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, बेव कास्टिंग वाले बूथों पर नेटवर्क व बिजली की उपलब्धता, माडल बूथ की स्थापना, अनुपस्थित, शिफ्टेड व मृतक मतदाताओं (एएसडी) की सूची तैयार करना, मतदाता पहचान पत्र के वितरण इत्यादि कार्यों की समीक्षा हेतु उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों, आरओ हैण्डबुक, आदर्श आचार संहिता से सम्बन्धित दिशा-निर्देशों आदि का भली भांति अध्यन कर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुसार सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार मतदान केन्द्रों पर रैम्प, बिजली, पानी, प्रकाश इत्यादि की सभी आवश्यक सुविधाएं समय से सुनिश्चित करा ली जाय। साथ ही बेव कास्टिंग वाले मतदान केन्द्रों व बूथों पर नेटवर्क व बिजली की उपलब्धता इत्यादि की उपलब्धता समय से पूर्ण कर ली जाय ताकि बेव कास्टिंग कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। एएसडी मतदातों की सूची वरिष्ठ अधिकारी अपनी देख-रेख में तैयार करायें ताकि कोई भी मतदाता छूटने न पाये। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि

मतदाता पहचान पत्र वितरण कार्य की करें गहन समीक्षा

निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान फार्म 06 भरने वाले नये अर्ह मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र के वितरण का भारतीय पोस्टल सेवा के ऐप से मिलान कर वितरण के प्रगति की डाकियांवार गहन समीक्षा की जाय। जिस स्तर पर मतदाता पहचान पत्र वितरण में लापरवाही व उदासीनता पायी जाय उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को पत्राचार भी किया जाय। नये मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदाता पहचान पत्र का वितरण सुनिश्चित कराये ताकि मतदान प्रतिशत प्रभावित न होने पाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जिले में लावारिस लाश मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा

गोण्डा। थाना क्षेत्र धानेपुर अंतर्गत एक गांव में कैटरर्स का काम करने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत पर्वती गांव निवासी 25 वर्षीय सूरज का शव जनपद के ही थाना धानेपुर के उजैनी कला गांव में मिलने से शुक्रवार की सुबह सनसनी फैल गई।आनन फानन में ग्रामीणों ने शव की सूचना थाने पर पहुंचाई तो पुलिस ने मौका निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से पहचान करा कर मृतक के परिजनों को सूचित करके शव का पंचायत नामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक सूरज के संबंध में परिजनों ने बताया कि सूरज काफी दिनों से कैटरर्स का काम करता है तथा खाना बनाने के लिए दूर-दूर तक आना-जाना होता है। उसी संबंध में गुरुवार को दिन में वह घर पर यह बताकर निकला कि खाना बनाने जा रहा हूँ।लेकिन शुक्रवार की सुबह लोगों को सूरज के शव मिलने की जानकारी मिली तो आवाक रह गए। परिजनों ने बताया कि उज्जैनी कला गांव में ही मृतक सूरज की बुआ का घर भी है।लेकिन उन लोगों को मृतक के आने की कोई जानकारी नहीं थी।

आर्य समाज मंदिर में हुआ होली मिलन का कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । नगर के आर्य समाज मंदिर में होली के पावन पर्व पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान लालता प्रसाद ने किया। होली मिलन कार्यक्रम के उपरांत आर्य समाज नानपारा के आधारशिला के संस्थापक सदस्यों एवं पदाधिकारी जो दिवंगत हो चुके हैं उनके मरणोपरांत उनके परिजनों को उनके कार्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए आर्य सम्मान पत्र तथा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। दिवंगत पदाधिकारियों तथा सदस्यों के परिजनों को स्मृति सम्मान पत्र पाने वाले स्व बापू किशन लाल मद्धेशिया के पुत्र अभय कुमार मद्धेशिया, स्व कृपाराम आर्य के पुत्र प्रकाश वीर गुप्त, स्वर्गीय विश्वनाथ आर्य के पुत्र आनंद कुमार, स्वर्गीय ओंकारनाथ आर्य की पत्नी श्रीमती शकुंतला देवी, स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण के लिए पौत्रवधू तथा स्वर्गीय सावित्री देवी के लिए उनकी पुत्री श्रीमती रीना गुप्ता को आर्य समाज नानपारा के प्रधान द्वारा स्मृति सम्मान पत्र प्रदान किया गया । आर्य समाज नानपारा के मंत्री आनंद कुमार तथा उप प्रधान प्रकाश वीर गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष श्रीमती कल्पना आर्य तथा राघवेंद्र कश्यप ने इन सभी दिवंगत लोगों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन तथा कार्यों को अपने जीवन में उतारने तथा शिक्षा लेने की बात की तथा समाज के उत्थान के लिए भी विचार प्रस्तुत किया। इस मौके पर आर्य समाज के पदाधिकारी एवं आर्य समाज महिला सभा के महिलाएं उपस्थित रही।

सुंदर शिशु मंदिर के बच्चो का वार्षिक परीक्षाफल हुआ वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। स्थानीय सुंदर शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल की इंग्लिश मीडियम शाखा एस.एस.एम. जे.एच.एस. में शुक्रवार को आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को मेडल, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबन्धक अतुल चन्द श्रीवास्तव रहे उन्होंने सभी मेधावियों का उत्साह वर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन से हुई। पंचम की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि ने सभी मेधावियों को प्रमाणपत्र व मेडल दिया। जिसमें नर्सरी में प्रिंस प्रथम, स्वीटी द्वितीय, फैजान तृतीय, एलकेजी में राधिका देवी प्रथम, अर्श खान द्वितीय, रय्यान अली तृतीय, यूकेजी मे जिकरा प्रथम, शिवम कुमार द्वितीय, निगहर खान तृतीय, फस्ट मे अभिषेक कुमार प्रथम, ज़िया फात्मा द्वितीय, करण सिंह तृतीय, सेकेंड मे ईशा चौरसिया प्रथम, चित्रा चौरसिया द्वितीय, ओमीका तृतीय, थर्ड में कुनाल प्रथम, दानिश द्वितीय, सूची वर्मा तृतीय, फोर्थ में उमंग गुप्ता प्रथम, फराज मसूरी द्वितीय, इशिता नाग तृतीय, फिफ्ट में हर्ष जायसवाल प्रथम, समर जायसवाल द्वितीय, पंछी गुप्ता तृतीय को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुधाकर श्रीवास्तव, भव्यता रस्तोगी, फरहीन खातून, रिमझिम जायसवाल, सिमरन जायसवाल, अंजना जायसवाल, सना कौसर, शबीना मिर्ज़ा, हरीश कुमार, संजना श्रीवास्तव, रुकसार, शूबी, रोशनी, शबनूर ,दीपक सिंह, सहित बच्चों के अभिवावक मौजूद रहे।

जुम्मे के नमाज को लेकर गोंडा पुलिस रही सतर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। माफिया मुख्तार की मौत के बाद जिला प्रशासन सतर्क है।वही जिले में आज जुम्मे की नमाज को लेकर के पूरी तरीके से जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है।लगातार जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर निगरानी की जा रही है।जिले में आज जुम्मे की नमाज को सकुशल संपन्न करने के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने नगर कोतवाल और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ शहर क्षेत्र में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।इसके साथ ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरे गोंडा जिले में जुम्मे की नमाज संपन्न हुई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सोशल मीडिया सेल को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाए।अगर कोई भी व्यक्ति अफवाह फैला रहा है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई भी की जाए।दरअसल कल बांदा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान माफिया मुख्तार अंसारी की हुई मौत को लेकर के डीजीपी मुख्यालय द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुम्मे की नमाज को संपन्न कराने की भी निर्देश दिए गए थे।वही डीजीपी मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देश के आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने नगर कोतवाल राजेश कुमार सिंह और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ गोंडा नगर क्षेत्र में भ्रमण कर जुम्मे की नमाज अदा करने आए लोगों से जानकारी ली।वही मस्जिदों के आसपास सुरक्षा बल तैनात सभी को सकुशल तरीके से जुम्मे की नमाज संपन्न कराने की भी निर्देश दिए थे और सभी मस्जिदों के आसपास पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई है ताकि किसी भी प्रकार की जुम्मे की नमाज के दौरान दिक्कत न हो और पूरे जिले में सकुशल ढंग से जुमे की नमाज संपन्न कराई गई है।वहीं जिले के 17 थानों में भी अलग-अलग स्थान पर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास पैरामिलिट्री फोर्स के साथ भी कराया गया है।वही अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर के चुनावी आचार संहिता लगी हुई है।माहे रमजान का महीना चल रहा है और आज शुक्रवार भी है।जुम्मे की नमाज को लेकर के शहर क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ हमने पैदल गश्त कर लोगों से जानकारी ली है और पूरे गोंडा जिले में सकुशल ढंग से जुमे की नमाज संपन्न कराई गई है।कहीं भी किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना किसी को नहीं करना पड़ा है।सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है कोई भी व्यक्ति अगर अफवाह फैलाएगा तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मनोज सिंह के धर्मकाटा पर पकड़ा गया गरीबों का राशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में सरकारी खाद्यान्न की बड़े पैमाने पर कालाबाजारी किए जाने का मामला सामने आया है। कालाबाजारी के लिए धर्म कांटे पर लाकर रखे गए 18 बोरी सरकारी खाद्यान्न को ग्रामीणों की सूचना पर एसडीएम कर्नलगंज के निर्देश पर नायब तहसीलदार करनैलगंज ने राजस्व कर्मियों और पुलिसकर्मियों के साथ छापेमारी करके बरामद किया है।धर्म कांटा पर मौजूद लोगों का भी नायब तहसीलदार करनैलगंज और पुलिस के अधिकारियों द्वारा बयान लिया गया है।ट्रैकों के माध्यम से सरकारी खाद्यान्न को उतारकर के यहां पर रखा जाता था और यहीं से कालाबाजारी की जा रही थी।दरअसल करनैलगंज उपजिलाधिकारी भारत भार्गव को ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई कि मनोज सिंह धर्म कांटा कादीपुर पर बड़े पैमाने पर सरकारी खाद्यान्न रखा हुआ है। यहां पर सरकारी ट्रैकों के माध्यम से खाद्यान्न को लाकर के उतरा जाता है और यहीं से कालाबाजारी की जाती है।सूचना पर एसडीएम करनैलगंज द्वारा नायब तहसीलदार करनैलगंज और क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे।नायब तहसीलदार और राजस्व लेखपाल ने जब मौके पर पहुंचकर छापेमारी की तो मौके से 11 बोरी चावल और 7 बोरी गेहूं सरकारी धर्मकांटा के पास से बरामद हुई हैं। धर्म कांटे पर मुंशी के पद पर तैनात अभिषेक जायसवाल ने लिखित बयान में बताया है कि 24 मार्च को समय तीन बजे के करीब सरकारी खाद्यान्न को ठेकेदार विकास यादव के कहने पर सोनू सिंह नाम के व्यक्ति द्वारा 11 बोरी चावल और 7 बोरी गेहूं दूबे ड्राइवर के माध्यम से लाकर के हमारे यहां रखा गया था।मेरे द्वारा कोई भी खाद्यान्न की कालाबाजारी नहीं की जाती है मेरे धर्म कांटे से 11 बोरी चावल और 7 बोरी गेहूं नायब तहसीलदार करनैलगंज और लेखपाल ने बरामद किया है,जोकि ठेकेदार विकास यादव के कहने पर सोनू सिंह के द्वारा लाकर के रखा गया था।करनैलगंज एसडीएम भारत भार्गव ने बताया कि मनोज सिंह धर्म कांटा कादीपुर पर सरकारी खाद्यान्न होने की बात बताई गई थी।मौके पर नायब तहसीलदार करनैलगंज और लेखपाल द्वारा पहुंचकर जांच की गई तो 11 बोरी चावल और 7 बोरी गेहूं बरामद हुआ है।सरकारी खाद्यान्न को अपने कब्जे में लेकर के कर्नलगंज तहसील प्रशासन द्वारा आगे की कार्यवाही पूरे मामले में की जा रही है।

पुलिस की दबंगई से हलकान अधिवक्ता का परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले आचार संहिता लगने के साथ ही पुलिस की गुंडई और दबंगई थामने का नाम नहीं ले रही है,जिनके कंधे पर जिले के कानून व्यवस्था का भार होता है,वो खुद ही इसकी धज्जी उड़ाते दिख रहे हैं।सिविल कोर्ट के अधिवक्ता अमित दुबे के मालवीय नगर स्थित घर पर विगत तीन दिन से पुलिस वाले लगातार दबिश दे रहे हैं, दबिश देने की कोई वजह नहीं बता रहे हैं।अधिवक्ता अमित दुबे के घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज में पुलिस वालों की दबंगई कैद हुई है।अधिवक्ता अमित दुबे ने बताया की बुधवार की शाम को नशे में धुत पांडेय बाजार में तैनात सिपाही आदर्श तिवारी मिशन हॉस्पिटल के पास उनके छोटे भाई शिवांश दुबे से मोटर साइकिल खड़ी करने को लेकर बहस हो गई वही सूत्र बता रहे है की नशे में धुत सिपाही आदर्श दुबे ने शिवांश को भद्दी भद्दी गालियां दी, योगीराज में सभ्य आदमी पुलिस से उलझने की गुस्ताखी नही करता है।शिवांश ने भी इसे अनसुना कर दिया। लेकिन अगले ही दिन सिपाही पूरी तैयारी करके शिवांश के मालवीय नगर स्थित घर पर आ धमकता है और घर वालों के साथ अभद्रता करता है घर में छोटे छोटे बच्चे एवम महिलाएं सभी दहशत में है।वो शिवांश दुबे को हाजिर करने को कह रहा है।लेकिन यह नही बता रहा है की उसका गुनाह क्या है ? अगर कोई गुनाह शिवांश ने किया है तो मुकदमा दर्ज करके विधिवत कार्यवाही कीजिए लेकिन इस तरह से घर पर लगातार भारी संख्या में आकर घरवालों को भयभीत करना कानून सम्मत नही है।बुधवार की रात सिपाही जो की खुद नशे में धुत था उसने उस दिन केवल धमकी और गाली गलौज किया था, कोई कार्यवाही इसलिए नही किया क्यो कि उसे इस दिन मेडिकल होने पर शराब सेवन की बात सामने आने का डर था अन्यथा वो उसी दिन मेरे भाई के साथ मारपीट करके मुकदमा दर्ज करवाता।फिलहाल अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर पुलिस द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न की शिकायत किया है।

आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर की जाए सख्त कार्रवाई : सौरभ नायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षकों सौरभ नायक और टी.अरिवाझगन की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में दो बैठकें आयोजित की गईं। इसमें दोनों प्रेक्षकों ने चेतावनी दी कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।प्रेक्षकों ने प्रभारियों/सह प्रभारियों से जानकारी हासिल की कि उनके सामने निर्वाचन से संबंधित कितने प्रकरण आए और किस प्रकार का निराकरण किया गया। प्रेक्षकों ने कहा कि चुनाव के दौरान चुनावी सामग्री प्रत्याशियों द्वारा ट्रेन, बस, ट्रक सहित अन्य वाहनों के जरिए निर्वाचन क्षेत्र में लाई जाती हैं, जिस पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। साथ ही निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवैध शराब नहीं आनी चाहिए। इसके लिए सख्त कदम उठाये जाएं। किसी भी प्रत्याशी या उसके शुभचिंतकों या समर्थकों द्वारा किसी भी रूप में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता हैं तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाये।प्रेक्षकों ने कहा कि चुनाव के दौरान दोगुनी जिम्मेदारी आ जाती हैं। इस दौरान आपकों अपने कार्यालय का कार्य तो करना ही हैं किन्तु आपका विशेष ध्यान निर्वाचन के कार्य पर होना चाहिए, निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाती है।

आप सभी लोगों में बहुत से लोग ऐसे हैं जिनकी निर्वाचन में पहली बार तैनाती हुई होगी ऐसे लोगों को यदि अपने पद या कार्य की जिम्मेदारी के बारे में जानकारी कम है तो अपने प्रभारी से जानकारी ले सकता है।निर्वाचन अधिकारियों ने जनता से अपील की कि यदि आपके आप-पास या निर्वाचन क्षेत्र में कहीं भी आपको आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कोई भी व्यक्ति दिखाई देता हो तो 24 घंटे सातों दिन तुरंत टेलीफोन नंबर - 0120–2822980, 81, 82, 83 पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करायें या मेल आईडी controlroomgzb2024@gmail.com पर मेल करें या सी-विजिल एप का प्रयोग करने के लिए स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से ऐप में लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। इसके साथ ही निर्वाचन से संबंधित शिकायत पर यदि त्वरित कार्यवाही नहीं होती है तो प्रेक्षक सौरभ नायक का मोबाइल-8368432830 तथा प्रेक्षक टी.अरिवाझगन का मोबाइल- 7011117170 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

कलियुग में सदगुरु की कृपा से होती हैं भगवान की प्राप्ति : धीरशांत 'अर्द्धमौनी'

मुरादाबाद। स्वयंवर बैंकट हॉल रामगंगा विहार में आयोजित श्रीगीता भागवत सत्संग सप्ताह के दूसरे दिन शुक्रवार को कथा व्यास धीरशांत दास 'अर्द्धमौनी' ने बताया कि कलियुग में भगवान की प्राप्ति सदुरु की कृपा से होती है। गुरु अज्ञान रूपी अन्धकार को ज्ञान की शलाका से दूर कर देते हैं। जिससे मनुष्य भगवान की शरणागति को प्राप्त करता है।धीरशांत दास 'अर्द्धमौनी' ने कहा कि चौरासी लाख योनियों में मनुष्य जन्म सर्वोच्च है। मानव जीवन में भगवान श्रीहरि को रिझाकर उनकी कृपा प्राप्त करना ही चरम लक्ष्य है। संसार में भगवद्भक्ति के समान मूल्यवान कोई चीज नहीं है। जल्दबाजी में कोई कार्य नहीं करना चाहिए क्यूंकि बिना सोचे किया गया कार्य घर में विपत्तियों को आमंत्रण देता हैं। जो व्यक्ति सहजता से सोच समझ कर विचार करके अपना काम करते हैं लक्ष्मी स्वयम ही उनका चुनाव कर लेती हैं।कथा वाचक ने कहा कि अंत समय में मनुष्य जिस जिसका चिन्तन करता है, शरीर छोड़ने के बाद उस उसको प्राप्त हो जाता है। इस विधान में भगवान की कितनी उदारता भरी हुई है कि अन्त समय में जैसे हरिण का चिन्तन होने से भरतमुनि को हरिण की योनि प्राप्त हो गयी, ऐसे ही भगवान् का चिन्तन होने से भगवान्की प्राप्ति हो जाती है। जिस अन्तिम चिन्तन से हरिण आदि योनियों की प्राप्ति होती है, उसी चिन्तन से भगवान् की प्राप्ति हो जाती है। भगवान की इस उदारता का कोई पारावार नहीं है।

सनातनी कृष्ण भक्त एक अप्रैल को करेंगे शीतला बासेड़ा कुआं पूजन

ब्रज क्षेत्र की बैठक में हुआ निर्णय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मथुरा। वृंदावन में भागवत मंदिर में शुक्रवार श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास और कई सनातनी संगठनों द्वारा बैठक की गई । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 1 अप्रैल को सुबह सभी सनातनी हिंदू भाई बहन शीतला माता बासेड़ा कुंआ पूजन करेंगे।इस बैठक में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे फलाहारी दिनेश शर्मा ने कहा कि मुलायम सरकार ने शीतला माता कुआं पूजन पर रोक लगा दी थी, लेकिन अब सनातन हिंदू जाग चुका है,हम पूजा करके रहेंगे।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि सरकार को शीतला माता कूआ पूजन में सहयोग करना चाहिए, आचार्य बद्रीस जी महाराज ने कहा कि शासन प्रशासन को वहां पर पुलिस फोर्स की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए जिससे कोई भी हमारी माता बहन के ऊपर पत्थर नहीं फेंक सके।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि शीतला माता पूजन का अधिकार सभी सनातनी हिंदुओं को है और यह अधिकार हिंदुओं को मिलना चाहिए, डॉ जमुना शर्मा ने कहा कि सभी माता बहने 9:00 बजे 1 अप्रैल को उस स्थान पर पूजा करेंगे जहां पर पहले पूजा होती आई है।महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि शीतला माता पूजन पर सरकार ने रोक लगाई थी, उस सरकार को हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए, राष्ट्रीय मंत्री पी डी चौधरी ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी सनातन हिंदू एक होकर योगी मोदी की सरकार में अपने प्राचीन स्थलों पर पूजा अवश्य करें।राजेश शास्त्री ने कहा कि कृष्ण भगवान मंदिर के पास में जो कुआं बना हुआ है वह बहुत ही प्राचीन है और हमारी माता वहिने वहां प्राचीन काल से पूजा करती आ रही हैं,

राष्ट्रीय मंत्री जयराम शर्मा ने कहा कि हम सभी युवा और बुजुर्ग वहां पर जाकर पूजा करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से राया वाले वीर बजरंगी, सुभाष शर्मा,राहुल गौतम,डॉ मनोज सिंह , चित्रकूट वाले बाबा, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक ने कार्यक्रम का संचालन किया।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ. प्र. के पांच मंडलों की समीक्षा बैठक संपन्न

गोरखपुर । राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ. प्र. के प्रदेश संगठनमंत्री महेंद्र कुमार व प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश संयुक्त मंत्री आदित्य शुक्ला एवं संयुक्त मंत्री शशांक कुमार पांडेय के उपस्थिति में गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी व विंध्याचल मण्डल की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के प्रथम सत्र संगठन विस्तार के साथ कार्यकर्ताओं का अनुशासित कार्य के साथ प्रवास, अखिल भारतीय द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को न्यायपंचाय स्तर तक आयोजन करना, वर्तमान शैक्षिक सत्र में सदस्यता सूची के साथ आगामी सत्र की कार्ययोजना पर चर्चा। द्वितीय सत्र में शिक्षक समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। तथा पूर्व में शिक्षक समस्याओं के लिए मुख्यमंत्री जी से वार्ता के साथ सभी शिक्षा संवर्गों के मंत्री के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सभी संवर्गों के अध्यक्ष एवं महामंत्री के साथ हुई वार्ता पर चर्चा हुई।

बैठक में गोरखपुर के जिला संयोजक भारतेंदु यादव, विंध्याचल मण्डल अध्यक्ष अखिलेश वत्स, आजमगढ़ मंडल के अध्यक्ष डा बजरंग बहादुर सिंह, महामंत्री अनिल वर्मा, वरिष्ठ पदाधिकारी प्रवीण राय उपाध्यक्ष डा धनंजय कुमार सिंह, बस्ती मंडल के अध्यक्ष डा अरविंद निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष अनजनेय त्रिपाठी, संत कबीर नगर के जिलाध्यक्ष नवीन कुमार त्रिपाठी महामंत्री अमरेश कुमार चौधरी, देवरिया संयोजक जयश्री चंद्र, धर्मेंद्र, शैलेश यादव, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहें।

फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन की गुणवत्ता पर पोषक तत्व का विशेष महत्वः डॉ. अनिल कुमार

कानपुर। फसलों की उत्पादकता और उत्पाद की गुणवत्ता पर पोषक तत्वों का बहुत महत्व है। इसका संतुलन बनाए रखना बहुत आवश्यक है। यह बात शुक्रवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार ने प्रशिक्षण में आए हुए किसानों से कही।उन्होंने किसानों से पोषक तत्वों की आर्थिक लाभ और मृदा स्वास्थ्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मृदा नमूना लेकर उसकी जांच कराएं और वैज्ञानिकों द्वारा दिए गये सुझाव के मुताबिक खेती करें।सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ.खलील खान ने बताया कि आज ग्राम पंचायत सन्नी में कृषकों को द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों का मृदा स्वास्थ्य में योगदान विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। एक्रिप परियोजना के अंतर्गत कार्यरत राहुल प्रजापति,क्षितिज तिवारी व दीक्षा शुक्ला ने भाग लिया इस अवसर पर गांव के किसानों ने प्रतिभा किया।

मुख्तार अंसारी की मौत नेचुरल डेथ या फिर पॉलिटिकल मर्डर : डॉ. एसटी हसन

मुरादाबाद। मुख्तार अंसारी की मौत का मामला मैटर ऑफ इंक्वायरी है कि उनकी नेचुरल डेथ हुई है या फिर पॉलिटिकल मर्डर है। यह बातें समाजवादी पार्टी संसदीय दल के नेता व मुरादाबाद लोकसभा से सांसद डॉ. एसटी हसन ने शुक्रवार को एक मीडिया चैनल से बात करने के दौरान कहीं।सपा सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि मुख्तार अंसारी की मुख्तार अंसारी के घर वालों ने पहले भी इल्जाम लगाया था कि मुख्तार अंसारी का मर्डर हो सकता है। उन्हें स्लो प्वाइजन दिया जा रहा है।

भाजपा पूरनपुर ने किया बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर।नगर के साईं बैंकट हॉल पूरनपुर में विधानसभा स्तर पर सभी मंडलों के बूथ अध्यक्षों के साथ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें पूरनपुर विधानसभा के 387 बूथों के बूथ अध्यक्ष गण व मंडल टीम के सदस्य गण उपस्थित रहे।

इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे दुग्ध एवं पशुधन विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार धर्मपाल सिंह ने सभी बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को पीएम मोदी के 400 पार के लक्ष्य को साकार करने हेतु उनको प्रत्येक बूथ से विजयी बनाना होगा। पीलीभीत जिले में उसी तर्ज पर 26 लोकसभा पीलीभीत प्रत्याशी जितिन प्रसाद को चार लाख पार के भारी मतों के अंतर से विजयी बनाकर मोदी जी के लिए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त करना होगा। उन्होंने प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से यह अपील की कि देश से धारा 370 हटाने के उपलक्ष्य में प्रत्येक बूथ से हमें लगभग 370 मतों को बढ़ाना होगा जिसके साथ मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा और जीत का अंतर भी। धर्मपाल सिंह ने बताया कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की एक अभिन्न महत्वपूर्ण इकाई है जिसके दम पर हम अपने सभी चुनाव जीतते आये हैं। उन्होंने देश में 400 पार की सीट और पीलीभीत सीट पर चार लाख पार के भारी मतों से विजयी बनाने के विचार पर जोर दिया और चुनाव में बचे लगभग 20 दिनों में अपने पूरे सामर्थ्य को झोंक देने को कहा।

सम्मेलन में प्रमुख रूप से पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, लोकसभा चुनाव संयोजक डॉ सुधीर गुप्ता (एमएलसी), विधानसभा संयोजक व जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पांडे, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा, विधानसभा विस्तारक संजय सिंह, सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष व उनकी टीम, भाजपा सोशल मीडिया वा आईटी की टीम, पुलिस प्रशासन व पत्रकार बंधु जन उपस्थित रहे।

ब्राह्मण महासभा ने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी को जीतने के लिए बनाई रणनीति

पीलीभीत। लोकसभा क्षेत्र पीलीभीत में लोकसभा प्रत्याशी जितीन प्रसाद के लिए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पीलीभीत की टीम समस्त ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र में समस्त विधानसभा क्षेत्र में अपनी टीम के साथ जितिन प्रसाद के लिए जोर-शोर से हर समय बोर्ड बस सपोर्ट करने के लिए लोग मुझे हर संभव मदद करने के लिए घूम रही है क्षेत्र के लोगों से बात कर रही है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट सपोर्ट वोट डलवाने का काम करेगी लोगों से मिलजुल कर बहुत भारी संख्या में जनपद पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र में सांसद को विजय बनाने का प्रयास करेगी ।

भाजपा प्रत्याशी को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने दिया समर्थन

पीलीभीत। जनपद के समस्त ठाकुर समाज के प्रधान पूर्व प्रधान बीडीसी मेंबर कोटेदार एवं सभी सम्मानित ठाकुर समाज के व्यक्तियों ने बहुत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। और उनके विचारों को सुना और उनको वोट व सपोर्ट करने के लिए तन मन धन के साथ बात की भाजपा प्रत्याशी ने भी सभी साथियों को बहुत ही भारी संख्या में साथ में होने पर मेहनत से लगने के लिए बधाई दी और चुनाव जीतने की पूर्णता संकल्प लिया अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संगठन के पदाधिकारी वरिष्ठ संरक्षक डॉक्टर पी डी सिंह जी एवं ठाकुर सुखबीर सिंह भदोरिया जी राष्ट्रीय महामंत्री एवं रेखा सिंह परिहार जी जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत एवं जिला अध्यक्ष संजय सिंह तोमर एवं ठाकुर राकेश प्रताप सिंह डायरेक्टर उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ लखनऊ पूर्व ब्लाक प्रमुख बिलसंडा ठाकुर नरेश पाल सिंह मुन्ना प्रधान रामपुर वसंत एवं ब्रज कुमार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष बिलसंडा एवं ग्राम प्रधान मरैना ठाकुर संतोष सिंह ग्राम प्रधान पढ़ रही मरौरी ठाकुर कल्याण सिंह प्रधान आम खेड़ा ठाकुर अमित शाह प्रधान जटपुरा ठाकुर विपिन सिंह प्रधान ध्रुव कुमार सिंह प्रधान जितेंद्र सिंह पूर्व प्रधान ठाकुर रामपाल सिंह ककराआ अक्षय कुमार सिंह भदोरिया नरेश पाल सिंह प्रधान मुजफ्फरनगर पूरनपुर जिला अध्यक्ष प्रधान संघ पीलीभीत ठाकुर पंकज सिंह गुलरिया ठाकुर शिवपाल सिंह गुलरिया भूप सिंह मनोज सिंह तोमर वकील साहब जटपुरा अनुज सिंह पूरनपुर नगर अध्यक्ष बहादुर सिंह पूरनपुर अशोक सिंह पूरनपुर अवध राज सिंह रविंदर दास बाबा की सदस्य जिला पंचायत प्रत्याशी समस्त सम्मानित साथी जिला टीम अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पीलीभीतठाकुर भानु प्रताप सिंह चौहान जिला मीडिया प्रभारी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पीलीभीत के रहे।

डीएम की अध्यक्षता में मतदान कार्मियों का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्मिकों का प्रशिक्षण स्थानीय बेनहर स्कूल पीलीभीत में सम्पन्न हुआ। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कक्षों के निरीक्षण के दौरान कार्मिको को निर्देशित करते हुये कहा कि मास्टर टेझनर द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैड के सम्बन्ध में दी जा रही जानकारी को अच्छी तरह सीख लें, जिससे मतदान के दिन कार्य करने में कोई समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने मास्टर टेझनर को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी कार्मिकों को मशीनों का प्रशिक्षण मौके पर कराकर दिखाया जाये, जिससे मशीन के सभी पार्ट के बारे में अच्छी जानकारी प्राप्त हो सके, सभी प्रकार की सीलो के बारे में अच्छी जानकारी दी जाये। इस दौरान कार्मिक प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मशीनों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण कराया जाये। कार्मिको का प्रशिक्षण दो पालियों में सम्पन्न हुआ। कुल 1560 पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित कार्मिकों को कल प्रशिक्षण होने के निर्देश दिये गये है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आज से ग्रासरूट फुटबॉल के महाकुंभ की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। रामरती इंटर कॉलेज में सुल्तानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग 30 मार्च से आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता डेढ़ महीने तक चलेगी। जिसमे अंडर 12 और अंडर 14 आयु वर्ग के बच्चे खेलेंगे।

प्रतियोगिता हर रविवार को खेली जाएगी। यह फुटबॉल प्रतियोगिता ऑल इण्डिया फुटबाल फ़ेडरेशन और जिला फुटबॉल संघ के सहयोग से आयोजित की जा रही है। प्रदेश का दूसरा शहर सुलतानपुर है जो इस प्रतियोगिता को आयोजित कर रहा है। ब्लू कब्स लीग ऑल इंडिया फुटबॉल फ़ेडरेशन का एक प्रोजेक्ट है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता को सुल्तानपुर फुटबॉल अकादमी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। फुटबॉल कोच आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस लीग में कुल ग्यारह टीम प्रतिभाग कर रही हैं। जिसमे प्रयाग फुटबॉल अकादमी (प्रयागराज), संगम सिटी फुटबॉल क्लब(प्रयागराज), अवध फुटबॉल क्लब(अयोध्या), थंडर फुटबॉल क्लब(सुल्तानपुर), भुलियापुर फुटबॉल अकादमी (प्रतापगढ़), तक्षशिला अकादमी(अंबेडकरनगर) और सुल्तानपुर फुटबॉल अकादमी की टीम प्रतिभाग कर रही है। लीग मैच में अंको के आधार पर चार टीमें अंडर 14 में सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। और अंडर 12 में टॉप दो टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रवीण सिंह(प्रोफ़ेसर के एन आई) तथा विशिष्ट अतिथि राजेश कनौजिया (प्रवक्ता एमजीएस इंटर कॉलेज), एम एस वेग (जनरल सेक्रेटरी जिला फुटबॉल संघ), वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी मो इलियास द्वारा किया जाएगा।

शिक्षा व्यक्ति को साक्षर बनाने के साथ चरित्र निर्माण का संदेश देती है : सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। शिक्षा जीवन के लिये बहुत जरुरी है यह हमें समाज में जीवन जीने की कला सिखाती है जिस प्रकार मनुष्य को जीवित रहने के लिये जल वायु और भोजन की आवश्यकता होती है।शिक्षक छात्रों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है।यह बात जाग्रति इण्टर कालेज कुकहा रामपुर के वार्षिकोत्सव एव होली मिलन समारोह में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह ने कही।श्री सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि सच्ची शिक्षा न केवल हमें ज्ञान देती है बल्कि सभी प्राणियों के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन की सीख भी देती है।उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें साक्षर बनाने के साथ चरित्र निर्माण, शांति व सदभाव युक्त जीवन जीने का संदेश देती है। शिक्षा जीवन के लिये उसी प्रकार आवश्यक है जिस प्रकार जीवित रहने के लिये जल वायु और भोजन की आवश्यकता होती है।उन्होंने कहा कि शिक्षक वह है जो छात्रों को सिर्फ जीविका ही नहीं प्रदान करता बल्कि उनके जीवन का मार्ग भी प्रशस्त करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया।विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को भावविभोर कर दिया।प्रबंधक शीतला प्रसाद पाण्डेय व प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने अतिथियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।कार्यक्रम के आयोजक राम प्रकाश पाण्डेय ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।इस मौके पर ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, कृष्ण कुमार द्विवेदी उर्फ राजू भैया,आशीष मिश्रा,राजेश पाण्डेय, सज्जन पाण्डेय, उमा शंकर शुक्ला,अर्जुन सिंह भदौरिया,पुरुषार्थ पाण्डेय सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधि व अभिवावक मौजूद रहे।

प्रतापगढ़ जनपद का युवक तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना रामगंज पुलिस ने खरगापुर मोड़ के पास से एक अवैध तमंचा व एक अदद कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उप निरीक्षक चिन्तामणि तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद इजहार पुत्र जहीर आलम निवासी जैतीपुर कठार थाना अन्तू जिला प्रतापगढ़ उम्र करीब चौबीस वर्ष को खरगापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक अदद कारतूस बरामद हुआ है।इस सम्बंध में थाना रामगंज के प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

डीएम ने कोषागार व कंट्रोल रूम का किया आकस्मिक निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।जिलाधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार और लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्थापित किये गये कंट्रोल रूम का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।कोषागार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर, डबल लाक, सिंगल लाक आदि का निरीक्षण किया एवं सभी कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्थापित किये गये कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना संग्रामपुर पुलिस ने पातीपुर नहर पुलिया के पास से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उप निरीक्षक शरद चन्द्र मिश्रा मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान शिव शंकर मिश्र पुत्र अरुण कुमार मिश्र निवासी ग्राम सोइया थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब इक्कीस वर्ष को पातीपुर नहर पुलिया से भुसहरी रोड से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को पकड़े गये युवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बोर बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थाना संग्रामपुर पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

बाबूगंज मस्जिद पर इफ्तार पार्टी का आयोजन

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाबूगंज मस्जिद पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के महामंत्री सूरज विश्वास ने किया। इस मौके पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है। हमें मिल जुलकर त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा का माहौल बनता है। इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहते हैं संस्था के द्वारा रमजान का महीना पाक महीना है। सब लोग आने वाले त्योहार ईद को मिल जुल के मनाएं।

इस मौके पर शिक्षक साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने कहा कि रमजान-उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है। अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। इस प्रकार का इफ्तार पार्टी का आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ कटका क्लब अध्यक्ष नफीसा खातून, त्रिभुवन नारायण सिंह,वीर विक्रम सिंह, मोनू यादव, सुधीर यादव, सुमित दूबे, अभिषेक दुबे, आदि लोग उपस्थित रहें।

प्रत्याशी बदलने की भनक पर नाराज समर्थक, जिलाध्यक्ष को सुनाई खरी-खोटी

फोन पर कहा घूसखोर व चाटूकार, ऑडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी ने गठबंधन की ओर भीम निषाद को चेहरा बनाया था। प्रत्याशी को लेकर पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी सियासी ताना-बाना बुनने लगे। इसको लेकर अखिलेश यादव ने गोरखपुर के पूर्व मंत्री व कई बार के विधायक राम भुआर निषाद को उम्मीदवार बनाने पर विमर्श शुरू कर दिया है। इससे नाराज एक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने सपा जिलाध्यक्ष को फोनकर अपनी नाराजगी का इजहार किया, उन्होंने जिलाध्यक्ष को घूसखोर और चाटूकार बताया है। जिसका एक ऑडियो वायरल हुआ है।

आइए आपको पहले बताते हैं वायरल ऑडियो में कहा क्या गया...

वायरल ऑडियो लंभुआ विधानसभा के सपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नन्हे राम निषाद जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव से बातचीत कर रहे हैं। वे जिलाध्यक्ष से पूछते हैं कि भीम निषाद के टिकट को लेकर ग्रुप में चल रहा कोई दूसरा पा रहा? इस पर दूसरी ओर से जवाब मिला आप भीम के फ़ेवर में हैं या और किसी के फ़ेवर में। नन्हे राम ने साफ कहा हम किसी के फ़ेवर में नहीं पार्टी के फ़ेवर में हैं। तो जिलाध्यक्ष का जवाब आया पार्टी के फ़ेवर में हैं तो जिसको टिकट मिले उसकी मदद करें। नन्हे ने आगे कहा टिकट मिला तो था भीम निषाद को? इस पर जिलाध्यक्ष बोले कि तो मदद कीजिए उनकी। लड़ेगा निषाद ही मैं निषाद जानता हूं भीम निषाद लड़ेगा या और कोई निषाद लड़ेगा ये नहीं जानता।

अध्यक्ष का ये जवाब सुनकर नन्हे राम थोड़ा एग्रेसिव हुए उन्होंने कहा ये आपको नहीं पता। आप लोग कुर्सी पर केवल चाटुकारिता करने बैठे हैं। तब जिलाध्यक्ष बोले कि ये पता होता तो हम बताते नहीं आपको। जो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है वही बता रहा हूं। बात यही नहीं रुकी नन्हे राम ने कहा आप लोग पहले कंफर्म कर लीजिए, वोटर बेवकूफ नहीं। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है लेकिन जिलाध्यक्ष ने नन्हे से कहा तुम परेशान ना रहो। इस पर उन्हें जवाब मिला आपके पास एक वोट हमारे पास एक वोट हम नहीं परेशान रहेंगे। तब रघुवीर ने यादव ने कुर्सी की हनक दिखाते हुए कहा परेशान हो तो आओ चले आओ लखनऊ देखो। इसके बाद नन्हे ने आपा खोया और कहा आप लोग घूसखोरी कर रहे, फिर बता कानून बता रहे। चमचा गिरी करेंगे तो सपा ख़त्म हो जाएगी। हालांकि इस मामले में जब जिलाध्यक्ष से बात की गई तो उन्होंने कहा हम लखनऊ में हैं हमें ऐसे किसी ऑडियो की जानकारी नहीं है। वही प्रत्याशी भीम निषाद ने कहा कि हमें इस पूरे प्रकरण की कोई जानकारी नहीं है।

जुमा की नमाज को लेकर सतर्क रहा पुलिस प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। लोकसभा चुनाव व जुमा की नमाज के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा जायस में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया वहीं एडीएम और एएसपी ने कस्बा जगदीशपुर ने एरिया डोमिनेशन के तहत फ्लैग मार्च किया।आगामी त्यौहार व लोक सभा चुनाव को शांत व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने व जुमा की नमाज के अवसर पर शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी निशा अनंत एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को जनपद भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र जायस में जुमा की नमाज को शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को आवश्यक आदेश निर्देश दिया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एरिया डोमिनेशन के अन्तर्गत कस्बा जगदीशपुर में फ्लैग मार्च किया।अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा थाना जगदीशपुर पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ कस्बा जगदीशपुर में बाजार, भीड़-भाड़ व संवेदनशील स्थानों में फ्लैग मार्च कर आमजनमानस को शांत व सुरक्षित माहौल में आगामी त्यौहारों व लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने व आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु संदेश दिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह, रवि कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

डीएम और एसपी ने मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया

जायस अमेठी,जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना क्षेत्र जायस के मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया गया।लोकसभा चुनाव को शांत, सुरक्षित एवं निष्पक्ष वातावरण मे सम्पन्न कराये जाने हेतु शुक्रवार को जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा कम्पोजिट विद्यालय बहादुरपुर थाना क्षेत्र जायस के मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया गया एवं थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, एस टेन, डिजिटल वालेंटियर्स से वार्ता कर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने व कराने की अपील की गई।

सरस्वती विद्या मंदिर प्रवेश परीक्षा में उमड़ी भैया-बहनों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कादीपुर/सुल्तानपुर। विद्यालय के मीडिया प्रमुख एवं संगीताचार्य दीनबंधु सिंह के सूचना अनुसार विद्या भारती से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर में नवीन सत्र में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रवेश परीक्षार्थीयों एवं अभिभावकों को विद्यालय के मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह भैया/बहन ही इस विद्या मंदिर के देवता हैं, और आचार्य इसके पुजारी है। प्रवेश परीक्षा कक्षा पष्ठ नवम एवं एकादश के लिए संपन्न हुई। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम के लिए 565 एवं हिंदी माध्यम के लिए 531 भैया बहनों ने सहभाग किया। प्रवेश परीक्षा प्रभारी आचार्य अजय कुमार मिश्र, प्रभाकर पान्डेय, विजय नारायण सिंह, वेद प्रकाश सिंह, रामयश सिंह की टीम ने सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न कराया। सर्व व्यवस्था प्रमुख सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा परिणाम आज दिन शनिवार को प्रातः 8:00 बजे विद्यालय की सूचना पट पर चस्पा कर दिया जाएगा।

अमेठी में सड़कों पर घूम रही बीमारी, स्वास्थ्य विभाग नहीं जागा तो लापरवाही होगी जानलेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। अमेठी गांव के पास किसी मेडिकल स्टोर संचालक ने बायोमेडिकल वेस्ट फेंक दिया. यहां भारी मात्रा में एक्सपायरी दवाइयां मिली है. ऐसे खुले में मेडिकल वेस्ट फेंकने से बीमारी का खतरा बढ़ गया है. खरेंगा रोड पर बायोमेडिकल वेस्ट को फेंक दिया गया है. इस वेस्ट में कई एक्सपायरी दवा है. साथ ही पीपीई किट के अलावा अन्य सामान शामिल है. मेडिकल वेस्ट को यूं रोड पर फेंके जाने से गांव के लोगों में गुस्सा देखने को मिल रहा है. फिलहाल ये पता नहीं चल पाया है कि ये दवाइयां किस मेडिकल स्टोर के संचालक ने फेंका है. इस बारे में सहायक औषधि नियंत्रक ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद बायोमेडिकल वेस्ट को हटवा दिया गया है. दवा के बैच नंबर से एजेंसी का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी। सरेआम रोड पर फेंका गया बायोमेडिकल वेस्टः दरअसल, ये वाकया धमतरी के खरेंगा रोड में कलारतराई और अमेठी के पास का है. यहां सड़क पर ही किसी मेडिकल स्टोर संचालक ने बायोमेडिकल वेस्ट फेंक दिया था. इस वेस्ट में न सिर्फ एक्सपायरी दवाइयां थी, बल्कि पीपीई किट सहित अन्य सामान भी थे. इसे लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा होने लगी थी. लोगों में आक्रोश भी था कि आखिर किस अस्पताल या मेडिकल स्टोर संचालक की ओर से ये फेंका गया है. फिलहाल मेडिकल वेस्ट को सड़क से हटा लिया गया है।

ग्रामीणों ने जताई नाराजगीः ग्रामीणों के मुताबिक सड़क पर बड़ी मात्रा में दवाइयां और अन्य सामान पड़ा हुआ है. इनमें कुछ एक्सपायरी दवाइयां थी, जिसमें कैप्सूल, कफ सिरप, इंजेक्शन के अलावा बायो मेडिकल वेस्ट भी था. इसमें पीपीई किट भी पड़ा हुआ था, जिसे बच्चे ले जाकर खेल रहे थे. ये नजारा देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए, हालांकि अब तक यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि आखिर इसे किसने फेंका है.बायोमेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकना लापरवाहीः दरअसल, बायोमेडिकल वेस्ट को फेंकना अपराध की श्रेणी में आता है। ग्रीन ट्रिब्यूनल के मुताबिक इसके लिए बाकायदा एक वाहन पहुंचता है, जहां पर बायो मेडिकल वेस्ट को दिया जाता है.इस बारे में औषधि विक्रेता संघ अध्यक्ष राजेश साहू ने बताया कि, ''जानकारी मिली कि बायो मेडिकल वेस्ट को किसी ने अमेठी गांव में फेंक दिया है. इस संबंध में अपने सदस्यों से जानकारी तलब की है. किसने यह गलती की है? ये अब तक पता नहीं चल पाया है. बायोमेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकना घोर लापरवाही है.बायोमेडिकल वेस्ट व एक्सपायरी दवाई फेंकने की शिकायत मिली. टीम भेज कर हटवा लिया गया है। दवाइयों के बैच नंबर से एजेंसी का पता लगाया जाएगा. दोषी पर कार्रवाई की जाएगी. -संजय राजपूत, नियंत्रक, सहायक औषधि बता दें कि मामले में आशंका जताई जा रही है कि किसी मेडिकल स्टोर के संचालक ने यह फेंका गया होगा, क्योंकि इसमें ज्यादातर एक्सपायरी दवाइयां थी. इसमें कफ सिरप भी था, जिसे यदि कोई बच्चा पी लेता या जानवर निगल जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी. संक्रमण भी फैल सकता था।

सचिन पायलट का दावा: रायबरेली-अमेठी से प्रियंका और राहुल गांधी लड़ेंगे चुनाव; जल्द होगा ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । राजस्थान के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने गुरुवार को टीवी चैनल के कॉन्क्लेव में बयान दिया जल्द ही अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के चुनाव लड़ने का ऐलान किया जाएगा। सचिन पायलट ने कहा, ह्लराहुल गांधी वैसे तो केरल के वायानाड से लड़ ही रहे हैं। जिन सीटों पर पहले चुनाव होने हैं, कांग्रेस पार्टी वहां उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर रही है। अमेठी और रायबरेली में भी कैंडिडेट का ऐलान जल्द होगा।लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस अब तक यूपी में 13 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर चुकी है। लेकिन 2 हाई प्रोफाइल सीट अमेठी और रायबरेली के लिए कैंडिडेट्स तय नहीं हो सके हैं। ये दोनों सीटें कांग्रेस का गढ़ मानी जाती हैं।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने दावा किया है कि अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के चुनाव लड़ने का जल्द ही ऐलान किया जाएगा। कांग्रेस की तैयारी पूरी है।एक कार्यक्रम में सचिन ने कहा, राहुल गांधी वैसे तो केरल के वायनाड से लड़ ही रहे हैं। जिन सीटों पर पहले चुनाव होने हैं, कांग्रेस पार्टी वहां उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर रही है।स्मृति ईरानी ने 2019 में अमेठी में राहुल गांधी को हराया था लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में गठबंधन है। कांग्रेस यूपी की 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 4 सीटों अमेठी, रायबरेली, मथुरा और प्रयागराज को छोड़कर पार्टी ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है।2019 में राहुल गांधी ने यूपी की अमेठी और केरल के वायानाड सीट से चुनाव लड़ा था। अमेठी में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को हरा दिया। राहुल फिलहाल वायानाड से सांसद हैं। कांग्रेस ने राहुल गांधी को इस बार से भी वायानाड से टिकट दिया है। लेकिन अमेठी सीट से राहुल चुनाव लड़ेंगे या नहीं, ये अभी साफ नहीं हो पाया है। दूसरी ओर, रायबरेली सीट हाल ही में सोनिया गांधी के राज्यसभा सांसद चुने जाने के बाद खाली हुई है।

गाजा में रुके युद्ध

उम्मीद की जानी चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित प्रस्ताव के बाद इस्राइल गाजा पर निरंतर जारी हमलों पर रोक लगाएगा। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पारित प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद ने रमजान के महीने के दौरान गाजा में तुरंत युद्धविराम लागू करने, बंधकों की बिना शर्त रिहाई तथा युद्धग्रस्त इलाकों में मानवीय सहायता सुनिश्चित करने को कहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मतदान से दूरी बनाकर अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह गाजा मे शांति प्रयासों को साकार होता देखता चाहता है। वहीं अमेरिका का प्रस्ताव को वीटो न करना यूएसए व इस्राइल संबंधों में खटास आने का भी संकेत है। जिसको लेकर इस्राइल के नेता अमेरिका पर हमलावर हैं। इस्राइल ने अपने सदाबहार दोस्त अमेरिका पर संकट के समय साथ न देने का आरोप लगाया है। यहां तक कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल की अमेरिका यात्रा रद्द करके अपनी नाराजगी जाहिर की है। हालांकि, कहना कठिन है कि इस्राइल और हमास सुरक्षा परिषद के पारित प्रस्ताव का किस हद तक पालन करते हैं, लेकिन एक बात तो तय है कि फिलहाल अमेरिका व इस्राइल के रिश्तों में खटास आ चुकी है। हालांकि, अब तक बाइडेन प्रशासन इस्राइल को पर्याप्त सैन्य मदद देता रहा है और हमास को समाप्त करने के उसके लक्ष्य का समर्थन भी करता आया है। लेकिन इसके बावजूद अमेरिका चाहता रहा है कि संघर्ष में आम लोगों की मौत कम से कम हो। उल्लेखनीय है कि 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमास के क्रूर आतंकवादी हमले के बाद इस्राइल के जवाबी हमले में बत्तीस हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। हमले से गाजा का एक बड़ा हिस्सा खंडहर में तब्दील हो गया है। लाखों लोगों ने पलायन किया है और एक बड़ी आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। इस अभूतपूर्व मानवीय संकट के बावजूद इस्राइली हमले जारी हैं। विडंबना यह है कि तमाम अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद दोनों ही युद्धरत पक्षों के रुख में नरमी नहीं आ रही है। जहां इस्राइल के हमले जारी हैं, वहीं अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों द्वारा पेश युद्धविराम व बंधकों की रिहाई के लिये मध्यस्थता के नये प्रस्ताव को हमास ने खारिज कर दिया है। वहीं इस्राइल का कहना है कि सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव से आतंकवादी समूहों को बढ़ावा मिल सकता है। लेकिन इसके बावजूद एक हकीकत यह भी है कि वैश्विक जगत में गाजा में जारी युद्ध के चलते इस्राइल अलग-थलग पड़ता जा रहा है। साथ ही वह अब अमेरिकी समर्थन को गारंटी के रूप में नहीं ले सकता। फिलहाल अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इस्राइल पर युद्धविराम के लिये दबाव बढ़ाने की तरफ अग्रसर है जिससे गाजा में शांति का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। गाजा में मानवीय संकट को तुरंत समाप्त करने के लिये भी यह जरूरी है। वहां फिलहाल भूख भी एक बड़ा संकट बनकर सामने खड़ी है। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा पारित युद्ध विराम के प्रस्ताव के बाद उम्मीद जगी है कि इस्राइल अपनी आक्रामकता में कुछ कमी लाएगा। वहीं हमास को भी इस्राइल पर किये गए हमले में बंधक बनाये गए इस्राइली नागरिकों की रिहाई पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। जिससे गाजा में मानवीय सहायता का मार्ग प्रशस्त हो सके। हमास को भी सोचना चाहिए कि पिछले छह माह में पहली बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में युद्धविराम का प्रस्ताव पारित हो सका है। हमास को इसे गाजा में शांति स्थापना की दिशा में एक अवसर के रूप में देखना चाहिए। इस मामले में अमेरिका की ओर से वीटो का इस्तेमाल न करना भी एक अच्छा संकेत है। इससे पहले अमेरिका तीन बार ऐसे प्रस्तावों को वीटो कर चुका है। हमास को महसूस करना चाहिए कि इस प्रस्ताव के पारित होने के मूल में शांति की दिशा में दुनिया की तीव्र आकांक्षा भी है।

अपने कामों पर वोट क्यों नहीं मांगती भाजपा

कंगना रनौत प्रकरण से लेकर दूल्हा कौन होगा जैसे विज्ञापन इसकी मिसाल हैं। 2004 से 2014 तक यूपीए ने दस साल देश पर शासन किया था। लेकिन 2014 के चुनावों के वक्त यूपीए के लिए लोकविरोधी लहर चली थी। इसकी तैयारी 2011 के अन्ना आंदोलन से ही शुरु हो गई थी। जिसका नतीजा यह हुआ कि मनरेगा, सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार ऐसे कई क्रांतिकारी फैसलों के बावजूद कांग्रेस के विरोध में माहौल बना दिया गया और इससे पहले कि कांग्रेस अपने कार्यों के आधार पर वोट मांगती, भाजपा ने नरेन्द्र मोदी को आगे करके अच्छे दिनों का नारा बुलंद किया। महंगाई डायन भागेगी, हर खाते में 15 लाख रूपए आएंगे, क्योंकि काला धन वापस आएगा, युवाओं को 2 करोड़ रोजगार हर साल मिलेंगे, बुलेट ट्रेन चलेगी, ऐसे कई आकाशकुसुम भाजपा ने देश के सियासी पर्दे पर बिखरा दिए, जिन्हें देखने में मगन जनता ने भाजपा को भर-भर के वोट दिए।

आगामी आम चुनावों में भाजपा ने अपने लिए 370 से अधिक सीटें और एनडीए के लिए 4 सौ से अधिक सीटें लाने का लक्ष्य रखा है। 10 साल सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ रहने वाली पार्टी के लिए यह कोई असंभाव्य लक्ष्य नहीं है, क्योंकि अपने दो-दो कार्यकाल में किए गए कार्यों के आधार पर ही भाजपा जनता से अपने लिए पहले से अधिक सीटें और बड़ी जीत मांग सकती है। लेकिन भाजपा अपने कार्यों को गिनाने से अधिक विपक्ष पर प्रहार करके जीत हासिल करने की जुगत में है। शायद उसे अपनी उपलब्धियों के दम पर जीत हासिल करने का विश्वास नहीं है। झूठे विज्ञापन, विपक्ष की एकता का मखौल उड़ाने वाले प्रचार और भावनात्मक मुद्दों के इर्द-गिर्द भाजपा रणनीति बना रही है। कंगना रनौत प्रकरण से लेकर दूल्हा कौन होगा जैसे विज्ञापन इसकी मिसाल हैं। 2004 से 2014 तक यूपीए ने दस साल देश पर शासन किया था। लेकिन 2014 के चुनावों के वक्त यूपीए के लिए लोकविरोधी लहर चली थी। इसकी तैयारी 2011 के अन्ना आंदोलन से ही शुरु हो गई थी। जिसका नतीजा यह हुआ कि मनरेगा, सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार ऐसे कई क्रांतिकारी फैसलों के बावजूद कांग्रेस के विरोध में माहौल बना दिया गया और इससे पहले कि कांग्रेस अपने कार्यों के आधार पर वोट मांगती, भाजपा ने नरेन्द्र मोदी को आगे करके अच्छे दिनों का नारा बुलंद किया। महंगाई डायन भागेगी, हर खाते में 15 लाख रूपए आएंगे, क्योंकि काला धन वापस आएगा, युवाओं को 2 करोड़ रोजगार हर साल मिलेंगे, बुलेट ट्रेन चलेगी, ऐसे कई आकाशकुसुम भाजपा ने देश के सियासी पर्दे पर बिखरा दिए, जिन्हें देखने में मगन जनता ने भाजपा को भर-भर के वोट दिए। 2014 के पहले केवल अन्ना हजारे ही नहीं, योग गुरु रामदेव, आर्ट ऑफ लिविंग सिखाने वाले रविशंकर जैसे लोगों ने भी कांग्रेस के खिलाफ खूब माहौल बनाया। कई प्रेस वार्ताएं करके बताया कि भ्रष्टाचार से लेकर पेट्रोल-डीजल के दाम और रूपए की कीमत तक सबमें भाजपा की सत्ता आने से कैसे सुधार हो सकता है। इससे पहले कि कांग्रेस अपने कामों के आधार पर वोट मांगती, भाजपा और संघ के सहयोगियों ने कांग्रेस को आभासी मुद्दों में घेर कर सत्ता से बाहर करवा दिया। 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने फिर सत्ता में लौटने की तैयारी की। राफ़ेल लड़ाकू विमानों के सौदों में हुई बड़ी गड़बड़ी की ओर कांग्रेस ने देश का ध्यान दिलाया। इसके साथ ही यह भी बताया कि मोदी सरकार ने 5 सालों में एक भी वादा पूरा नहीं किया है। न युवाओं को रोजगार मिला, न किसी के खाते में 15 लाख आए, लेकिन जनता तक कांग्रेस का संदेश न पहुंचे, इसकी तैयारी भी भाजपा ने कर ली थी। भाजपा ने मीडिया को अपने नियंत्रण में कर ही लिया था, इसके अलावा पुलवामा हमले के बाद राष्ट्रवाद की नयी लहर उठा दी गई, जिसमें रोजगार, महंगाई और भ्रष्टाचार के सारे मुद्दे उड़ गए और भाजपा को फिर सत्ता में आने का मौका मिला। अब 2024 में फिर जनता के बीच भाजपा को वोट मांगने पहुंचना है। इस बार राम मंदिर के उद्घाटन पर भाजपा वोट मांग सकती थी, लेकिन यह मुद्दा महीना भर भी असर नहीं दिखा सका। फरवरी में चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और धार्मिक भावनाओं पर भ्रष्टाचार का मुद्दा हावी हो गया। ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों को किस तरह कारोबारियों पर दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल में लिया गया और कैसे बड़ी कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिए हजारों करोड़ रूपए भाजपा को चंदे के तौर पर दिए हैं, इसके प्रमाण अब सामने हैं। अर्थशास्त्री इसे देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला बता रहे हैं। जाहिर है भाजपा के लिए चुनावी बॉन्ड एक बड़ी उलझन बन चुका है और इस बार कोई धार्मिक या राष्ट्रवादी लहर इस उलझन से उसे निकाल नहीं सकती। अपने बचाव के लिए अब भाजपा दर्शकों को गुमराह करने वाले विज्ञापनों को प्रसारित कर रही है। भाजपा ने पहले यूपीए सरकार के वक्त हुए 2जी घोटाले पर विज्ञापन बनाया, जबकि अदालत में 2जी घोटाले पर कांग्रेस को क्लीन चिट मिल चुकी है। इसके बाद यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध रुकवाकर भारतीय छात्रों को लाने वाला विज्ञापन जारी किया गया। इसमें भी भाजपा का झूठ सामने आ गया। क्योंकि खुद विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है कि श्री मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध नहीं रुकवाया है और ये भ्रामक दावा है। अब भाजपा का एक और विज्ञापन सामने आया है, जो विवाह जैसी पवित्र संस्था पर आघात के समान है। इस विज्ञापन में भाजपा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर प्रहार किया है। विज्ञापन में दिखाया गया है कि दुल्हन बनी एक युवती वर पक्ष से पूछ रही है कि दूल्हा कौन है। जिन किरदारों को विज्ञापन में दिखाया गया है, वे राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे, उद्धव ठाकरे, एम के स्टालिन और ममता बनर्जी की तरह दिख रहे हैं। इसमें राहुल गांधी जैसे लगने वाले किरदार को केंद्र में दिखाया गया है, जो खुद के दूल्हा होने की बात कह रहा है, लेकिन इस बीच बाकी किरदार भी आपस में झगड़ रहे हैं और दुल्हन बनी युवती उन सबको हैरान-परेशान सी देख रही है कि ऐसे में किस तरह वो विवाह करे और किससे करे। इस विज्ञापन के आखिर में भाजपा ने सवाल उठाया है कि दूल्हा नहीं चुन सकते तो प्रधानमंत्री कैसे चुनेंगे। भाजपा ने इस विज्ञापन के जरिए लोकतंत्र में चालाकी से कथानक बदलने की कोशिश की है। क्योंकि लोकतंत्र में जनता अपने-अपने संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधियों को चुनती है, फिर बहुमत हासिल करने वाली पार्टी या गठबंधन तय करता है कि उनका नेता कौन होगा। जनता को सीधे प्रधानमंत्री चुनने की जरूरत नहीं है। लेकिन भाजपा यही बताने की कोशिश कर रही है कि हमारी पार्टी को बहुमत मिलेगा तो नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलेगा तो उनके पास कोई प्रधानमंत्री का चेहरा ही नहीं है। यह कमोबेश वही रणनीति है, जिसके तहत भाजपा ने पिछले कुछ बरसों में एक सवाल खड़ा किया है कि मोदी नहीं तो कौन। जबकि भारतीय लोकतंत्र व्यक्ति केन्द्रित न होकर पार्टी आधारित व्यवस्था पर चलता है। मोदी नहीं तो कौन जैसे सवाल लोकतंत्र के पाठ्यक्रम में हैं ही नहीं, लेकिन भाजपा ने इसे ही सबसे अहम सवाल बना दिया है और अब दूल्हा वाला विज्ञापन उसी का विस्तार है। जब इंडिया गठबंधन की नींव पड़ी थी, तब लालू प्रसाद यादव ने राहुल गांधी को दूल्हा बनने की सलाह दी थी, संभवतरू इसी को ध्यान में रखकर भाजपा ने यह विज्ञापन बनाया है। लेकिन ऐसा करने में उसने विवाह नामक संस्था का जिस तरह मखौल उड़ाया है, वह न परंपरा और संस्कृति के अनुकूल है, न लोकतंत्र के लिहाज से सही है। विज्ञापनों के अलावा भाजपा अब उन मुद्दों को भी भुनाने में लगी है, जिनसे उसे सहानुभूति मिल सके। फिल्म अभिनेत्री कंगना रानौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी से उम्मीदवार बनाए जाने पर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया एकाउंट्स से कुछ भद्दी टिप्पणियां की गईं, जिनकी जानकारी होते ही सुप्रिया श्रीनेत ने उन्हें हटा लिया और साथ ही सफाई दे दी कि उनके एकाउंट्स को कुछ और लोग भी संभालते हैं और उन्हीं में से शायद किसी ने ऐसा किया है, लेकिन उनके विचार ऐसे बिल्कुल नहीं हैं। लेकिन भाजपा ने इस मामले को लपक लिया और बात महिला आयोग से लेकर चुनाव आयोग तक पहुंच गई। किसी भी महिला पर बेहूदी टिप्पणी हर लिहाज से गलत है और इसका बचाव किसी तरह नहीं किया जा सकता। कंगना रानौत पर जिस तरह के आक्रमण अब किए गए, खुद उन्होंने पहले उर्मिला मातोंडकर पर ऐसी ही टिप्पणी की थी। दूसरे दलों की महिला नेताओं पर भी कई बार ऐसे ही आक्रमण किए जा चुके हैं, जिनसे उनकी गरिमा को ठेस पहुंचे। सोनिया गांधी तो सबसे बड़ा उदाहरण हमारे सामने हैं, जिन्हें अनगिनत बार, अनगिनत तरीके से अपमानित किया गया। लेकिन सोनिया गांधी ने कभी न उनका जवाब दिया, न खुद को पीड़ित बताकर सहानुभूति बटोरने की कोशिश की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोनिया गांधी को कांग्रेस की विधवा कह चुके हैं, तब भी सोनिया गांधी अपनी गरिमा बनाए रखते हुए खामोश रहीं। महिलाओं को निशाने पर लेने का सिलसिला आज का नहीं बरसों पुराना है। और यह किसी एक पार्टी की महिलाओं के साथ नहीं होता, सभी के साथ होता है। क्योंकि यहां समस्या समाज की मानसिकता में है, जिसमें यह बात गहरे तक धंसी हुई है कि महिलाओं को पुरुषों के बराबर नहीं रखा जा सकता। इस मानसिकता से बहुसंख्यक लोग ग्रसित हैं। केवल राहुल गांधी जैसे कुछेक अपवाद हैं, जो महिलाओं के साथ इतने सम्मान से पेश आते हैं कि हर उम्र की महिला उनके साथ अपनापन महसूस करती है और सहजता के साथ पेश आती है। जाहिर है उनके मां-बाप ने ऐसे संस्कार उन्हें दिए हैं और देश में अब ऐसे ही संस्कारों की जरूरत है। तब न महिला आरक्षण पर नाटकीयता की जरूरत पड़ेगी, न शक्ति शब्द को लेकर अनावश्यक भ्रम खड़ा करना पड़ेगा। भाजपा को अगर अपनी जीत का यकीन है तो वह झूठे विज्ञापनों को हटाए और कंगना रानौत के लिए सहानुभूति बटोरना छोड़कर राहुल गांधी की तरह महिलाओं को उनकी मर्जी से रहने के अधिकार का बयान देकर दिखाए। भाजपा की मजबूती का झूठ और सच, सब अपने आप सामने आ जाएगा। -सर्वमित्रा सुरजन

भाजपा से मुकाबले के लिए इंडिया ब्लॉक में अधिकतम एकता जरूरी

कल्याणी शंकर

मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा 16 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी घमसान शुरू हो गया है। मतदान 19 अप्रैल को शुरू होगा और 1 जून को समाप्त होगा। परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे। आखिर 2024 का लोकसभा चुनाव कौन जीतेगा? यह एक बहुदलीय प्रतियोगिता होगी, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन और इंडिया ब्लॉक का विपक्षी गठबंधन प्राथमिक दावेदार होंगे। इस बीच, गठबंधन बनाये जा रहे हैं और प्रमुख दलों ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दल-बदल और गुप्त सौदेबाजी भी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य हैट्रिक लगाना (तीसरी बार जीतना) है। वर्तमान में, यह एक ऐसी घुड़दौड़ है, जिसमें भाजपा हावी है और विपक्षी दल पीछे चल रहे हैं। विपक्षी भारत गठबंधन में 26 दल शामिल हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती देने के लिए चुनाव पूर्व गठबंधन बनाया है। इसका लक्ष्य आगामी चुनावों में भाजपा के खिलाफ अधिकतम निर्वाचन क्षेत्रों में एक साझा विपक्षी उम्मीदवार खड़ा करना है। विपक्ष को 2014 और 2019 में लगातार दो हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसकी छवि को काफी नुकसान पहुंचा। इसे मिलेनियल्स सहित मतदाताओं से जुड़ने की जरूरत है। विपक्ष का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस 138 साल पुरानी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है जो एससी, एसटी, ओबीसी और मुसलमानों जैसे हाशिए पर रहने वाले समूहों का प्रतिनिधित्व करती थी। अस्सी के दशक के बाद से क्षेत्रीय दलों के उदय के साथ यह कमजोर हो गया है और आज, यह अपनी पूर्व ताकत की छाया मात्र है। इसमें नेतृत्व का अभाव है। 2014 और 2019 की हार के बाद, कांग्रेस अब दावा करती है कि वह सामाजिक न्याय और भारत के गरीबों, पीड़ितों, दलितों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को अपनी पांच गारंटी के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैरू युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक न्याय। विपक्ष का लक्ष्य मुख्य रूप से भाजपा विरोधी वोटों को एकजुट करके और प्रोत्साहन देकर मोदी को चुनौती देना है। हाल के हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनावों में यह रणनीति कांग्रेस के लिए काम आई, जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। कांग्रेस को केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ नागरिकों के एक वर्ग में सत्ता विरोधी मूड से लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने राहुल गांधी की हालिया भारत जोड़ो यात्रा पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य लोगों से जुड़ना था। सफल होने के लिए, कांग्रेस को चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाने वाले युवा मतदाताओं से जुड़ने के लिए मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और सामाजिक कलह जैसे रोजी-रोटी के मुद्दे उठाने होंगे। उन्हें उनसे अपील करने के लिए एक वैकल्पिक रणनीति दिखानी होगी। इसके साथ ही, राज्य-स्तरीय पार्टियों के कुछ शक्तिशाली मुख्यमंत्री अपने राज्यों पर हावी हैं, जिससे इन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कड़ी चुनावी लड़ाई का सामना करना पड़ा है। 2019 में, भाजपा और उसके सहयोगियों को केवल 45 फीसदी वोट मिले। शेष 55फीसदी अब इंडिया गुट में शामिल विपक्षी पार्टियों को मिले थे। हालांकि कोई भी राष्ट्रीय नेता मोदी की लोकप्रियता के बराबर का नहीं है, लेकिन कुछ प्रभावशाली क्षेत्रीय नेता अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रभावित कर सकते हैं। यह पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष रूप से सच है। गठबंधन के लिए सबसे बड़ी चुनौती मोदी के खिलाफ किसी एक नेता को आगे करना है। दुर्भाग्य से, गठबंधन सहयोगियों के बीच अहं का टकराव है, जिससे किसी पर सहमति बनाना मुश्किल हो जाता है। दूसरे, भाजपा अपार वित्तीय और राजनीतिक शक्ति के साथ एक मजबूत संगठन का दावा करती है। संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को छोड़कर, विपक्ष के पास कोई ठोस और सम्मोहक चुनावी कथा नहीं दिखती है। हालांकि, मतदाता भोजन, कपड़े और आश्रय जैसी बुनियादी जरूरतों के बारे में अधिक चिंतित हैं। उदाहरण के लिए, 2004 में सोनिया गांधी का आम आदमी नारा जनता के बीच खूब गूंजा। कम आय वाले लोग आम तौर पर तनख्वाह से तनख्वाह तक जीते हैं और अमूर्त राजनीतिक अवधारणाओं से संबंधित नहीं हो सकते हैं। कांग्रेस पार्टी अभी भी अपने गौरवशाली अतीत से चिपकी हुई है और वर्तमान परिदृश्य को स्वीकार करने में विफल हो रही है।

सेहत मंत्र

ब्लैक हेड्स और मुंहासों को जड़ से खत्म करता है संतरे का छिलका

संतरे अमेरिका में सबसे लोकप्रिय फलों में से एक हैं। यह भारत में भी बहुत पसंद किया जाता है। लेकिन संतरे का छिलका पूरी तरह से एक अलग सौदा है। क्या आप जानते हैं कि छिलका पूरे फल का सबसे स्वास्थ्यवर्धक हिस्सा है? ये हैरानी की बात हो सकती है। मगर ये बिल्?कुल सच है। यदि आप सोच रहे हैं कि संतरे के छिलकों का क्या किया जाए, तो आपके लिए और भी बहुत कुछ है, जिसके बारे में हम आपको इस लेख में बता रहे हैं। कुछ रिपोर्टों से पता चलता है कि संतरे का छिलका वास्तव में पूरे फल का स्वास्थ्यप्रद हिस्सा है। यह आश्चर्यजनक लग सकता है जबकि, अनुसंधान में हमें पता चलता है कि संतरे के छिलके फ्लेवोनोइड और कई अन्य महत्वपूर्ण फाइटोकेमिकल्स से भरपूर होते हैं जो विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। संतरे में लगभग 71 मिलीग्राम विटामिन सी होता है जबकि, छिलके में 136 मिलीग्राम से भी अधिक विटामिन सी होता है। छिलके में कॉपर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फोलेट, विटामिन ए और अन्य बी विटामिन और डाइटरी फाइबर होते हैं। ये सभी पोषक तत्व अद्भुत तरीकों से मानव स्वास्थ्य में योगदान करते हैं। संतरे के छिलके को त्वचा के लिए वरदान माना जाता है क्योंकि यह ब्लैकहेड्स, मृत कोशिकाओं, मुंहासों और धाग-धब्बे का इलाज करती है। यह आपके चेहरे को चमक भी देता है। आप उस अतिरिक्त चमक को पाने के लिए या टैन हटाने के लिए दूध या दही भी मिला सकते हैं। संतरे के छिलकों में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो दांतों की रक्षा करते हैं। इसके अलावा, आप संतरे के छिलकों का उपयोग करके भी अपने दांतों का पीलापन दूर कर सकते हैं। संतरे के छिलकों में लिमोनेन एक प्राकृतिक गंध और विलायक के रूप में भी काम करता है। यह आपके दांतों को प्राकृतिक तरीके से सफ़ेद करने में मदद करता है।

धर्म मंत्र

ब्रह्मांडीय ऊर्ज़ा से भरपूर हैं भगवान वेंकटेश्वर की आंखें

भारत देश में कई फ़ेमस मंदिर हैं। इन्हीं में से एक सबसे ज्यादा फ़ेमस धार्मिक स्थलों में तिरुपति बालाजी का मंदिर है। इस मंदिर की काफी मान्यता है और मंदिर से आस्था, प्रेम और रहस्य जुड़ा हुआ है। जिसकी वजह से मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। मान्यता के मुताबिक अपने भक्तों को सभी परेशानियों से बचाने के लिए भगवान वेंकटेश्वर कलयुग में जन्म लिया था। भगवान वेंकटेश्वर श्रीहरि विष्णु के अवतार हैं। कहा जाता है कि कलयुग में जब तक भगवान वेंकटेश्वर रहेंगे, तब तक कलयुग का अंत नहीं हो सकता है। आपको बता दें कि तिरुपति बालाजी मंदिर को कलयुग का वैकुंठ भी कहा जाता है। भगवान वेंकटेश्वर को श्रीनिवासा, बालाजी और गोविंदा के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तिरुपति बालाजी की आंखें क्यों बंद रहती हैं। अगर आपको इसका जवाब नहीं मालूम है, तो इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। धार्मिक मान्यता के मुताबिक भगवान वेंकटेश्वर का आधुनिक युग में निवास तिरुपति तिरुमाला मंदिर में माना जाता है। भगवान श्रीहरि के अवतार वेंकटेश्वर को उनकी चमकीली और शक्तिशाली आंखों के लिए जाना जाता है। भगवान वेंकटेश्वर अपने भक्तों की आंखों में सीधा नहीं देख सकते हैं, क्योंकि उनकी आंखें ब्रह्मांडीय ऊर्ज़ा से भरपूर है। इसी वजह से उनकी आंखों को सफ़ेद मुखौटे से बंद कर दिया जाता है।

पर्यटन

बदरीनाथ धाम में मौजूद है यह बेहद पवित्र झरना, पाप करने वाले लोग छू तक नहीं पाते हैं इसका पानी

देवभूमि कहा जाने वाला उत्तराखंड राज्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता और पौराणिक महत्व के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां ऐसे कई स्थल हैं जिनका विशेष धार्मिक महत्व है। उत्तराखंड में कई बेहद खूबसूरत झरने हैं, जहां दुनियाभर से पर्यटक लुत्फ उठाते हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे चमत्कारी झरने के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते होंगे। आज हम आपको वसुंधरा झरना के बारे में बताने जा रहे हैं जो पवित्र बद्रीनाथ धाम से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह झरना अपने आप में बहुत रहस्यमई है उसके बारे में कहा जाता है कि इस झरने का पानी पापी लोगों के ऊपर नहीं गिरता। वसुंधरा झरना करीब 400 फीट ऊंचाई से गिरता है। इस झरने का पानी जमीन पर गिरते समय मूर्तियों के समान नजर आता है। यह झरना बेहद पवित्र माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इसका पानी हर व्यक्ति के ऊपर नहीं गिरता है। माना जाता है कि इसका पानी पापी लोगों पर नहीं गिरता। देश विदेश से लोग इस झरने और इसके चमत्कार को देखने आते हैं। इस झरने को लेकर कई किंवदंतियाँ प्रचलित हैं। एक धार्मिक कथा के अनुसार यहां पांच पांडवों में से सहदेव ने अपने प्राण त्यागे थे। कहा जाता है कि अगर इस झरने का पानी आप पर गिरे तो समझ जाएं कि आप नेक हैं। यही वजह है कि दुनियाभर से पर्यटक यहां आते हैं और इस झरने के नीचे खड़े होते हैं। यह भी कहा जाता है कि इसने का पानी कई जड़ी बूटी वाले पौधों को छूकर नीचे गिरता है इसलिए इस पर भी इस झरने का पानी पड़ता है वह हमेशा के लिए निरोगी हो जाता है। अगर आप भी बद्रीनाथ की यात्रा पर जा रहे हैं तो वसुंधरा झरना देखना ना भूलें। इस जगह की खूबसूरती आपको स्वर्ग में होने की अनुभूति करवाएगी।

एण्टी रोमियों टीमों ने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं को किया सुरक्षा के प्रति जागरुकत

चित्रकूट। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-4 के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों शक्ति दीदी द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया। मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया। महिलाओं, बालिकाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के सार्वजनिक स्थलो चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियां इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएं यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप।

नहाने गए तीन दोस्त नदी में डूबे दो दोस्तो के शव हुए बरामद

अन्तेष्टि मे शामिल हुए राज्यमंत्री सतीश शर्मा व सांसद अयोध्या लल्लू सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। टिकैतनगर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कोठरीगौरिया स्थित पीपा पुल के किनारे थाना अंतर्गत ग्राम सरायनेतामऊ निवासी तीन किशोर गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे घाघरा (सरयू) नदी में नहाने आए थे। इस दौरान तीन में से दो युवकों की नदी में डूब कर मौत हो गई थी। जिसमे से स्थानीय गोताखोरों की मदद से एक शव गुरुवार को मिल गया था। दूसरे की खोजबीन अंधेरा हो जाने के कारण दूसरे दिन करने की बात कहकर रोक दी गई थी।

थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम कोठरी गौरिया स्थित पीपा पुल के किनारे ग्राम सरायनेतामऊ निवासी दो किशोरों की गुरुवार दोपहर नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। वही एक किशोर शिवा पुत्र श्यामजी शर्मा का शव तो गुरुवार शाम गोताखोरों को काफी मेहनत के बाद मिल गया था। लेकिन दूसरे साथी का शव अभी भी लापता था। धीरे-धीरे अंधेरा बढ़ने के कारण नदी में सर्च अभियान अगले दिन चलने की बात कहकर रोक लगा दी गई थी। शुक्रवार सुबह बीते दिन नदी में डूबे दूसरे साथी मनु पुत्र रामरुप शर्मा का शव ग्रामीणों ने नदी के किनारे लगे पीपल के पेड़ के पास पानी मे उतराता हुआ देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गाँव मे सर्च अभियान के लिए पहुँची एस डी आर एफ टीम को दी। एसडीआरएफ टीम ने नदी में उतरा रहे शव को बाहर निकाला पुलिस ने युवक को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कोतवाल संजीत कुमार सोनकर ने बताया कि मौके की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

कथा के अंतिम दिन विशाल भण्डारा एवं पूर्ण हवन आहुति के साथ समापन

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम सैदाबाद में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अन्तिम दिन पूजा अर्चना हवन पूर्ण आहुति के भण्डारे के साथ समापन किया गया गया । तथा आये हुए कथावाचक की पूरी टीम आयोजक पंकज कुमार रावत सुनील विश्वकर्मा श्रवण कुमार वर्मा हरिओम रावत प्रमोद कुमार अंकित आदि ने अंग वस्त्र दाक्षिणा प्रसाद देकर सम्मानित किया।ग्राम सैदाबाद में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक पं हेमराज महाराज जी ने साबरी की भक्ति के कथा सुनाई । कथा सुनने मानवों जीवन में अन्धकार दूर होता है ।ज्ञान की प्राप्ति होती है तथा बुराईयों का नाश होता है ।मानव जीवन का कल्याण होता है ।कथावाचक पं हेमराज महाराज ने कहा माता शबरी भगवान श्री राम की परम भक्त थी। शबरी का असली नाम ह्लश्रमणाङ्क था। ये भील सामुदाय के शबर जाति से संबंध रखती थीं इसी कारण कालांतर में उनका नाम शबरी हुआ। इनके पिता भीलों के मुखिया थे, उन्होंने श्रमणा का विवाह एक भील कुमार से तय किया था। विवाह से पहले परंपरा के अनुसार कई सौ पशुओं को बलि देने के लिए लाया गया। जिन्हें देख श्रमणा का हृदय द्रवित हो उठा कि यह कैसी परंपरा जिसके कारण बेजुबान और निर्दोष जानवरो की हत्या की जाती है। इसी कारणवश शबरी अपने विवाह से एक दिन पूर्व दिवस पूर्व भाग गई और दंडकारण्य वन में पहुंच गई।

दंडकारण्य में मातंग ऋषि तपस्या किया करते थे। श्रमणा उनकी सेवा करना चाहती थी परंतु वह भील जाति से थी जिसके कारण उन्हें लगता था कि उन्हें सेवा करना का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन इसके बाद भी वे चुपचाप प्रातः जल्दी उठकर आश्रम से नदी तक का रास्ते से सारे कंकड़ और कांटो को चुनकर पूरे रास्ते को भलिभांति साफ कर दिया करती थी और रास्ते में बालू बिछा देती थी।एक दिन जब शबरी यह सब कार्य कर रही थी तो ऋषिश्रेष्ठ ने उन्हें देख लिया। वे शबरी की सेवा भावना से अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने अपने आश्रम में शरण दे दी। शबरी वहीं पर रहने लगी। एक दिन जब ऋषि मातंग को लगा कि उनका अंत समय निकट है तो उन्होंने शबरी से कहा कि वे अपने आश्रम में ही प्रभु श्री राम की प्रतीक्षा करें। , आयोजक पंकज कुमार रावत सुनील विश्वकर्मा श्रवण कुमार वर्मा हरिओम रावत प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे ।

जनकल्याण किसान एसोसिएशन ने देवा ब्लॉक प्रमुख सहित कई शिक्षकों व उकृष्ट बच्चों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनकल्याण किसान एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे होली मिलन सम्मान अभियान के क्रम में शुक्रवार को देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव को सलारपुर ढिंढोरा स्थित उनके कोल्ड स्टोर पर पहुंचकर संगठन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव द्वारा अपने पदाधिकारियों के साथ अंगवस्त्र व प्रतीक चिंह भेंटकर फूल मालाओं से सम्मानित किया गया।संगठन के प्रति शुभकामना व्यक्त करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि जनकल्याण किसान एसोसिएशन के सभी कार्य समाज हित से जुड़े हुए है,वह चाहे पौधरोपण अभियान हो या नशा मुक्त अभियान,नारी सशक्तिकरण अथवा शिक्षा जागरुकता अभियान हो सभी कार्यक्रमों में जो एक शब्द सम्मान का जुड़ा हुआ है वह अति सराहनीय है।इस अवसर पर शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष सतीश यादव,जे के ए जिला प्रभारी एवं श्याम बाल विद्या मंदिर के प्रबंधक संजय यादव,जिला प्रमुख सलाहकार एवं न्यू विकास हाई स्कूल मैनाहार के संस्थापक प्रमोद कुमार वर्मा, प्रमुख जिला महासचिव पुरुषोत्तम कुमार, विशेषर दयाल शिक्षण संस्थान उदवतपुर के प्रबंधक राम मिलन वर्मा,रोहित यादव,रामू यादव,अमरेश यादव,रंजीत यादव आदि उपस्थित रहे।इसके अलावा चेयरमैन श्री यादव ने शिखर शिक्षा निकेतन एकेडमी काजीपुर के प्रबंधक अखिलेश यादव व उनके विद्यालय के कृष्णा यादव,मोहम्मद अलफैज, रजनीश,रागिनी,सगुन गुप्ता,लक्ष्मी बाजपेई ,नैंसी यादव,लक्ष्मी यादव,महक आदि उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को सम्मानपत्र भेंटकर सम्मानित किया ।इसी क्रम में सियाराम शिक्षण संस्थान बदरुद्दीनपुर के प्रधानाध्यापक प्रदीप यादव,शिक्षक अनिल यादव,बच्चन लाल,प्रवीण कुमार,उमाकांत पाल,रुचि यादव,सोनम यादव,लक्ष्मी यादव,पूजा यादव,कामिनी मौर्या, नीतू रावत एवं आकांक्षा यादव, पल्लवी,अनुष्का, शिवांश,विजय,नैतिक,कार्तिक, शिवांक,ललित आदि उत्कृष्ट छात्र- छात्राओं को सम्मानपत्र भेंटकर सम्मानित किया।इसके अलावा इसरहना प्रधान प्रतिनिधि बाल गोबिंद यादव,खंड विकास अधिकारी कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर अमिताभ यादव,समाजसेवी मोहम्मद आमिर खान,लक्ष्मी राठौर,महिमा मौर्या,अंशिका मौर्या,हर्षिता मिश्रा सहित दर्जनों बिभूतियों को प्रतीक चिंह, सम्मानपत्र भेंटकर फूल मालाओं से सम्मानित किया।

वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को न्यायालय ने सुनाई तीन-तीन वर्ष की सजा

चित्रकूट। वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर सजा सुनाई गई है। जिसमें प्रत्येक को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बीती 7 अक्टूबर 2020 को तत्कालीन मानिकपुर थाना प्रभारी ने कबरा पुरवा के पास मुखबिर की सूचना पर राजापुर थाने के चिल्लीमल गांव के निवासी रामचन्द्र यादव, पप्पू उर्फ ओमप्रकाश प्रजापति व सुधीर सिंह को गिरफ्तार किया था। यह तीनों वाहन चोर अपने साथियों के साथ मोटर साईकिलों को लेकर जा रहे थे। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने और पूछताछ के बाद कुल 8 चोरी की मोटरसाइकिले बरामद की गयी थी। हिरासत में पकड़े गए आरोपियों ने बताया था कि वह लोग गाड़ियां चुराकर नम्बर बदलकर बेंच देते हैं।

जुम्मे की नमाज को लेकर अलर्ट रही पुलिस, दिनभर चली गश्ती

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीसीए कानून, लोकसभा चुनाव व माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के लेकर शुक्रवार को असंद्रा व कोठी थाने पुलिस पूरा दिन अलर्ट मोड पर रही है। जुम्मे की नमाज को लेकर मस्जिदों में अन्य दिनों की अपेक्षा गश्ती अधिक रही। क्षेत्र के चौराहा-तिराहों शाम तक अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की तलाशी की गई। असंद्रा इंस्पेक्टर अरूण सिंह जिले का अतिसंवेदनशील इलाका नगर पंचायत सिद्धौर क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों के आसपास संघन चेकिंग अभियान चलाया। यहां गुजरे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की।यही हाल क्षेत्र के असंद्रा, पूरबबेलाव, जरगावां, वलीनगर, मंसारा, दिलावलपुर आदि स्थानों पर रहा। जबकि कोठी इंस्पेक्टर संतोष सिंह नेतृत्व में क्षेत्र के मीरापुर, इब्राहिमाबाद, सरायहिजरा, माझियावां, उस्मानपुर, कोठी कस्बा स्थित विभिन्न मस्जिदों में जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस बल मौजूद रहा। उनके द्वारा हर घंटे दरोगा व सिपाहियों से फोन पर होती रही है। कुशलक्षेम जानकारी ली। इस मौके पर एसएसआई छोठ्ठू चौधरी, दरोगा अमर बहादुर सिंह, राम अजोर मिश्र, सरफराज अहमद, कांस्टेबल जलालुद्दीन, राजेश्वर व संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

हम इस क्षेत्र की बहू भी हूं और बेटी भी: राजरानी रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा होली मिलन कार्यक्रम समारोह मे बाराबंकी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत व कुर्सी विधानसभा के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में निंदूरा, बड्डूपुर,डफरपुर चौराहा, भगौली, सुरजनपुर आदि जगहों पर कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह उन्होंने कहा कि आप लोगों के बीच जो लोकसभा का प्रत्याशी हैं वह यहां की बेटी भी है और बहू भी है और बहन भी है तीनों प्रकार से यह चुनाव आप लोगों के लिए और इसी के साथ-साथ कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के साथ मेरी भी जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ जाती है । ऐसे में यहां पर बैठे हुए सभी पार्टी के सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं और मेरे सामने बैठे हुए सभी बहनों भाइयों चुनाव का वक्त है।विकास की चर्चा आपके बीच में नहीं करूंगा आप सब यहां पर बैठे हुए हैं केवल दो-तीन बातें आपसे कहना चाहता हूं चुनाव ऐसे मौके पर होने जा रहा है। जब गर्मी काफी पड़ेगी। इस गर्मी के साथ-साथ आप लोगों मनोबल कमजोर न होने पाए इस चुनावी महाभियान में हमको चुनाव कैसे जितना है और जब हम सब मेहनत करेंगे तो उसका परिणाम क्या होगा। उसका दायित्व अभी आप लोगों को तय करना है। बाराबंकी जनपद के अंदर कुर्सी विधानसभा को आप लोगों को दिखा देना है। जैसा कभी नहीं हुआ जितने वोटो से हम कभी नहीं जीते विधानसभा क्षेत्र में बाराबंकी के रिकॉर्ड को तोड़ देना है। उत्तर प्रदेश में चुनाव जीतने वाली पहली मिसाल बनेगी उसमें बाराबंकी का नाम होगा।

लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत ने कहा कि हम इस क्षेत्र की बेटी भी हूं और बहू दोनों हैं उन्होंने भाजपा में रहते हुए चलना सीखा है। आए हुए लोगों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए सभी लोगों से अपने लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर डॉ रामकुमार गिरि, विपिन सिंह राठौर प्रबंधक साईं डिग्री कॉलेज, हरगोविंद सिंह पूर्व एमएलसी शशांक कुशमेश,अनिल कुमार वर्मा ब्लॉक प्रमुख फतेहपुर चंद्रशेखर गुप्ता पूर्व ब्लॉक प्रमुख निदूरा, अमरेंद्र सिंह रामकृपाल मिश्रा, देशराज वर्मा अध्यक्ष प्रधान संघ राजीव नयन तिवारी, रजनीश कुमार वर्मा मंडल अध्यक्ष बड्डूपुर, मोहम्मद शब्बीर अवधेश कुमार वर्मा परशुराम वर्मा योगेंद्र पटेल दिनेश सिंह तोमर सहित बहुत से लोग उपस्थित थे।

सपा समर्थित दो महिला जिला पंचायत सदस्य व बसपा प्रत्याशी रामनगर रह चुके राम किशोर शुक्ला ने थामा भाजपा का दामन

क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा व जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने पटका व पुष्पगुच्छ देकर कराया शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा से वेद प्रकाश रावत, लवली रावत,जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह,बसपा से रामकिशोर शुक्ला एवम कांग्रेस से सत्य प्रकाश वर्मा शामिल हैं।

सभी को प्रदेश कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण कराई।भाजपा जिला कार्यालय पर पहली बार पहुंचे सभी नेताओं का भाजपा जिला कार्यालय पर पटका और पुष्प गुच्छ देकर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने स्वागत किया।उन्होंने कहा कि सभी के भाजपा का दामन थामने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और कुनबा बढ़ने से विपक्षियों के हौसले पस्त हो रहे हैं।इस अवसर पर एमएलसी अंगद कुमार सिंह, डॉक्टर राम कुमारी मौर्य,जिला महामंत्री संदीप गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव, विजय आनंद बाजपेई,विष्णु प्रभाकर वर्मा मौजूद रहे।

एंबुलेंस मामले को बताया फर्जी, कहा,जांच हुई तो कई पुलिस वाले बन जाएंगे अभियुक्त

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अधिवक्ता का बड़ा दावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा हुआ है। कई मुकदमों में मुख्तार अंसारी को सजा हो चुकी थी। जबकि कई मुकदमों का ट्रायल अभी भी चल रहा था। मुख्तार अंसारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उन मुकदमों की पेशी में जुड़ता था। इन्हीं में से फर्जी एंबुलेंस और गैंगस्टर मुकदमे का ट्रायल बाराबंकी कोर्ट में भी बीते लंबे समये से चल रहा था। जिसमें उनकी पैरवी वकील रणधीर सिंह सुमन कर रहे थे। लेकिन अब मुख्तार की मौत के बाद उनके वकील रणधीर सिंह सुमन ने एंबुलेंस और गैंगस्टर मामले को सिरे से फर्जी करार दिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बीते दिनों प्रदेश की जेलों और कोर्ट परिसर में हत्याएं हुई हैं। उसे देखते हुए मुख्तार की मौत के पीछे कोई साजिश हो सकती है। सरकार ने मुख्तार अंसारी को परेशान करने के लिये एक के बाद एक मुकदमे उनके खिलाफ बनाये। जिसकी अगर जांच की जाए तो तमाम पुलिस वाले ही इसमें अभियुक्त साबित हो जाएंगे।

मुख्तार अंसारी के वकील रणधीर सिंह सुमन ने बाराबंकी एंबुलेंस मामले को ही फर्जी बताया। उनका कहना है कि पुलिस-प्रशासन की एंबुलेंस के बाराबंकी में रजिस्ट्रेशन कराने की बात ही गलत है। क्योंकि एंबुलेंस लखनऊ में फाइनेंस के बाद रिलीज हुई। उसका टेंपेरी रजिस्ट्रेशन भी लखनऊ में ही हुआ। उन्होंने कही कि किसी भी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन कंपनी के द्वारा करवाया जाता है। न कि गाड़ी का मालिक एआरटीओ ऑफिस जाकर खुद रजिस्ट्रेशन करवाता है। उस एंबुलेंस का रजिस्ट्रेशन कंपनी ने मऊ के संजीवनी हॉस्पिटल और सेकेंड ऑनर के रूप में डा. अल्का राय के नाम करवाया। उस समय प्रदेश की सभी एंबुलेंस का रजिस्ट्रेशन बाराबंकी एआरटीओ ऑफिस से ही हुआ था। इसलिये इस मामले में कहीं से भी कोई फर्जीवाड़ा नहीं हुआ है। इस मामले में जो केस बाराबंकी पुलिस ने बनाया वह पूरी तरह से फर्जी है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से बाराबंकी पुलिस के अफसर पंजाब के रोपड़ से उस एंबुलेंस को बरामद करके लाये। वह भी पूरी तरह से फर्जी था। क्योंकि बाराबंकी पुलिस किसकी अनुमति से वह एंबुलेंस बाराबंकी लेकर आयी थी। क्योंकि एंबुलेंस लाने के लिये किसी भी अदालत का आदेश नहीं था। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या पुलिस ने वहां का कोई मेमो बनाया। क्या पुलिस ने एंबुलेंस लाने के लिये वहां के किसी मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी से सरकारी लिखा-पढ़ी में अनुमति ली थी। उन्होंने कहा कि बाराबंकी पुलिस ने मुख्तार अंसारी, डा.अल्का राय समेत बाकी लोगों के खिलाफ सिर्फ एक फर्जी मामला बनाने के लिये यह पूरा खेल किया। पुलिस ने रोपड़ से एक लावारिस एंबुलेंस लाकर बाराबंकी में खड़ी कर दी। साथ ही उसी फर्जी मुकदमे के आधार पर पुलिस ने गैंगस्टर का भी लगा दिया। जबकि मुकदमे में नामजद मुख्तारी अंसारी समेत किसी की भी बाराबंकी में कभी भी कोई गतिविधि नहीं रही है। सरकार ने मुख्तार अंसारी को परेशान करने के लिये एक के बाद एक मुकदमे उनके खिलाफ बनाये। जिसकी अगर जांच की जाए तो तमाम पुलिस वाले ही इसमें अभियुक्त साबित हो जाएंगे।

मुख्तार अंसारी वकील रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि शेर दिल वालों का हार्ट अटैक नहीं होता। बल्कि कबूतर दिल वालों को हार्ट अटैक आता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बीते दिनों प्रदेश की जेलों और कोर्ट परिसर में हत्याएं हुई हैं। उसे देखते हुए मुख्तार अंसारी की इस तरह से संदिग्ध मौत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी को किसी साजिश का शक था। इसीलिये उन्होंने बाराबंकी कोर्ट में धीमा जहर देकर खुद की हत्या किये जाने का शक जताया था। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी की गवाही से माफिया बृजेश सिंह को सजा होनी निश्चित थी। इसलिये उनकी मौत को साधारम नहीं कहा जा सकता। उन्होंने इसकी जांच की भी मांग की।

कुंवर रणजीत सिंह रावत की पुण्यतिथि पर पासी समाज ने दीपदान कर दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पासी समाज के अंतिम शासक राजा गंगाबख्श रावत व उनके वीर पुत्र कुंवर रणजीत सिंह रावत द्वारा 29 मार्च 1850 को अंग्रेज सेनापति एल्डरटोन को मार गिराए जाने के उपलक्ष में इंडियन पासी समाज के तत्वावधान में 174 दीप जलाकर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम कासिमगंज स्थित किले के ध्वंशावशेष पर मनाया गया।

इंडियन पासी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सरोज रावत ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत हमारे पति इंडियन पासी समाज संस्थापक स्वर्गीय रामनरेश रावत जी के द्वारा विगत कई वर्ष पहले शुरू किया गया था । जिसे हम सभी मिलकर उनके विचारों को आगे ले जाने के लिए कृतसंकल्पित हैं और सर्वसमाज को साथ लेकर चलने का काम करती रहूंगी। और कहा कि राजा गंगाबख्श रावत हमारे समाज के गौरव और आन -बान-शान हैं जिसे बचाए रखना हम सब का दायित्व है ।अरुण रावत जिलामंत्री भाजपा युवा मोर्चा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम राजा गंगा बख्श रावत की 11वीं पीढ़ी के वंशज है । और आज हम सब राजा गंगा बख्श रावत व उनके वीर पुत्र कुंवर रणजीत सिंह रावत की वीरता के कारण ही विजय दिवस सम्मान समारोह मना रहे हैं।ये किला हमारे पूर्वजों की धरोहर है इसे संजोकर रखना और नया रूप देकर कुछ नया करना हम युवाओं की जिम्मेदारी बनती है। इंडियन पासी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सरोज रावत के नेतृत्व में प्रति वर्ष 29 मार्च दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम मान्य जाता रहेगा ।

कार्यक्रम को सतीश विश्वकर्मा,रामलखन पासी,सत्यनाम रावत, पुतान चंद्र रावत आदि ने संबोधित किया।उक्त कार्यक्रम में जगत जीत सिंह, सुशील कुमार रावत, मंशाराम रावत,रामचंद्र रावत, देशराज रावत,रामप्रताप रावत,मनीराम रावत,रामसुरेश रावत,रामकिशोर रावत, मुनेश्वर प्रसाद रावत, स्वामीसरण रावत, शिवविशाल रावत, ऋषि यादव, जगदीश प्रसाद रावत, निर्मल रावत, आदि असंख्य लोग उपस्थित रहे।

बेटी से मिलने आए मां-बाप पर ससुरालीजनों ने किया जानलेवा हमला

चित्रकूट। विवाहिता बेटी के घर आए माता-पिता ने बेटी के ससुराल पक्ष पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहपुर जिले के निवासी आदित्य श्रीवास्तव ने अपनी बेटी अल्का की शादी दिसम्बर 2022 में कर्वी के अंकित श्रीवास्तव के साथ की थी। अंकित श्रीवास्तव अलीगढ़ में प्राथमिक शिक्षक हैं। शादी के बाद कुछ विवाद होने पर अल्का के पिता आदित्य, माता सरिता व भाई उदित शुक्रवार को फतेहपुर से कर्वी आए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि अल्का के पति अंकित, देवर अर्पित, ससुर संतोष आदि अन्य ससुरालीजनों के साथ मिलकर बेटी का दहेज के लिए उत्पीड़न करते थे। समझाने का प्रयास करने पर ससुरालीजनों ने उनको घर में बंद कर जमकर मारा। आरोप लगाया कि बंदूक की बट से जानलेवा हमला किया गया। बचाव में आने पर बेटी अल्का को भी पीटा गया।

पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स को करने होंगे ऑलराउंडर प्रयास

एजेंसी

लखनऊ। केएल राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होंगी। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पांड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाये थे और वे प्रभावित नहीं कर सके। मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी। आगामी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरूआती मैच में साधारण दिखे। कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे। साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आस होगी। एलएसजी की सफलता आस्ट्रेलियाई आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस की फॉर्म पर भी निर्भर होगी जो पिछले साल 408 रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे थे। वहीं पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुआई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें। सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाये हैं। वहीं आल राउंडर सैम करन ने दोनों मैच में बल्ले से अपना कौशल दिखाया है लेकिन वह गेंदबाजी में ऐसा कमाल नहीं कर पाये हैं। उप कप्तान जितेश शर्मा भी टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को लुभाने के लिए उन्हें भी अच्छा प्रदर्शन दिखाना होगा। तेज गेंदबाजी विभाग में कागिसो रबाडा को करन, अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से और अधिक सहयोग की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

अंजू बॉबी ने ओलंपिक के लिए नीरज चोपड़ा को भारत का ध्वजवाहक नहीं मानने के आईओए के फैसले पर उठाया सवाल

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रतिष्ठित भारतीय एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज ने आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए 'गोल्डन ब्वाय' नीरज चोपड़ा को भारत का ध्वजवाहक नहीं मानने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के फैसले पर सवाल उठाया है। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में, आईओए ने शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शरथ कमल को आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए भारतीय टीम का ध्वजवाहक और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एमसी मैरी कॉम को ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए शेफ डे मिशन के रूप में नामित किया था। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के पदक विजेता ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर नीरज को ध्वजवाहक नहीं मानने के आईओए के फैसले पर सवाल उठाया और लिखा, ''आश्चर्य की बात है कि भारतीय ओलंपिक संघ ने हमारे गोल्डन ब्वाय नीरज चोपड़ा को 2024 ओलंपिक खेलों के लिए ध्वजवाहक नहीं माना.. (टेबल टेनिस सहित सभी महासंघों ने अभी तक ओलंपिक के लिए टीम की घोषणा नहीं की है) अंततः स्थिति के अपने आकलन के आधार पर नीरज ध्वजवाहक के लिए पहली पसंद हैं.. फिर भी..क्यों...। बता दें कि विश्व के 88वें नंबर के खिलाड़ी शरथ कमल ने रिकॉर्ड 10 बार राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप जीती है। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में सात स्वर्ण सहित 13 पदक जीते हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में भी दो पदक जीते हैं। दिग्गज टीटी खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में तीन बार कांस्य पदक विजेता भी हैं। मैरी मुक्केबाजी इतिहास में छह विश्व खिताब पर कब्जा करने वाली पहली महिला मुक्केबाज हैं। पांच बार की एशियाई चैंपियन 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला मुक्केबाज थीं। अनुभवी मुक्केबाज ने लंदन 2012 ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता, उनसे कोई भी रिकॉर्ड या खिताब अछूता नहीं रहा है।

संक्षिप्त समाचार

तीन मैचौं की टी-20 श्रृंखला के लिए मई में आयरलैंड का दौरा करेगा पाकिस्तान

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान के आयरलैंड दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की। पाकिस्तान आयरलैंड दौरे पर तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। तीनों मैच क्रमशः 10, 12 और 14 मई को डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। यह श्रृंखला संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्ट इंडीज में टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की 12 मैचों की तैयारी का हिस्सा है। पाकिस्तान के आयरलैंड रवाना होने से पहले, न्यूजीलैंड पांच टी20 मैच खेलने के लिए अप्रैल में पाकिस्तान पहुंचेगा, जिसका पहला मैच 18 अप्रैल को होगा। अंतिम मैच 27 अप्रैल को होगा। इसके बाद, पाकिस्तान इंग्लैंड के चार टी-20 मैचों के दौरे पर जाएगा, जो 22 मई से शुरू होगा। पाकिस्तान की आयरलैंड की आखिरी यात्रा 2018 में मेजबान टीम के उद्घाटन टेस्ट मैच के दौरान हुई थी। यह आखिरी बार भी था जब दोनों टीमें विभिन्न प्रारूपों में भिड़ी थीं। पाकिस्तान को जुलाई 2020 में डबलिन में दो टी20 मैचों में आयरलैंड से खेलना था, हालांकि, उन्हें कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था। इस बीच, आयरलैंड इस महीने की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय और टी20ई श्रृंखला हारने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ टी20 खेलेगा। हालांकि आयरलैंड ने दौरे की शुरुआत में अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। पाकिस्तान और आयरलैंड जून में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं और टूर्नामेंट के पहले ग्रुप चरण में 16 जून को एक-दूसरे से भिड़ेंगे।

मियामी ओपन के फाइनल में पहुंची बोपन्ना-एडबेन की पुरुष युगल जोड़ी

मियामी। भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एडबेन की पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को चल रहे मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। बोपन्ना और एडबेन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और उनके अर्जेंटीना के साथी होरासियो ज़ेबालोस पर 6-1 और 6-4 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन ने पहले क्षण से ही खेल पर दबदबा बना लिया। पहले सेट में भारत-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने 6-1 से जीत हासिल की। दूसरे सेट में, विरोधियों ने वापसी करने की कोशिश की लेकिन बोपन्ना और उनके साथी ने धैर्य बनाए रखा और 6-4 से जीत पक्की कर ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने एक्स पर लिखा, ''मियामी ओपन फाइनल में भव्य प्रवेश! दिग्गज और टॉप स्कीम एथलीट बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई युगल जोड़ीदार एबडेन ने स्पेन के एम. ग्रेनोलर्स और अर्जेंटीना के एच. जेबालोस को 6-1, 6-4 से हराकर सीजन के अपने तीसरे फाइनल में प्रवेश किया। इन-फॉर्म खिलाड़ी की शीर्ष पर वापसी। शाबाश! समापन समारोह के लिए बधाई और शुभकामनाएं।

यह संभवतः मेरा सर्वश्रेष्ठ अंतिम ओवर रहा: आवेश खान

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा चरण में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जो अंतिम ओवर डाला था, वह 'डेथ ओवरों' में संभवतः उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। आवेश को गुरुवार रात को अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करना था और वह आराम से ऐसा करने में भी सफल रहे जिसमें उन्होंने एक के बाद एक यार्कर डालकर प्रतिद्वंद्वी टीम को महज चार रन ही दिये। इससे राजस्थान ने दिल्ली कैपिल्स पर 12 रन से जीत हासिल की। लखनऊ सुपर जायंट्स ने 'ट्रेड' करके आवेश को राजस्थान रॉयल्स को दिया है। आवेश आठ वनडे और 20 टी20 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है कि मैंने पहली बार अंतिम ओवर डाला है। पिछले साल मैंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ऐसा किया था। जब मैं दिल्ली के लिए खेलता था तो वहां भी अंतिम ओवर डाला था। लेकिन जहां तक कार्यान्वयन की बात थी तो उस लिहाज से यह मेरा सर्वश्रेष्ठ ओवर रहा। सभी गेंद एक ही जगह 'वाइड यार्कर' रहीं। उन्होंने कहा कि पिछले चरण की तुलना में इस सत्र में उनकी भूमिका बदल गयी है। इस 27 वर्षीय गेंदबाज ने कहा, ''लखनऊ और दिल्ली कैपिटल्स में मैं पावरप्ले में दो ओवर डालता था। यहां मैं पावरप्ले के बाद दो ओवर और 'डेथ ओवरों' (अंतिम ओवरों) में भी गेंदबाजी कर रहा हूं। टीम प्रबंधन और संजू सैमसन ने मुझे अपनी योजना का कार्यान्वयन करने के लिए पूरी आजादी दी है जिससे मुझे मदद मिल रही है। संजू गेंदबाजों के लिहाज से शानदार कप्तान है।

मियामी ओपन : दिमित्रोव ने क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीय अल्काराज को हराया

मियामी गार्डन्स। आठवें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव ने मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। दिमित्रोव की यह करीब पांच वर्ष में शीर्ष पांच रैंकिंग के खिलाड़ी पर पहली जीत है। अब वह शुक्रवार को सेमीफाइनल में चौथे वरीय एलेक्जैंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे जिन्होंने गुरुवार रात को गैर वरीय फैबियन मारोजसान पर 6-3 7-5 से जीत हासिल की। दूसरे वरीय यानिक सिनर का सामना दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी रैंकिंग के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव से होगा जो पिछले साल के फाइनल का दोहराव होगा जिसमें मेदवेदेव विजेता रहे थे। महिला वर्ग में चौथी वरीय एलीना रिबाकिना को फिर से तीन सेट से गुजरना पड़ा और अंत में उन्होंने सेमीफाइनल में विक्टोरिया अजारेंका पर 6-4 0-6 7-6(2) से जीत हासिल की। रिबाकिना पिछले साल भी फाइनल में पहुंची थी लेकिन पेत्रा क्वितोवा से हार गयी थी। अब रिबाकिना का सामना गैर वरीय डेनिलय कोलिंस से होगा जिन्होंने 14वें नंबर की एकैटरीना एलेक्यांद्रोवा को 6-3 6-2 से हराया।

बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी मियामी ओपन पुरुष युगल के फाइनल में

मियामी। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4 6-7(7) 10-7 से मात दी। बोपन्ना दुबई चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गये थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन की जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गये थे। बोपन्ना के लिए यह उनका 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल और मियामी का पहला फाइनल होगा। यह उनका एटीपी टूर स्तर का 63वां फाइनल होगा।

दिल्ली के खिलाफ शानदार पारी खेलने के बाद रियान पराग ने कहा-पिछले तीन दिनों से बिस्तर पर था

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के ऑलराउंडर रियान पराग, जिन्होंने घरेलू टीम को दिल्ली कैपिटल्स पर 12 रन से जीत दिलाई, ने कहा कि मैच से पहले वह अस्वस्थ महसूस कर रहे थे और उन्हें मैदान पर उतरने से पहले दर्दनिवारक दवाएं लेनी पड़ीं। राजस्थान ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स पर 12 रन से जीत हासिल कर घरेलू टीम के विजयी होने का सिलसिला जारी रखा। गुरुवार रात खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की टीम 7.2 ओवर के बाद 36 रन पर 3 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, हालांकि, पराग बल्लेबाजी करने आए और उन्होंने 45 गेंदों में नाबाद 84 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रनों के कुल स्कोर तक पहुंचा दिया। पराग ने मैच के बाद कहा, ''मैंने बहुत कड़ी मेहनत की है, पिछले तीन दिनों से मैं बिस्तर पर था, मैं दर्दनिवारक दवाएं ले रहा था, मैं आज ही उठा हूं और मैं बहुत खुश हूं।'' ऑलराउंडर ने आईपीएल 2024 में शानदार शुरुआत की और राजस्थान के लाइनअप में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए एक परिभाषित भूमिका से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 की शानदार शुरुआत के लिए अपने घरेलू फॉर्म को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि मेरी अपने बारे में क्या राय है। मेरा घरेलू सीज़न बहुत अच्छा रहा और इससे मदद मिली। इसमें से कोई शीर्ष चार को 20 ओवर खेलने हैं, विकेट नीचा रह रहा था और रुक रहा था, पहले गेम में संजू भैया ने ऐसा किया था। बता दें कि राजस्थान की यह घरेलू मैदान पर नौ मैचों में लगातार नौवीं जीत है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। राजस्थान की टीम एक समय केवल 36 रन पर यशस्वी जयसवाल (05), जोस बटलर (11) और कप्तान संजू सैमसन (15) के विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, यहां से पराग (नाबाद 84) ने रविचंद्रन अश्विन (29) ध्रुव जुरेल (20) और शिमरोन हेटमायर (नाबाद 14) के साथ मिलकर राजस्थान को 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 185 रन तक पहुंचा दिया।

चीन की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच पर चल रहा मुकदमा, रिश्वतखोरी के कई आरोप

वुहान। चीन की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच ली टाई पर गुरुवार को मध्य चीन के हुबेई प्रांत के इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ऑफ जियानिंग में मुकदमा चलाया गया। सिन्हुआ के अनुसार, ली पर राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में काम करने के साथ-साथ स्थानीय फुटबॉल क्लबों के लिए काम करने के दौरान रिश्वत देने और लेने का आरोप लगाया गया था। अभियोजकों के अनुसार, 2019 से 2021 तक, ली ने राष्ट्रीय टीम और राष्ट्रीय चयन टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने पदों का लाभ उठाते हुए, राष्ट्रीय टीम के लिए खिलाड़ियों के चयन, मैच, और क्लबों के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करने जैसे मामलों में संबंधित संगठनों और व्यक्तियों को सहायता प्रदान की।

सरकार की सकल देनदारियां दिसंबर अंत तक बढ़कर 160.69 लाख करोड़ रुपए: वित्त मंत्रालय

एजेंसी



नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सरकार की कुल देनदारी दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में मामूली बढ़कर 160.69 लाख करोड़ रुपए रही। यह सितंबर के अंत में 157.84 लाख करोड़ रुपए थी। सार्वजनिक ऋण प्रबंधन पर तिमाही रिपोर्ट (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के अनुसार, तिमाही आधार पर कुल देनदारी में 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया है, ''तिमाही के दौरान, घरेलू बॉन्ड पर प्रतिफल शुरू में बढ़ा लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, अक्टूबर और नवंबर के लिए उम्मीद से कम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और भारतीय सरकारी बॉन्ड (आईजीबी) के वैश्विक उभरते बाजार सूचकांक में शामिल होने की संभावना की खबर से इसमें नरमी आई।'' इसके अलावा, दीर्घकालिक निवेशकों की मांग को पूरा करने के लिए 50 साल की काफी लंबी अवधि वाली सरकारी प्रतिभूति पेश की गई। दूसरी ओर, तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी पर रिटर्न अस्थिर रहा। इसका कारण मुख्य रूप से अमेरिकी केंद्रीय बैंक फ़ेडरल रिजर्व के कदम, मुद्रास्फीति और रोजगार आंकड़े थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक वर्ष से कम समय में परिपक्व होने वाली प्रतिभूतियों (दिनांकित प्रतिभूतियों) का अनुपात दिसंबर, 2023 के अंत में 4.1 प्रतिशत (सितंबर 2023 के अंत में 4.6 प्रतिशत) रहा। दिसंबर, 2023 के अंत में एक से पांच साल के भीतर परिपक्व होने वाले प्रतिभूतियों का अनुपात 21.8 प्रतिशत था, जो सितंबर, 2023 के अंत के 23 प्रतिशत से कम है। अगले पांच साल में परिपक्व होने वाला बॉन्ड दिसंबर, 2023 के अंत में कुल बकाया ऋण का 25.9 प्रतिशत हो गया। यह औसतन बकाये का 5.2 प्रतिशत है। ऐसे में अगले पांच वर्षों में हर साल 5.2 प्रतिशत चुकाने की जरूरत होगी। मंत्रालय ने कहा कि रिपोर्ट तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण प्रबंधन और नकदी प्रबंधन संचालन का लेखा-जोखा प्रदान करती है और ऋण प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी देती है।

गुड फ्राइडे पर शेयर और मुद्रा बाजार आज बंद, सोमवार को होगा कारोबार

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार और मुद्रा बाजार में आज (शुक्रवार) कारोबार नहीं होगा। अब शेयर बाजार में आगामी वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दिन एक अप्रैल को कारोबार होगा। स्टॉक एक्सचेंज की छुट्टियों की लिस्ट के मुताबिक गुड फ्राइडे के अवसर पर अवकाश होने की वजह से शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) बंद रहेंगे। इसके अलावा आज धातु और सर्राफा समेत थोक जिंस बाजार भी बंद रहेंगे। दरअसल आज गुड फ्राइडे के कारण शेयर बाजार बंद है। 30 मार्च को शनिवार और 31 मार्च को रविवार का दिन होने की वजह से बाजार में कारोबार नहीं होगा। ऐसे में अब शेयर बाजार में कारोबार एक अप्रैल (सोमवार) से शुरू होगा। एक अप्रैल, 2024 से देश का नया वित्त वर्ष 2024-2025 भी शुरू हो जाएगा।

एलआईसी के कार्यालय भी 30 और 31 मार्च को रहेंगे खुले

मुंबई/नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बीम कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कार्यालय 30 और 31 मार्च को खुले रहेंगे। एलआईसी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की समाप्ति से पहले कर बचाने की प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा देने के लिए 30 और 31 मार्च को अपने कार्यालय खुले रखेगा। बीमा कंपनी एलआईसी का यह कदम बैंकों की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें उनकी शाखाएं शनिवार और रविवार को खुली रहने की जानकारी दी गई थी।

कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 87 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 1.59 डॉलर यानी 1.86 फीसदी के उछाल के साथ 87 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.82 डॉलर यानी 2.24 फीसदी की बढ़त के साथ 83.17 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

केंद्र ने एक अप्रैल से गेहूं स्टॉक की अनिवार्य घोषणा करने का आदेश दिया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक अप्रैल से गेहूं की स्टॉक स्थिति की अनिवार्य घोषणा का आदेश जारी किया है। सरकार ने यह कदम जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए उठाया है। सभी श्रेणियों की संस्थाओं की ओर से चावल के स्टॉक की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक आदेश में कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसरों को एक अप्रैल से प्रभावी सरकारी पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक की स्थिति घोषित करनी होगी। वर्तमान में गेहूं की स्टॉक सीमा जारी करने की तिथि 31 मार्च को समाप्त हो रही है। मंत्रालय के मुताबिक सरकार की ओर से जारी आदेश में आगे कहा गया है कि हर संस्था को पहले पोर्टल https://evegoils.nic.in पर पंजीकृत करना होगा। इसके उपरांत हर शुक्रवार को गेहूं और चावल के स्टॉक का खुलासा करना होगा। मंत्रालय के मुताबिक देश में खाद्य वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने और आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं और चावल की स्टॉक स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

पूर्वी चंपारण में हैवान पति ने पत्नी और 3 बेटियों की गला काटकर की हत्या

एजेंसी

पूर्वी चंपारण (बिहार) ।बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में हृदय विदारक घटना सामने आई है। जहां एक वहशी पति ने पत्नी समेत 3 बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। घटना पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बावरिया गांव की है। बताया जा रहा है कि बीती रात उसने सोते वक्त पत्नी और 3 बच्चों की गला काटकर हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपित इदु मियां घर छोड़ फरार है। मृतकों में इद्दु की पत्नी अफरीना खातून (40), अबरुन खातून(13), तबरुन खातून(11) व शहजादी खातून(9) शामिल हैं। चारो की बेरहमी से गला काट हत्या की गई है। घटना के कारणो का अब तक खुलासा नहीं हो सका है।

मृतका आरोपित की दूसरी पत्नी थी।पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। पहली पत्नी से दो पुत्र हैं जो बाहर काम करते हैं।जबकि दूसरी पत्नी मृतका अफरीना से पांच बच्चियां थी। इनमें एक की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार इद्दु साइको है। पांच बच्चियो में एक को पूर्व में यूपी में चलती ट्रेन से फेंक कर मार डाला था। इस मामले में वह जेल भी जा चुका है। कुछ माह पूर्व ही वह जेल से छुटने के बाद घर आया था। दुसरी पत्नी मृतका अफरीना का मायका पश्चिम चंपारण जिले के जगदीशपुर का झखरा गांव में है। घटना के बाद अरेराज डीएसपी रंजन कुमार व कई थाना की पुलिस एफएसएल टीम व श्वान दस्ता के साथ मामले की छानबीन में जुटी हैं। ग्रामीणो के अनुसार गुरुवार की देर रात किसी बात को लेकर इद्दु और उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद उसने सोते वक्त पत्नी और तीन बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी और फिर मौके से फरार हो गया। एक साथ चार लोगों की हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैला हुआ है। पुलिस ने चारो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि मामले की जांच के साथ ही आरोपी पति की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

तमिलनाडु: टेक्सटाइल सिटी कोयंबटूर में त्रिकोणीय मुकाबला डीएमके व एडीएमके के खिलाफ अन्नामलाई मजबूत

एजेंसी

चेन्नई (तमिलनाडु)। कोयंबटूर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय लड़ाई की संभावना है। द्रविड़ पार्टियों के मजबूत उम्मीदवार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई के खिलाफ मैदान में है। पिछले कुछेक माह में अन्नामलाई ने कई दूसरे दलों के नेताओं को भाजपा में जोड़ने का जो कौशल दिखाया है, उससे कोयंबटूर लोकसभा सीट पर वे अपने विरोधियों को कड़ी टक्कर देंगे, इसमें किसी को संदेह नहीं है। अन्नाद्रमुक को अपने गढ़ में अपनी ताकत साबित करनी है, जबकि द्रमुक को 2019 में अरवाकुरिची विधानसभा सीट पर हारने के बाद अन्नामलाई को राज्य में पैर जमाने से रोकना है। द्रमुक ने अपने सबसे मजबूत प्रत्याशी गणपति को मैदान में उतारा है। द्रमुक प्रत्याशी गणपति काफी पढ़े- लिखे हैं और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाले राज्य के कुछ उम्मीदवारों में से एक हैं। दावा किया जाता है कि उन्हें लोगों का काफी समर्थन है। दूसरी तरफ अन्नाद्रमुक ने अपने दमदार नेता सिंगाई रामचंद्रन को मैदान में उतारा है। सिंगाई के खिलाफ अन्नामलाई को अपनी ताकत दिखानी होगी जो उनके लिए भी बहुत बड़ी चुनौती है। द्रमुक और अन्नाद्रमुक के प्रत्याशियों ने भाजपा के अन्नामलाई के खिलाफ चुनावी मोर्चा खोल दिया है। इस त्रिकोणीय चुनाव में किसका पलड़ा भारी होगा, यह देखना रोचक होगा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कोयंबटूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सभी विधानसभा सीटें-कोयंबटूर दक्षिण, कोयंबटूर उत्तर, कवुंडमपलयम, सिंगनल्लूर, और कोयंबटूर में सुलूर और तिरुपुर में पल्लदम-अन्नाद्रमुक की झोली में हैं। अगर हम कोयंबटूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का पुनरावलोकन करें तो वर्ष 2019 के संसदीय चुनाव अपवाद के रूप में साबित हुए, जिसमें डीएमके के सहयोगी सीपीएम के पीआर नटराजन ने 1.79 लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। जबकि भाजपा के सीपी राधाकृष्णन ने अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन में 3,91,505 वोटों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कहा जा रहा है कि प्रतिष्ठा की इस लड़ाई में एआईएडीएमके अपनी जीत की लय फिर से हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उनका मानना है कि पूर्व विधायक 'सिंगाई' गोविंदराजू के बेटे सिंगाई जी रामचंद्रन अवश्य चुनाव जीतेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की मृत्यु के बाद ओ पन्नीरसेल्वम के प्रति समर्थन जताने के बाद उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। हालांकि, बाद में जब ईपीएस ने पार्टी का नियंत्रण अपने हाथ में लिया तो उन्हें बहाल कर दिया गया। वह पार्टी की आईटी शाखा के प्रमुख हैं और पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। कोयंबटूर के एक जनप्रतिनिधि के अनुसार, कोयंबटूर को बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर लंबे समय से उपेक्षित किया गया है। बेहतर हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करना, रेलवे स्टेशनों में सुधार करना, बंद ट्रेनों को बहाल करना और नई सेवाएं शुरू करना, बाईपास सड़कों को बढ़ावा देना प्राथमिकता का विषय है। कोंगु ग्लोबल फोरम के निदेशक जे सतीश ने कहा, खासतौर पर उन्होंने कोयंबटूर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के विस्तार कार्यों की धीमी गति का हवाला दिया। अब देखना है कि इस त्रिकोणीय संघर्ष में किसका पलड़ा भारी होता है।

लोकसभा चुनाव: बिहार में महागठबंधन का ऐलान, राजद को 26 और कांग्रेस को नौ सीटें

एजेंसी

पटना। बिहार में महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। राजद सुप्रीमो लालू यादव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बस्ती में शुक्रवार को सीटों के बंटवारे की घोषणा की। इसके मुताबिक राजद 26, कांग्रेस 09, सीपीआईएमएल 03, सीपीआई एक और सीपीआई (एम) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय जनता दल के खाते में जो सीटें आई है, उनमें अररिया, बांका,बक्सर, गया, गोपालगंज, हाजीपुर, जहानाबाद, जमुई, झंझारपुर, मधेपुरा, महाराजगंज, नवादा, पाटलिपुत्र, उजियारपुर, सारण, पूर्णिया, शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, सिवान, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, मुंगेर, वाल्मीकिनगर और औरंगाबाद लोकसभा

सीट है। कांग्रेस जिन नौ सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी उनमें कटिहार, किशनगंज, पटना साहिब, सासाराम, भागलपुर, बेतिया, मुजफ्फरपुर, सुपौल और समस्तीपुर लोकसभा सीट हैं। सीपीआईएमएल जिन तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी उनमें काराकाट, आरा, नालंदा संसदीय सीट है जबकि सीपीआई बेगूसराय और सीपीआई (एम) खगड़िया से चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर जारी डेट के हिसाब से बात करें तो पहले चरण के चुनाव में सिर्फ राजद के कैंडिडेट होंगे और इन्होंने नामांकन भी करवा लिया है। पहले चरण की सभी सीटें यानी औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई (एससी) राजद के खाते में गई हैं। दूसरे फ़ेज में राजद के सिर्फ दो कैंडिडेट होंगे। बाकी तीन कैंडिडेट कांग्रेस के होंगे। इस चरण में किशनगंज, कटिहार और भागलपुर कांग्रेस जबकि पूर्णिया और बांका संसदीय सीट राजद के खाते में गई हैं। इसी तरह तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया और मधेपुरा लोकसभा सीट पर राजद जबकि खगड़िया सीट पर सीपीएम के कैंडिडेट मैदान में होंगे। चौथे चरण में मुंगेर, उजियारपुर और दरभंगा सीट पर राजद, समस्तीपुर (एससी) सीट पर कांग्रेस, बेगूसराय सीट पर सीपीआई के प्रत्याशी मैदान में होंगे। इसके बाद पांचवें चरण में सीतामढ़ी, मधुबनी, सारण और हाजीपुर (एससी) सीट पर राजद जबकि मुजफ्फरपुर सीट पर कांग्रेस के कैंडिडेट होंगे। छठे चरण के वाल्मीकि नगर, शिवहर, पूर्वी चंपारण, वैशाली, गोपालगंज (एससी), सीवान सीट पर राजद जबकि पश्चिम चंपारण और महाराजगंज सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान में होंगे। सातवें और अंतिम चरण में नालंदा, आरा और काराकट सीट पर सीपीआई माले, पटना साहिब और सासाराम (एससी) सीट पर कांग्रेस, पाटिलपुत्र, बक्सर और जहानाबाद सीट पर राजद के कैंडिडेट मैदान में होंगे।

ईडी ने खिचड़ी घोटाला में शिवसेना यूबीटी नेता अमोल कीर्तिकर को दूसरा समन जारी किया

एजेंसी

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'खिचड़ी' घोटाले में शिवसेना (यूबीटी) के नेता अमोल कीर्तिकर को दूसरा समन जारी करके 8 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया है। उन्हें लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किया गया है। इससे पहले इसी मामले में कीर्तिकर को ईडी ने बुधवार को समन जारी किया था लेकिन वे ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। यह घोटाला कोरोना महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों को 'खिचड़ी' वितरित करने के ठेके देने में अनियमितता से संबंधित है। सितंबर, 2023 में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 6.37 करोड़ रुपये के इसी घोटाले को लेकर संजय राउत के करीबी

सुजीत पाटकर और कई अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। अन्य आरोपितों में सुनील उर्फ बाला कदम, सहयाद्री रिफ्रेशमेंट के राजीव सालुंखे, फोर्स वन मल्टी सर्विस के साझेदार और कर्मचारी, स्नेहा कैटरर्स के साझेदार, तत्कालीन सहायक नगर आयुक्त (योजना) और अज्ञात बीएमसी अधिकारी हैं। इस मामले में जांच के दौरान कीर्तिकर का नाम सामने आने पर ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने छह घंटे तक पूछताछ की थी। इसके बाद ईडी ने अक्टूबर, 2023 में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया और शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के करीबी सूरज चव्हाण को गिरफ्तार किया। ईडी के आरोप पत्र के अनुसार चव्हाण ने बीएमसी के मानदंडों को दरकिनार करते हुए मेसर्स फोर्स वन मल्टी सर्विसेज को ठेका दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जिसके बदले उन्हें धनराशि प्राप्त हुई। इस घोटाले में बीएमसी को धोखा देकर और कम मात्रा के खिचड़ी पैकेट की आपूर्ति करके 1.35 करोड़ रुपये अर्जित किए गए। ईडी ने चव्हाण की 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्तियों को भी अस्थायी रूप से जब्त कर लिया, जिसमें मुंबई में एक आवासीय फ्लैट और राज्य के रत्नागिरी में कृषि भूमि शामिल है।

आईटी नोटिस पर भाजपा का कांग्रेस पर निशाना, कहा- देश के कानून से कोई भी ऊपर नहीं

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई भी देश के संविधान और कानून से ऊपर नहीं है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सोचती है कि वह देश के संविधान और कानून से ऊपर है। वह टैक्स डिफॉल्टर बन सकती है, झूठ बोल सकती है और फिर विक्टिम कार्ड खेल सकती है। इसके बावजूद देश के कानून से कोई भी ऊपर नहीं है। कांग्रेस को आईटी नोटिस पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आम लोगों को टैक्स देना पड़ता है लेकिन कांग्रेस खुद को विशेष वीवीआईपी श्रेणी में रखती है। जब उनकी 'चोरी' पकड़ी गई तो वे टैक्स नहीं देना चाहते थे। सवाल यह है कि जब उन्हें 2021 मे नोटिस मिला तो उन्होंने उसे चुनौती देने में देरी क्यों की। अब आप जब चुनौती दी गई तो आपको कोई राहत नहीं मिली। पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा का विरोध करते-करते अब देश की संस्थाओं पर भी हमला करना शुरू कर दिया है। यह कांग्रेस की हताशा के स्तर को दर्शाता है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के परिसर में 350 करोड़ रुपये पाए गए। उनके 50 सांसदों के पास सामूहिक रूप से बहुत सारा पैसा होगा। यह पैसे की कमी नहीं है, कांग्रेस पार्टी में उम्मीदवारों और इरादों की कमी है।

हिप्र छात्रवृत्ति घोटाला : सीबीआई ने 105 व्यक्तियों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किए

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश छात्रवृत्ति घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच पूरी हो गई है। इसी क्रम में सीबीआई ने शुक्रवार को 20 संस्थानों एवं उनके मालिकों तथा हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग व बैंक के अधिकारियों सहित 105 व्यक्तियों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर कर दिया। सीबीआई के मुताबिक जांच के दौरान 19 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें उच्च शिक्षा निदेशालय, शिमला के कर्मचारियों, शैक्षणिक संस्थानों के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन व निदेशकों व कर्मचारियों एवं बैंक कर्मी थे। सीबीआई ने वर्ष 2013 से 2017 के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार के अनुरोध पर छात्रवृत्ति घोटाला मामले में वर्ष 2019 में केस दर्ज किया था। इसके पश्चात स्थानीय उच्च न्यायालय ने भी तत्काल मामले की जांच की निगरानी की एवं तदनुसार समय-समय पर स्थिति संबंधी रिपोर्ट दायर की गई। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा एससी, एसटी, ओबीसी श्रेणियों के छात्रों की मदद के लिए 'छात्रवृत्ति, फीस प्रतिपूर्ति योजना' शुरू की गई थी। इसे राज्य सरकार के माध्यम से कार्यान्वित होना था, जिसका तथाकथित दुरुपयोग हुआ है।

पेज एक का शेष

सपा-बसपा...

अबतक 18 लाख पीएम स्वनिधि योजना में ऋण की स्वीकृति हुई है।

सपा, बसपा....

मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है। केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेगी।

भारत...

सवाल उठाया कि भ्रष्टाचारियों से इसलिए नहीं निपटा जाना चाहिए क्योंकि यह त्योहारी सीजन है या यह खेती का मौसम है। उपराष्ट्रपति ने सवाल किया कि जो लोग दोषी हैं उन्हें बचाने का कोई मौसम कैसे हो सकता है। उन्होंने कानून के शासन का रास्ता अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि यही एकमात्र रास्ता है।

राजूपाल...

राजू पाल की प्रयागराज के धूमनगंज में ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि विधानसभा चुनाव में माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ को हराने के कारण राजूपाल की हत्या की गई थी। इस हत्याकांड में माफिया अतीक और उसका भाई अशरफ भी दोषी थे, लेकिन कुछ युवाओं ने प्रयागराज में उनकी हत्या कर दी थी।थ

राष्ट्रीय...

तैयार बल में परिवर्तित होने पर प्रकाश डाला। एडमिरल कुमार ने समुद्री डकैती के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशनों सहित भारतीय नौसेना द्वारा हाल ही में चलाए गए कुछ अभियानों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भारत के व्यापार और अन्य समुद्री हितों की रक्षा में नौसेना द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने राष्ट्रीय सैन्य उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र बलों के भीतर एकजुटता और एकीकरण के महत्व पर भी बल दिया।

कांग्रेस ...

मीडिया सारे तरीके के सवाल पूछने के लिए स्वतंत्र है। अभिव्यक्ति की आजादी हमारे सोच और कार्यशैली में समाहित है। हम सदैव इसके लिए लड़े हैं और खड़े हैं।

विपक्षी नेताओं पर जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज से 10 वर्ष पहले देश के आम लोग पूछते थे कि इन भ्रष्टाचारियों को कब सजा मिलेगी। आज जब भ्रष्टाचार के आरोपितों पर जांच एजेंसियां कार्रवाई करती हैं तो आप कहते हैं चुनाव के समय कार्रवाई हो रही है। आज से 10 महीने पहले जब मनीष सिसोदिया को जेल में डाला गया तब कौन से चुनाव थे? संजय सिंह को जब जेल में डाला गया तब कौन से चुनाव थे? सत्येंद्र जैन इतने दिनों से जेल में हैं, उन्हें जमानत नहीं मिल रही। उस समय कौन से चुनाव थे? सच्चाई यह है कि यह लोग भ्रष्टाचारी हैं और जांच एजेंसियां इनके खिलाफ स्वतंत्रता से कार्रवाई कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब हम वन नेशन, वन इलेक्शन की बात करते हैं तो विपक्ष उसे भी नामंजूर कर देता है। इसी प्रकार हम वन नेशन, वन टैक्स लाए तो यह कहते हैं इन्हें मंजूर नहीं। आज जीएसटी के कारण आम नागरिक को दामों में 5 से 7 प्रतिशत की कमी आई है। आज ट्रांसपोर्टेशन का टाइम कम हुआ है। फास्ट टैग के कारण टोल नाकों पर मात्र 43 सेकंड से कम का समय लगता है। पहले 743 सेकंड से ज्यादा लगते थे। जीएसटी से पहले टैक्स कलेक्शन 90 से 92 हजार करोड़ रुपये होता था। आज औसतन 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये के ऊपर जीएसटी कलेक्शन होता है। इससे देश का खजाना भरा है। और देश का खजाना भरने से गरीबों और वंचितों को लाभ मिला है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि 2014 में भारत एक लड़खड़ाती और चरमराती अर्थव्यवस्था में गिना जाता था। आज हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और अगले तीन वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। 2014 में समाचार मिलता था कि भारत की अर्थव्यवस्था गिर रही है। आज भारत विश्व में सबसे तेजी से प्रगति करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है। आज भारत को ब्राइट स्पॉट के रूप में देखा जाता है।

जम्मू-श्रीनगर...

किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने उस दुखद सड़क दुर्घटना के बारे में जानने के बाद डीसी रामबन बसीर-उल-हक से बात की, जिसमें बैटरी चश्मा के पास जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक यात्री टैक्सी गहरी खाई में गिर गई और जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। डॉ. सिंह ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मैं लगातार संपर्क में हूं। उन्होंने कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति मैं हार्दिक संवेदनाएँ व्यक्त करता हूं।

मुख्तार ...

मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी जेल पहुंचे। करीब 40 मिनट तक जेल में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रही। इसके बाद एंबुलेंस से उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां देर रात हार्ट अटैक से मुख्तार की मौत हो गई।

अब सवाल उठता है कि जब 26 मार्च को सवेरे मुख्तार अंसारी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज लाया गया था। तब केवल 14 घंटे में कैसे इतना स्वस्थ हो गया कि उसे फिर से जेल में शिफ्ट करना उचित समझा गया। स्वास्थ्य विभाग के कुछ विशेषज्ञ बताते हैं कि अगर बीमारी गंभीर थी तो उसे इलाज के लिए एक-दो दिन मेडिकल कॉलेज में ही भर्ती करके इलाज करना चाहिए था। लेकिन इसमें लापरवाही बरती गई। जिससे जेल में पहुंचकर मुख्तार अंसारी की हालत बिगड़ी और फिर उसकी मौत हो गई।

इतना ही नहीं, मुख्तार अंसारी के भाई सांसद अफजाल अंसारी जब 26 मार्च को उन्हें देखने मेडिकल कॉलेज आए थे तो उन्होंने मांग की थी कि अगर मुख्तार का समुचित इलाज यहां नहीं हो पा रहा तो उन्हें रेफर कर दिया जाए। हम अपने खर्च पर उनका इलाज करायेंगे। इस पर ध्यान नहीं दिया गया। इस तरह देखा जाए तो इसमें मेडिकल कॉलेज की लापरवाही साफ नजर आती है।

वहीं, इस मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने जेल अधीक्षक से मुख्तार अंसारी की तबीयत बिगड़ने की रिपोर्ट 27 मार्च को मांगी थी, जिसमें 29 मार्च तक रिपोर्ट देने की बात कही गई थी। अब सीजेएम ने मुख्तार की मौत की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए एमपी एमएलए कोर्ट की मजिस्ट्रेट गरिमा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इस टीम को एक माह के अंदर जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है।

बांदा ...

को जारी एक बयान में कहा कि जुमे की नमाज और कल बांदा जेल में घटना को देखते हुए उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित किया था। कई जिलों में किसी अशांति की आशंका के कारण अतिरिक्त पुलिस बल भेजते हुए सभी क्षेत्रों में शांति बनाए रखने का निर्देश दिये गए थे। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक पूरे राज्य में शांति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों में अपराह्न तीन बजे तक नमाज चल रही थी। इसलिए पुलिस उन सभी जगहों पर सतर्कता बरत रही है। अभी तक कहीं कोई समस्या नहीं है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम करने के लिए हर सम्भव प्रयास किया गया है।

मुख्तार....

उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। ऐसे में उनके परिवार का दुःखी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे।

भाजपा...

बूथ के हर परिवार तक पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि डीएमके जैसे राजनीतिक दल मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से डरते हैं और इसलिए वे इन योजनाओं का लाभ लोगों तक नहीं पहुंचने देते हैं। इसके अलावा वे मोदी सरकार की सभी योजनाओं पर अपनी योजनाओं के स्टीकर भी चिपकाते हैं, इसलिए भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य बनता है कि वे जनता को योजनाओं और उनके लाभों के बारे में जागरूक करें। इससे तमिलनाडु के लोगों में विश्वास पैदा होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं से जुड़ा कार्यक्रम उन्हें आनंद से भर देता है। उन्होंने स्वयं एक कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तमिलनाडु टीम के सभी सदस्य लंबे समय से शानदार काम कर रहे हैं। 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' का ये प्रोग्राम एक-दूसरे से कनेक्ट करने का और एक-दूसरे से सीखने का कार्यक्रम है।

भारत ...

कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है। उल्लेखनीय है कि स्वामी स्मरणानंद का मंगलवार रात 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया।प्रधानमंत्री ने इस महीने की शुरुआत में अपनी कोलकाता यात्रा को भी याद किया, जहां उन्होंने स्वामी स्मरणानंद से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने लिखा कि स्वामी आत्मास्थानंद की तरह ही स्वामी स्मरणानंद ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुईं बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं।

प्रधानमंत्री ने लिखा कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ उनका आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने लिखा कि स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थं जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है।

उन्होंने लिखा कि भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद और स्वामी स्मरणानंद जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है, जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है। इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने की दीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड में यही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे।

राष्ट्रपति,...

होने का समाचार बहुत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में सुनकर दुख हुआ। शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के रामबन में हुए हादसे पर दुख जताया है। वह शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। इसमें आगे कहा है कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार तड़के एक एसयूवी कार जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे दस लोगों की मौत हो गई। ये लोग श्रीनगर से जम्मू की ओर जा रहे थे।

रक्षा...

खोज और बचाव कार्य और निगरानी गतिविधियों को चलाना शामिल है। आईसीजी क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पश्चिम) 16 दिसंबर, 2009 को गांधीनगर में स्थापित किया गया था। यह गुजरात, दमन और दीव के समुद्री क्षेत्रों में आईसीजी के अनिवार्य चार्टर को निष्पादित करता है।

आईसीजी बर्थिंग और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है, जो उन्नत सतह और हवाई प्लेटफार्मों के संचालन के लिए सुविधाओं से लैस करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वाडिनार में हाल ही में उद्घाटन की गई जेट्टी के अलावा आईसीजी ओखा में 200 मीटर जेटी के साथ पोरबंदर में 100 मीटर जेटी विस्तार और मुंद्रा में 125 मीटर जेटी का निर्माण भी कर रहा है। कार्यक्रम में भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल तटरक्षक क्षेत्र (एनडब्ल्यू) के महानिरीक्षक कमांडर एके हरबोला के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी उपस्थित थे।

खत्म हुआ मोजाम्बिक और तंजानिया की नौसेनाओं के साथ भारत का अभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- तीनों नौसेनाओं को क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मौके मिले
- जहाजों ने तंजानिया और मोजाम्बिक से ईईजेड की संयुक्त निगरानी भी की

नई दिल्ली। मोजाम्बिक और तंजानिया की नौसेनाओं के साथ भारत का समुद्री अभ्यास 'आईएमटी ट्रिलैट' खत्म हो गया है। नाकाला, मोजाम्बिक में एक सप्ताह तक चले इस अभ्यास ने तीनों देशों के बीच समुद्री सहयोग और अंतरसंचालनीयता को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। भारतीय युद्धपोत आईएनएस तीर और सुजाता ने संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण सत्रों और सहयोगात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। अभ्यास के दौरान तीनों नौसेनाओं को क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मौके मिले। मोजाम्बिक के नाकाला बंदरगाह पर सप्ताह भर चलने वाला यह अभ्यास भारत, मोजाम्बिक और तंजानिया की नौसेनाओं के बीच 21 मार्च को शुरू हुआ था। 'आईएमटी ट्रिलैट' अभ्यास का बंदरगाह चरण 21 से 24 मार्च तक चला, जिसमें जांजीबार में आईएनएस तीर पर और आईएनएस सुजाता पर मापुटो में गहन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इन गतिविधियों में विजिट, बोर्ड, खोज और जब्ती, क्षति नियंत्रण और अग्निशमन अभ्यास, संचार प्रक्रियाओं और सीपीआर प्रदर्शन और हताहत निकासी के साथ चिकित्सा व्याख्यान पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शामिल थे। इसके बाद समुद्री चरण 24 मार्च को शुरू हुआ, जिसमें आईएनएस तीर और आईएनएस सुजाता ने क्रमशः तंजानिया और मोजाम्बिक नौसेनाओं से समुद्री सवारों को शामिल किया। मोजाम्बिक नौसेना के जहाज नामातिली और तंजानिया के नौसैनिक जहाज फतुंडु के साथ क्षेत्रीय नौसेनाओं के साथ महत्वपूर्ण तालमेल और निरंतर प्रयासों का प्रदर्शन किया। समुद्री चरण में रात्रि युद्धाभ्यास भी शामिल थे। समुद्री सवारों को पुल की निगरानी, क्षति नियंत्रण और अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया गया। जहाजों ने ऑपरेशन के क्षेत्र में तंजानिया और मोजाम्बिक से ईईजेड की संयुक्त निगरानी भी की। भारतीय युद्धपोतों पर हुए समापन समारोह में तीनों नौसेनाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। समारोह में सफल सहयोग, समुद्री क्षमताओं की समझ और अभ्यास के दौरान प्राप्त साझा उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता की दिशा में निरंतर सहयोग पर जोर दिया गया। जांजीबार में मिजिजिनी अनाथालय केंद्र और मापुटो में ओबरा डोम ओरियो रिसेप्शन सेंटर में दोस्ती के बंधन को बढ़ावा देने के लिए आउटरीच गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

अनिल बलूनी के समर्थन में सीएम धामी ने निकाला रोड शो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को थराली (चमोली) में पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी के समर्थन में रोड शो निकाला। रोड शो में फूल-माला और भाजपा झंडा से सजे वाहन पर सवार मुख्यमंत्री ने लोगों से समर्थन मांगा। वहीं कार्यकर्ता भाजपा का झंडा लहराते गगनभेदी नारे लगाते चल रहे थे। थराली में आयोजित जनसभा स्थल पर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ जमकर नारे भी लगाए। जय श्रीराम और भारत माता की जयघोष से पूरा जनसभा स्थल गूंज उठा। अबकी बार 400 पार... नारा भी लगाए।

उत्तराखंड में मतदान के दिन 19 अप्रैल को घोषित किया गया सवेतन अवकाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। ऐसे में उत्तराखंड में मतदान के दिन 19 अप्रैल को सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। इससे अधिक से अधिक मतदान करने का अवसर मिलेगा और श्रमिक भी लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाएंगे। प्रत्येक व्यक्ति चुनाव में मतदान का हकदार है। अवकाश मंजूर किए जाने के कारण ऐसे किसी व्यक्ति की मजदूरी में कोई कटौती नहीं होगी। लोकसभा चुनाव में कोई भी वर्ग किसी भी कारण से मतदान से वंचित न हो, इसके लिए भी व्यवस्था बनाई गई है। प्राइवेट, ठेका मजदूरी सहित अन्य स्थानों पर काम करने वाले श्रमिकों को मतदान वाले दिन बिना वेतन कटौती के एक दिन की छुट्टी देनी होगी। उत्तराखंड के सभी निजी क्षेत्र के उपक्रम, संस्था, कारोबारी, व्यवसाय औद्योगिक उपक्रम, ठेका मजदूर सहित स्थापन में काम करने वालों को सवेतन छुट्टी मिलेगी। उत्तराखंड शासन की सचिव आर मिनाक्षी सुंदरम ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मंडलायुक्त समेत सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर मतदान वाले दिन 19 अप्रैल को सवेतन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सभी उद्योगों में संगठन को निर्देश भी दिए हैं कि वह मतदान के लिए सभी कर्मचारियों को संवैधानिक अवकाश दें, जिससे ज्यादा से ज्यादा संख्या में मजदूर बाहर निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। ठेका मजदूरी और निजी संस्थाओं में काम करने वाले बहुत से मतदाता वेतन कटने के डर से चुनाव में मतदान करने से वंचित रह जाते हैं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ उन्हें भी मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने आदेश जारी किया है कि चुनाव दौरान शत-प्रतिशत मतदान के लिए यह कवायद की जा रही है।

भाजपा सरकार में पिछड़े एवं कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया जा रहा : मंत्री गणेश जोशी

- सामाजिक समरसता सम्मेलन में कई लोगो ने ली भाजपा की सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने हाशिए पर रहने वाले समुदाय को अब मुख्यधारा समाज में शामिल कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' दृष्टिकोण ने प्रत्येक देशवासी विशेष रूप से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया है। शुक्रवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के नीलकंठ विहार, पथरियापीर में मंत्री गणेश जोशी ने सामाजिक समरसता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बातें कही। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के अटूट प्रयासों की बदौलत हाशिए के समुदाय अब मुख्यधारा के समाज में शामिल हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हर योजना का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े वंचित व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर हो रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर टिहरी गढ़वाल लोकसभा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार सदैव अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास के लिए संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए खाद्यान्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना समेत अनेक योजनाओं के माध्यम से दलित और पिछड़े वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन और मतदान करने की अपील की। भाजपा की सदस्यता लेने वालों में राजकुमार, मोहन चमन लाल, जगदीश भगत विशाल अग्रवाल, प्राची, शिवेन बहनवाल, शिवानी मुल्तानी, धर्मपाल, विपिन, सोमपाल, राकेश, मधुचौहान, सुमित कुनाल,अशोक कुमार, सुभाष शर्मा, विपिन कुमार, संजय, महावीर तेजपाल, सोनी, सतपाल, किशोरी लाल, हर चरन, विनोद कुमार, बबलू, श्रवण कुमार, सोहन लाल, पप्पू, राजू शामिल रहे।

पुलिस की गिरफ्त में आए 3 नशा तस्कर, स्मैक व चरस बरामद

हरिद्वार। कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से स्मैक व अवैध शराब के साथ 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपित युवकों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कोतवाली ज्वालापुर प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार के निर्देश पर गठित टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर 15 पेटी देशी शराब के साथ शकीम उर्फ छोटा पुत्र सलीम खान निवासी मोहल्ला अहवावनगर को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपित का आबकारी एक्ट में चालान कर दिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने ज्वालापुर के अलग-अलग स्थानों से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक के पास से 8.03 ग्राम स्मैक व दूसरे से 105 ग्राम चरस बरामद की गई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपित युवकों के नाम इकबाल पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला पावधोई ज्वालापुर व महताब पुत्र अख्तर निवासी दीक्षा राइजिंग स्कूल के पास ईदगाह रोड पावधोई, ज्वालापुर बताए गए। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, ईडी ने 2 अप्रैल को पूछताछ के लिए किया तलब

देहरादून। कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत और उनकी पुत्रवधु अनुकृति गुसाईं की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने दोनों को पूछताछ के लिए तलब किया है। ईडी ने हरक सिंह को दो अप्रैल को, जबकि अनुकृति गुसाईं को तीन अप्रैल को ईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए तलब किया है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के तहत पाखरो टाइगर सफारी निर्माण में अवैध लेन-देन का आरोप है। वहीं, ईडी द्वारा पूछताछ के लिए तलब किए जाने पर कांग्रेस का कहना है कि हरक सिंह रावत सहित विपक्षी नेताओं को भाजपा सरकार की ओर से परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी ने हरक सिंह रावत को ईडी दफ्तर तलब किए जाने पर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

- भारी मात्रा में नकदी ले जाना पड़ा भारी

पुलिस एवं एफएसटी टीम ने रुपये किए जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। यदि आप कैश ले जा रहे हैं और आपके पास नकदी संबंधी कोई प्रमाण नहीं है तो सावधान रहें। एफएसटी और एसएसटी की टीम की नजर आप पर हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के चलते जनपद में आचार संहिता लागू है। बिना अनुमति व वैध दस्तावेज के आपको कैश ले जाना भारी पड़ सकता है। प्रशासन ने आगामी लोकसभा चुनाव में धन-बल का इस्तेमाल रोकने के लिए जनपद में कई जगह चेक पोस्ट बनाएं हैं, जिन पर एसएसटी व एफएसटी टीम को तैनात किया गया है। हर वाहन की चेकिंग की जा रही है। इसी के अंतर्गत लक्सर व खानपुर पुलिस ने अलग-अलग चेक पोस्ट से 6 व्यक्तियों से कुल 614700 रुपये बरामद किए हैं। लक्सर एफएसटी डी-2 34 लक्सर टीम के प्रभारी डॉ. अभय ढौंडियाल व सहायक उपनिरीक्षक रंजीत नौटियाल की टीम ने भिक्कमपुर फतवा के मध्य गोगामडी पुलिया के पास वाहन संख्या यूके 17 एस 9216 बोलेरो में सवार एक व्यक्ति मिथुन पुत्र शीशपाल निवासी ग्राम रामपुर रायघटी, कोतवाली लक्सर हरिद्वार के पास से 157500 रुपये नकद बरामद किए है। इसके अतिरिक्त थाना लक्सर के चौकी इंचार्ज भिक्कमपुर ने बाकरपुर चौराहा से एक मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति फुरकान अली पुत्र बल्ले हसन निवासी रंजीतपुर कोतवाली लक्सर हरिद्वार के पास से 70 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। दूसरी ओर थाना खानपुर की एफएसटी टीम ने एफएसटी टीम के प्रभारी डॉक्टर केपी तोमर के नेतृत्व में बालावाली चेक पोस्ट से गाड़ी में सवार चार व्यक्तियों के पास से तीन लाख छियासी हजार सात सौ रुपये बरामद किए। प्रभारी तोमर ने बताया कि चारों व्यक्ति कार में सवार होकर यूपी जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पूछताछ में चारों ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के संभल जिले में किसी मेडिकल कंपनी में काम करते हैं। जब टीम द्वारा पैसे के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि यह हमारी सैलरी के पैसे हैं, लेकिन जब युवकों से सैलरी संबंधी दस्तावेज मांगें तो टीम को कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाए और ना ही संतोषजनक जवाब दे पाएं। टीम ने नकदी के सम्बन्ध में संतोषजनक जवाब न देने पर रुपयों को जब्त कर लिया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने त्रिवेंद्र सिंह रावत के समर्थन में किया जनसंपर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। भाजपा के ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार के नेतृत्व में हरिद्वार से भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कोयल घाटी से लेकर पुरानी चुंगी तक के सभी क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि संपूर्ण ऋषिकेश क्षेत्र में घर-घर तक त्रिवेंद्र सिंह रावत के समर्थन में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को लेकर जन संपर्क चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि एकजुट होकर जनता तक सरकार की नीतियों को ले जाकर भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाएंगे।

पंजाब सिंध क्षेत्र ट्रस्ट से किराया संबंधी विवाद को हल करने के लिए सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल संघर्ष समिति ने पंजाब सिंध क्षेत्र ट्रस्ट और व्यापारियों की बीच चल रहे किराया संबंधी विवाद को लेकर पंजाब सिंध क्षेत्र ट्रस्ट को एक ज्ञापन दिया है। शुक्रवार को संस्था के प्रबंधक को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले 3 महीने से जिस तरह से किराया संबंधी विवाद को लंबित किया जा रहा है, अब यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगले तीन से चार दिन के अंदर इस संबंध में बैठक सुनिश्चित करें और व्यापारी हितों का ध्यान रखते हुए शीघ्र उचित निर्णय लें, अन्यथा व्यापारी समाज अपने इस आक्रोश को बहुत ज्यादा दिन तक रोक नहीं पाएगा। इसके परिणामस्वरूप लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से ट्रस्ट के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, जिला महामंत्री दीपक कुमार तायल, नगर अध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा, वरिष्ठ व्यापारी नेता राजकुमार अग्रवाल, संजय शास्त्री, राकेश अग्रवाल, अंशुल अरोड़ा, भारत भूषण कुंदनानी, जितेंद्र आनंद, विवेक गोस्वामी, सुनील कुमार शामिल रहे।

इंडी गठबंधन के प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय की ओर जाने वाली सड़कों पर पुलिस ने बैरिकेड लगाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आज (शुक्रवार) होने वाले विपक्षी इंडी गठबंधन के प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय की ओर जाने वाली सड़कों पर पुलिस ने बैरिकेड लगा दिए हैं। सभी जगह बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा अर्धसैन्य बल के जवानों को भी मध्य दिल्ली में कई स्थानों पर तैनात किया गया है। इनमें दीनदयाल उपाध्याय मार्ग और आईटीओ क्षेत्र के आसपास के इलाके भी शामिल हैं। केजरीवाल फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। केजरीवाल को जांच एजेंसी ने 21 मार्च को दिल्ली सरकार की कथित आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया है। आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को घोषणा की थी कि इंडी गठबंधन कार्यकर्ता केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनावी बॉण्ड के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली पुलिस ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत दीनदयाल उपाध्याय मार्ग और उसके आसपास के इलाकों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों को इस मार्ग पर जाने से रोका जाएगा। पुलिस ने कहा कि फिलहाल आईटीओ और मिंटो रोड से भाजपा मुख्यालय की ओर जाने वाली सड़क खुली है। जरूरत पड़ने पर इसे बंद कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राजधानी में केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद एक हफ्ते से आम आदमी पार्टी प्रदर्शन कर रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम और समाजवादी पार्टी समेत कुछ विपक्षी दलों ने इंडी गठबंधन बनाया है। गठबंधन ने 31 मार्च को रामलीला मैदान में बड़ी रैली की भी घोषणा की है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063